www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



बिलासपुर, गुरुवार, 5 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक – 157 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु

आखिर मणिपुर की सुध क्यों नहीं ले रही है मोदी सरकार : कांग्रेस — पृष्ठ 3
■ कमजोर होती याददाश्त के खतरे
■ लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है चुनावी बांड पर निर्णय में देरी — पृष्ठ 4
■ इमरान, कुरैशी की बंद कमरे में हुई सुनवाई
■ वेनिस ओवरपास से गिरी बस, 21 लोगों की मौत — पृष्ठ 9
मुक्केबाजी में लवलीना को रजत, प्रवीण को कांस्य मिला — पृष्ठ 10

# इस बार साढ़े 18 लाख से अधिक नए मतदाता करेंगे वोट

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर बुधवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने अंतिम मतदाता सूची जारी करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में 18 लाख 68 हजार 636 मतदाता पहली बार मतदान करेंगे।

निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 10120830 पुरुष 10239410 महिला मतदाता हैं। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत चार अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख पहले से तय हो चुकी है। इससे पहले 28 सितंबर तक दावा आपत्तियों का निराकरण किया गया।

सूत्रों के मुताबिक आचार संहिता की घोषणा इसी हफ्ते कभी भी हो सकती है। संभवत- सात से 12 अक्टूबर के बीच आचार संहिता लागू हो सकती है। आचार संहिता के लागू होते ही प्रदेश में सरकारी योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों में रोक लग जाएगी। साथ ही राजनीतिक पार्टियों के लिए सरकारी सुविधाओं और खर्चे का फंड भी रोक दिया जाएगा। 11 सितंबर को जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 2.03 करोड़ हो चुकी है। इसके बाद



विधानसभा चुनाव-2023

भी कई नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। बुधवार को निर्वाचन कार्यालय में अधिकारी अंतिम मतदाता सूची की जानकारी देंगे। अधिकारियों के मुताबिक चुनाव आयोग की सुविधा के मुताबिक छूटे हुए मतदाता नामांकन के चार दिन पहले तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकेंगे।

■ **फाइनल वोटर लिस्ट जारी**
■ **कुल मतदाता- 2.03 करोड़**
**पुरुष मतदाता- 10120830**
**महिला मतदाता- 10239410**

**चुनाव के लिए इन विभागों को मिली जिम्मेदारी**– निर्वाचन कार्यालय ने मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। इस वर्ष प्रदेश में 24000 से अधिक बूथ है। प्रदेश में पारदर्शी चुनाव के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है। पारदर्शी चुनाव के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकार के विभागों को सामूहिक जिम्मेदारी सौंपी है। पुलिस, आयकर, आबकारी, वन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, डीआरआइ, परिवहन विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रिजर्व बैंक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, सीजीएसटी, एसजीएसटी, डाक विभाग, उड्डयन विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, भारतीय रेलवे, ब्यूरो आफ सिविल एविएशन अथारिटी सहित अन्य विभागों को दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया है।'



## भाला फेंक में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण, किशोर ने रजत जीता

हांगझोउ। भाला फेंक में स्टार नीरज चोपड़ा ने बुधवार को एशियाई खेलों में अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया, जबकि किशोर जेना ने रजत पदक हासिल किया।

## सार संक्षेप

### वायु सेना को मिला 'तेजस ट्विन सीटर' एयरक्राफ्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना को अपना पहला 2 सीटर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस ट्विन सीटर' मिल गया है। बुधवार को यह विमान आधिकारिक तौर पर भारतीय वायु सेना को सौंपा गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल ने बुधवार को वायु सेना को पहला तेजस ट्विन सीटर ट्रेनर विमान सौंपा हैं। तेजस ट्विन सीटर ट्रेनर विमान एक हल्का विमान है। इसकी एक बड़ी खासियत यह भी है कि यह विमान किसी भी मौसम में उड़ान भर सकता है।

### 'शक्ति योजना' ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार की शक्ति योजना की सराहा है। उन्होंने कहा कि इसने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। यह गर्व की बात है कि हमारा शासन मॉडल यह सुनिश्चित कर रहा है कि राज्य की महिलाओं को उनका अधिकार मिले। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कर्नाटक में लक्ष्मी, वंदना, पूजा और उनके जैसी लाखों महिलाओं को कांग्रेस सरकार की शक्ति योजना द्वारा सशक्त बनाया गया है, जो मुफ्त बस यात्रा प्रदान कर रही है।

### ईडी ने अभिषेक बनर्जी को 9 अक्टूबर को किया तलब

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्कूल नौकरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को पूछताछ के लिए नया नोटिस जारी किया है। उन्हें साल्ट लेक स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित रहने को कहा गया है। इससे पहले जांच एजेंसी ने अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा नरूला बनर्जी को भी एक नोटिस जारी किया था और उन्हें अगले सप्ताह उसी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा था। अभिषेक बनर्जी को मंगलवार को ईडी के सामने पेश होना था। लेकिन नई दिल्ली में राजनीतिक व्यस्तताओं के कारण वह उस समन पर नहीं जा पाए।

### कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़, दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बुधवार को दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम जिले के कुज्जर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने कहा, मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा रहे हैं। घेराबंदी और तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

# सभी की भलाई के लिए काम कर रही भूपेश सरकार : खड़गे

**रायगढ़,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद श्री मल्लिकार्जुन खडगे ने आज रायगढ़ जिले के ग्राम कोड़ातराई में आयोजित श्भरोसे का सम्मेलनश् को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में चारों तरफ विकास ही विकास दिखाई दे रहा है। यहां मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए सतत रूप से जनहितैषी कार्यक्रम चलाए जा रहे है। सम्मेलन में लोगों की जुटी अपार भीड़ और उनमें सरकार के प्रति विश्वास से साफ जाहिर हो रहा है कि यह सम्मेलन सिर्फ भरोसे का सम्मेलन ही नहीं, बल्कि यह भरोसे का अनुष्ठान सम्मेलन है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खडगे ने अपने संबोधन की शुरुआत जय जोहार जय छत्तीसगढ़ महतारी के नमन के साथ किया। उन्होंने कहा कि ऐसा सम्मेलन शायद देश के किसी कोने में, किसी भाग में नहीं हुआ। ये गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हर जगह भरोसे का सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जो सरकार के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है।नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खडगे ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में गरीब,



■ छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को मिली गति : मुख्यमंत्री
■ 82 विकासखण्डों में जैतखाम की स्थापना के लिए भूमिपूजन

किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, युवा तथा वंचित व कमजोर वर्ग सहित बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सबके हित में बखूबी काम हो रहा है। यहां राज्य सरकार ने आम लोगों की जरूरत को समझकर योजनाएं बनाई। इन योजनाओं से लाखों-करोड़ों हाथों को काम मिल रहा है। उन्हें सुगमता से रोजगार उपलब्ध हुए हैं और उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी हुई है। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## खड़गे-बघेल ने किया स्टॉलों का निरीक्षण

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद श्री मल्लिकार्जुन खडगे व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के गरिमामय उपस्थिति में रायगढ़ जिले के कोड़ातराई में आज भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री खडगे ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के साथ कोड़ातराई में विभागो द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा स्टालों में हितग्राहियों से चर्चा कर विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओ का लाभ मिलने के संबंध में जानकारी भी ली गई। साथ ही इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओ के 3088 लाभान्वित हितग्राहियों को 9 करोड़ 8 लाख 35 हजार रूपये की सामग्री व सहायता राशि वितरित की गई। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिससे बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हुए।

उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव ने भरोसे के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और सभी वर्ग के लोगों के लिए अच्छा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## शराब घोटाला मामला

# ईडी ने 'आप' सांसद संजय सिंह को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। शराब घोटाला मामले में पूछताछ के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार सुबह से ही संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही थी। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शराब घोटाले मामले में पहले से ही तिहाड़ जेल में बंद हैं। आम आदमी पार्टी ने इसको लेकर सरकार पर निशाना साधा है। संजय सिंह की गिरफ्तारी की जैसे ही खबर सामने आई उनके आवास पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जमा हो गए। करीब 10 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले इसी मामले में सांसद के कई अन्य करीबी लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई थी। संजय सिंह की गिरफ्तारी की खबर सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी में हलचल मच गई है।



■ दस घंटे की पूछताछ के बाद की कार्रवाई
■ कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर भी छापे मारे
■ मनीष सिसोदिया पहले से ही जेल में बंद

**कुछ डीलरों को फायदा पहुंचाने का आरोप**

ऐसा आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की 2021-22 के लिए लाई गई आबकारी नीति ने गुटबंदी को बढ़ावा दिया और कुछ डीलरों को फायदा पहुंचाया जिन्होंने इसके लिए कथित तौर पर रिश्वत दी थी। आप ने इस आरोप का खंडन किया है। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से इस मामले की जांच कराने की सिफारिश ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# उज्जवला योजना के लाभार्थियों की सब्सिडी बढ़ी

## अब रसोई गैस पर 300 रुपए प्रति सिलेंडर सब्सिडी मिलेगी

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव और छह महीने दूर लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने बुधवार को उज्वला योजना के तहत दिए जाने वाले रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी मौजूदा 200 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए प्रति सिलेंडर कर दी।



यह निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया, जिसकी बुधवार को बैठक हुई थी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को बताया कि उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए सब्सिडी मौजूदा 200 रुपए प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर कर दी गई है। 29 अगस्त को सरकार ने उज्ज्वला लाभार्थियों सहित सभी उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपए की कटौती की थी। उज्ज्वला लाभार्थियों को वर्तमान में प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर के लिए 703 रुपए का भुगतान करना पड़ता है, जबकि बाजार मूल्य 903 रुपए है। बुधवार के फैसले के बाद अब एक लाभार्थी को 603 रुपए का भुगतान करना होगा। 300 रुपए की बढ़ी हुई सब्सिडी सीधे उज्ज्वला लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

# सिक्किम में बादल फटने से 43 लोग लापता

**गंगटोक,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिक्किम में बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने की वजह से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 43 लोग लापता हो गए। इनमें सेना के 23 जवान हैं। नदी से लगे इलाके में ही आर्मी कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आने के बाद बह गया और यहां खड़ी 41 गाड़ियां डूब गईं। आसपास के 4 हजार लोगों को 5 राहत शिविरों में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। बाढ़ की वजह से राज्य को देश से जोड़ने वाला नेशनल हाईवे भी बह गया। इसकी वजह से आवागमन की सुविधा बंद हो गई है। ल्होनक झील के ऊपर बादल फटने से लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई। नदी का जलस्तर अचानक 15 से 20 फिट तक बढ़ गया।



■ लापता लोगों में 23 जवान भी है शामिल
■ 5 की मौत, कैंप और 41 गाड़ियां भी डूबीं

इसके बाद नदी से लगे आसपास के इलाकों में पानी भर गया। कई घरों में भी नदी का पानी घुस आया। लोग घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों में चले गए। सिक्किम में बादल फटने के बाद पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग में भी बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। राज्य के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने बताया- तीस्ता बैराज से तीन शव बरामद किए गए हैं। उनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की स्थिति जानने के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बातचीत की। उन्हें मदद देने का आश्वासन दिया।

हादसे के बाद सेना के लापता जवानों की तलाशी के लिए राहत व बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। स्थानीय प्रशासन भी अपने स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। हालांकि जानमाल के नुकसान को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

# प्रबीर पुरकायस्थ सात दिन की पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को बुधवार को एक अदालत ने सात दिनों के लिए दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंगलवार को लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था और आज उन्हें अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने कल न्यूजक्लिक परिसरों और इससे जुड़े पत्रकारों के दिल्ली एनसीआर स्थित आवासों पर छापेमारी की थी। इस दौरान पुलिस की स्पेशल सेल ने 46 संदिग्धों से पूछताछ की थी। पुलिस ने कई संदिग्ध लोगों के मोबाइल फोन, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि जब्त कर लिये थे। पुलिस ने छापेमारी के बाद न्यूजक्लि का कार्यालय सील कर दिया था।

■ न्यूजक्लिक ने चीनी फंडिंग के आरोपों का किया खंडन

न्यूजक्लिक पर चीन से आर्थिक मदद लेकर अपने पोर्टल के जरिए भारत विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप है। न्यूजक्लिक ने एक बयान जारी करके पुलिस के आरोपों का खंडन किया है। बयान में कहा गया है कि न्यूजक्लिक पोर्टल पर जारी खबरें कोई भी देख सकता है।

# नागपुर के मेयो अस्पताल में 24 घंटे में 25 लोगों की मौत

**नागपुर,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। नागपुर के सरकारी मेयो अस्पताल में विभिन्न कारणों से बुधवार सुबह तक 24 घंटे में कम से कम 25 मरीजों की जान चली गई, जिससे राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली पर नए सवाल खड़े हो गए हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने आज सुबह एक एक्स पोस्ट में नई मौतों पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'डर यहीं खत्म नहीं होता है और स्वास्थ्य प्रणाली ध्वस्त हो गई है और सरकार सो रही है।

सुले ने कहा, ठाणे, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर (घटनाओं) के बाद अब नागपुर में भी 25 मरीजों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के पास नई दिल्ली जाने का समय है, लेकिन इन अस्पतालों का दौरा करने का समय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नेताओं के लिए महाराष्ट्र के लोगों की जान की कोई कीमत नहीं है और राज्य में चिकित्सा आपूर्ति की कमी है। संयोग से, नागपुर राज्य की दूसरी राजधानी है और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के अलावा अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं का गृह नगर है।

**नांदेड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हुई**–अधिकारियों के अनुसार, इस बीच, डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (नांदेड़) में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई, जबकि घाटी अस्पताल (छत्रपति संभाजीनगर) में मरने वालों की संख्या 10 से बढ़कर 18 हो गई।

# एसवाईएल नहर निर्माण में देरी पर पंजाब सरकार को फटकार

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के निर्माण में देरी के लिए पंजाब सरकार को फटकार लगाई।

शीर्ष अदालत की पीठ में शामिल न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, सी.टी. रविकुमार और सुधांशु धूलिया ने एसवाईएल नहर के निर्माण को लेकर हरियाणा और पंजाब के बीच चल रहे विवाद के मामले की सुनवाई की। पंजाब सरकार के वकील ने विपक्षी दलों के दबाव और किसानों द्वारा कब्जाई गई जमीन का हवाला देते हुए अदालत को मुश?किलों से अवगत कराया। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में केंद्र को निर्देश दिया है कि वह विवाद पर मध्यस्थता प्रक्रिया पर गौर करे और पंजाब सरकार द्वारा किए गए निर्माण की सीमा को देखने के लिए सर्वेक्षण भी करवाए। अदालत ने मार्च में केंद्र को इस मामले में मुख्य मध्यस्थ के रूप में समाधान निकालने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया था। इससे पहले जुलाई 2020 को शीर्ष अदालत ने भी दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने को कहा था। यह संघर्ष 1966 में हरियाणा के पंजाब से अलग होने के बाद 1981 के जल-बंटवारे समझौते से जुड़ा हुआ है।

## उपलब्धि

*रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार का ऐलान- मौंगी जी. बावेंडी, लुईस ई. ब्रूस व एलेक्सी आई. एकिमोव को पुरस्कार*

# क्वांटम डॉट्स की खोज करने वाले तीन वैज्ञानिकों को मिला सम्मान

**नई दिल्ली, 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से मौंगी जी. बावेंडी, कोलंबिया विश्वविद्यालय से लुईस ई. ब्रूस और नैनोक्रिस्टल टेक्नोलॉजी में काम करने वाले एलेक्सी आई. एकिमोव को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में 2023 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया।**

*अकादमी ने एक बयान में कहा, रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार 2023 क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए दिया गया है। नैनोटेक्नोलॉजी के ये सबसे छोटे घटक अब टेलीविजन और एलईडी लैंप से अपनी रोशनी फैलाते हैं, और कई अन्य चीजों के अलावा ट्यूमर ऊतक को हटाते समय सर्जनों का मार्गदर्शन भी कर सकते हैं। 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना की पुरस्कार राशि विजेताओं के बीच समान रूप से साझा की जाएगी।*



*रसायन विज्ञान के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष जोहान एक्विस्ट ने कहा, 'क्वांटम डॉट्स में कई आकर्षक और असामान्य गुण हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि उनके साइज के आधार पर उनके अलग-अलग रंग होते हैं।' क्वांटम डॉट्स अब क्यूएलईडी तकनीक पर आधारित कंप्यूटर मॉनिटर और टेलीविजन स्क्रीन को रोशन करते हैं। वे कुछ एलईडी लैंप की रोशनी में बारीकियां भी जोड़ते हैं, और बायोकेमिस्ट और डॉक्टर उनका उपयोग जैविक ऊतकों को मैप करने के लिए करते हैं।*

*भौतिक विज्ञानी लंबे समय से जानते थे कि सैद्धांतिक रूप से आकार-निर्भर क्वांटम प्रभाव नैनोकणों में उत्पन्न हो सकते हैं, लेकिन उस समय नैनो-आयामों में नकाशी करना लगभग असंभव था। इसलिए, कुछ लोगों का मानना था कि इस ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग किया जाएगा।*

बिलासपुर, गुरूवार 5 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# नांदेड़ अस्पताल में मौतों का जिम्मेदार कौन?

एक ओर तो महाराष्ट्र के नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, दूसरी ओर इसे लेकर सियासत तेज़ हो गई है। जिले के विष्णुपुरी में स्थित डॉ. शंकरराव चव्हाण शासकीय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पिछले 48 घंटों में 31 मरीजों की मौत हो गई। इनमें लगभग डेढ़ दर्जन बच्चे थे। दवाओं की कमी से हुई इस हृदयविदारक घटना से जहां सारा देश हतप्रभ है, वहीं अब तक वहां की सरकार न तो राहत पहुंचाती दिख रही है और न ही वह एक्शन मोड में आई है। अस्पताल प्रशासन भी एक तरह से हाथ पर हाथ धरे बैठा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने मंगलवार एक कहा है कि सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है और सरकार को इसके लिए जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। इस मामले को लेकर चौतरफा आलोचना झेल रहे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ किया है कि कोई भी कदम उठाने से पहले वे घटना के बाबत पूरी जानकारी लेंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने इसे सरकारी मशीनरी का पूरी तरह से नाकाम होना बताया है।

अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक श्यामराव वाकोड़े ने बताया कि अनेक ऐसे लोगों की मौतें हुई हैं जिन्हें सांपों ने काटा था या इसी तरह की तकलीफें थीं। अस्पताल को हाफकिन्स इंस्टिट्यूट से दवाएं खरीदनी थीं परन्तु अस्पताल के कई कर्मचारियों के स्थानांतरण के कारण वह नहीं हो सका। अस्पताल के डीन के साथ मरीजों के परिजनों द्वारा किये गये दुर्व्यवहार से वहां का स्टाफ भी बेहद नाराज़ है। फिलहाल अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज भर्ती हैं जिन्हें देखने वाला कोई नहीं हैं। बताया गया है कि वहां 70 से ज्यादा ऐसे मरीज भर्ती हैं जिनकी हालत गम्भीर है परन्तु दवाएं न मिलने और चिकित्सकों व स्टाफ की कमी से उनका इलाज नहीं हो पा रहा है। ऐसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। औरंगाबाद जिले से स्वास्थ्य अधिकारियों की एक कमेटी बनाई गई है जो वहां स्थिति का आकलन कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

उल्लेखनीय है कि यह घटना ऐसे वक्त पर हो रही है जब केवल दो माह पहले ठाणे जिले के कलवा अस्पताल में हुई घटना को लोग भूले नहीं हैं, जिसमें एक ही रात में 18 लोगों की मौत हो गई थी। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में भी यह मामला उठा। इस बदइंतजामी को लेकर कई मंत्री नाराज दिखे। बैठक में अजित पवार की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रहा क्योंकि अपने काम के मामले में अजित पवार बहुत नियमित व अनुशासनप्रिय माने जाते हैं। वे मुंबई में ही थे लेकिन बैठक में शामिल न होना बतलाता है कि वे भी इस मामले को लेकर अपनी ही सरकार से नाराज़ हैं। बड़ी बात नहीं होगी अगर यह विवाद बढ़ जाये।

पिछले दिनों मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बीच स्वास्थ्य विभाग क कामकाज को लेकर तनातनी हो गई थी। शिवसेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे गुट व भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर बनी सरकार में एनसीपी के अजित पवार भी अपने कुछ साथियों के साथ शामिल हो गये थे। उन्होंने तंज कसते हुए शिंदे से पूछा था कि कलवा अस्पताल के अब क्या हाल हैं? शिंदे इस पर झेंप गये थे। मामला बढ़ने के पहले ही दूसरे उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस ने बीच-बचाव किया था। नांदेड़ का यह अस्पताल मेडिकल एजुकेशन के अंतर्गत संचालित होता है। इसके विभागीय मंत्री हसन मुशरिफ हैं जो अजित पवार गुट के हैं। दूसरी ओर अस्पतालों को दवाइयां एवं आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग का है। इसके मंत्री तानाजी सावंत हैं जो एकनाथ शिंदे गुट के हैं। नांदेड़ अस्पताल की इन मौतों ने दो मंत्रियों को भी आमने-सामने ला खड़ा किया है।

इस तरह देखें तो नांदेड़ में हुए मौत के तांडव के पीछे एक ही सरकार के भीतर कार्यरत दो अलग-अलग धड़ों के मंत्री हैं और उनमें से कोई भी न तो इस बेहद गम्भीर चूक का दोष स्वीकारने के लिये तैयार है और न ही मिलकर वहां की स्थिति सुधारने का इच्छुक दिखलाई पड़ता है। भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रहे दोनों ही गुट (शिवसेना का शिंदे गुट व एनसीपी का अजित पवार गुट) नांदेड़ में लोगों के आंसू पोंछने की बजाय मंत्रिमंडल विस्तार के मुद्दे को लेकर व्यस्त हैं। इसे लेकर शिंदे और फडनवीस की जल्दी ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात होने जा रही है। मंत्रिमंडल के 14 पद रिक्त हैं जिनके लिये तीनों ही धड़ों के बीच जोर आजमाईश जारी है। इसलिये सम्भव है कि मौजूदा दौर की क्रूर व निर्मोही राजनीति के पास नांदेड़ जैसे मामले पर ध्यान देने का वक्त ही न हो।

नांदेड़ अस्पताल में जो हुआ और हो रहा है, वह बहुत ही दर्दनाक है जो बतलाता है कि जिस तरह की जोड़-तोड़ से यह सरकार बनी है उसके पास कुशल प्रशासकीय क्षमता का अभाव तो है ही और जिस प्रकार से अलग-अलग धड़ों के मंत्रियों के बीच खींचतान हो रही है उससे भुगतना तो जनता को ही पड़ेगा। कलवा अस्पताल वाले मामले से कोई सबक न लेकर नांदेड़ अस्पताल जैसे कांड का इंतज़ार करने वाली महाराष्ट्र सरकार से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती क्योंकि उसके लिये लोगों की जान से बढ़कर सरकार बनाना और महत्वपूर्ण पद अपने धड़ों के विधायकों को दिलवाना मात्र है। फिर भी आशा की जाये कि सरकार वहां की स्थिति को तुरंत सम्भाले और लोगों को अकारण मौतों का शिकार होने से बचाये।

# कमजोर होती याददाश्त के खतरे

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

पिछले 9-10 सालों में हिंदुस्तानियों की याददाश्त काफी कमजोर हो गई है। इसकी क्या वैज्ञानिक, राजनैतिक और सामाजिक वजहें हैं, इनके कारणों की पड़ताल गंभीरता से करना चाहिए। क्योंकि याददाश्त कमजोर होने का खामियाजा पूरे देश को उठाना पड़ रहा है। अभी विदेश मंत्री एस.जयशंकर से अमेरिका में एक कार्यक्रम में मोदी सरकार में भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर सवाल उठाया गया था। जिसके जवाब में उन्होंने सवाल पूछने वाले से ही मांग कर दी कि मुझे भेदभाव दिखाओ। फिर जयशंकर ने अपने टालमटोल वाले जवाब में कहा कि निष्पक्ष और सुशासन या समाज के संतुलन की कसौटी क्या है? सुविधाओं, लाभों, पहुंच, और अधिकारों के मामले में आप भेदभाव करते हैं या नहीं, यही कसौटी होती है और दुनिया के हर समाज में, किसी न किसी आधार पर, कुछ न कुछ भेदभाव होता ही है।

हमारे विदेश मंत्री ज्ञानी व्यक्ति हैं, उनकी स्मरण शक्ति भी प्रखर ही होगी। लेकिन वो इस सितंबर को ही संसद के भीतर बसपा सांसद दानिश अली के लिए कहे गए अपशब्दों को कैसे भूल गए। क्या इसलिए कि संसद की मर्यादा तोड़ने और अपने विरोधी सांसद को अपशब्द कहने का काम भाजपा के सांसद ने किया। विदेश मंत्री यह भी भूल गए कि इस देश में किस तरह बाकायदा धर्मसंसदें आयोजित कर अल्पसंख्यकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए समाज को उकसाया जाता रहा है। मणिपुर में हिंसा का तांडव पिछले पांच महीनों से जारी है, एस. जयशंकर इसे भी सुविधापूर्वक भूल गए। आखिर मणिपुर में अशांति पनपने की सबसे बड़ी वजह भेदभाव का डर ही तो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मणिपुर को भूले ही हुए हैं। वे देश के कई राज्यों में जा रहे हैं, खासकर चुनावी राज्यों में उनकी आमदरफ्त बढ़ गई है। लेकिन मणिपुर जाने का रास्ता उन्हें याद ही नहीं आ रहा। श्री मोदी से भी अमेरिका यात्रा के वक्त हुई प्रेस कांफ्रेंस में अल्पसंख्यकों से भेदभाव का सवाल वॉल स्ट्रीट जर्नल की पत्रकार सबरीना ने पूछा था। और तब भी इसी तरह का गोलमोल जवाब श्री मोदी ने दिया था। उन्होंने कहा था कि मुझे वास्तव में आश्चर्य होता है जब लोग ऐसा कहते हैं। भारत तो लोकतंत्र है ही। लोकतंत्र हमारी रगों में है। हम लोकतंत्र जीते हैं। हमारे पूर्वजों ने इस बात को शब्दों में ढाला है। ये हमारा संविधान है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों को ध्यान में रखकर बनाए गए संविधान पर ही चलती है। सवाल हुआ था धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले भेदभाव पर और सवाल को भुलाते हुए श्री मोदी संविधान और लोकतंत्र की दुहाई देने लगे। अब ऐसा किया ही था तो कुछ समय तो उस बात पर टिके रहते। जून में दिए गए इस जवाब के तीन ही महीने बाद संसद के भीतर उनकी पार्टी के एक सांसद ने दूसरी पार्टी के सांसद को अपशब्द कहे और तब प्रधानमंत्री को न संविधान याद आया, न लोकतंत्र। उन्होंने इस घटना पर आज तक कुछ नहीं कहा, जबकि पीड़ित सांसद दानिश अली ने उन्हें खत लिखकर कहा भी कि आपकी चुप्पी को दुनिया देख रही है। लेकिन सत्ता मद में शायद मोदीजी को दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा भी याद नहीं रही है।

श्री मोदी और उनके विदेश मंत्री श्री जयशंकर ने जिस तरह अमेरिका जाकर धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले भेदभाव की बात को नकार दिया है, यह उनकी कमजोर होती स्मरण शक्ति की निशानी है या फिर राजनैतिक मजबूरी, इस बारे में वही बेहतर बता सकते हैं। अभी श्री मोदी राजस्थान चुनाव प्रचार के लिए चित्तौड़गढ़ गए तो वहां उन्हें उदयपुर में नफरत का शिकार बने दर्जी कन्हैयालाल की याद आ गई।

लेकिन उन्हें इसी राजस्थान में ऐसी ही बेरहमी से मारे गए मजदूर मो. अफराजुल की याद नहीं आई। उन्हें पिछले 9 सालों में इसी तरह की नफरत का शिकार बने और निर्दोष लोग याद नहीं आए। बात करनी ही थी, तो प्रधानमंत्री ऐसी हरेक हत्या पर अफसोस जताते, लेकिन उन्होंने यहां चुनावी हिसाब से घटना को याद किया। याददाश्त का कमजोर पड़ना बुरा है, लेकिन सुविधा के हिसाब के कुछ बातों का याद आना और कुछ का भूल जाना और भी बुरा है।

प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर से अगर भविष्य में फिर अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव पर सवाल किया जाए, तो उनके लिए एक प्रसंग गुजरात से उपस्थित हुआ है। जहां एक स्कूल में हिंदू छात्रों को नमाज पढ़ाने के आरोप पर दक्षिणपंथी लोगों ने प्रदर्शन किया और इसमें एक शिक्षक की पिटाई भी कर दी। अहमदाबाद के कैरोलेक्स फ्यूचर स्कूल में 29 सितंबर की ये घटना बताई जा रही है, जिस पर सरकार ने जांच के आदेश दे दिए हैं। स्कूल प्रशासन ने इस घटना पर माफी तो मांग ही ली है, साथ ही बताया है कि किसी भी छात्र को नमाज पढ़ने के लिए जबरदस्ती नहीं की गई थी। बल्कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न धर्मों की प्रथाओं से अवगत कराना था।

> देश के कई सरकारी और निजी स्कूलों में गायत्री मंत्र बच्चों से पढ़वाया जाता है। कई जगहों पर बोर्ड परीक्षाओं के पहले हवन तक होते हैं। लेकिन तब कोई सवाल नहीं उठते, क्योंकि बहुसंख्यकों का धर्म होने के कारण हिंदुओं के तौर-तरीकों को सहज स्वीकार्य मान लिया गया है। जिन लोगों ने हिंदू छात्रों के नमाज पढ़ने पर आपत्ति की, ऐसे ही लोगों को अस्पताल या मॉल या स्टेशन पर नमाज पढ़ते लोगों से भी आपत्ति होती है।

इस कार्यक्रम का एक वीडियो भी फेसबुक पर डाला गया था, जिस में बच्चे लब पे आती है दुआ, गाते हुए दिखते हैं। इकबाल की इस मशहूर प्रार्थना को करवाने पर बरेली के एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षक को निलंबित कर दिया गया था।

अब इसी प्रार्थना और नमाज पढ़ने पर गुजरात में दक्षिणपंथियों को तो कानून हाथ में लेने का मौका मिल गया। गौर से देखा जाए तो ऐसे कार्यक्रम में कुछ भी गैरकानूनी नहीं है, क्योंकि सर्वधर्म सद्भाव तो इस देश की नींव में रहा है और स्कूल इसे ही मजबूत कर रहा था। देश के कई सरकारी और निजी स्कूलों में गायत्री मंत्र बच्चों से पढ़वाया जाता है। कई जगहों पर बोर्ड परीक्षाओं के पहले हवन तक होते हैं। लेकिन तब कोई सवाल नहीं उठते, क्योंकि बहुसंख्यकों का धर्म होने के कारण हिंदुओं के तौर-तरीकों को सहज स्वीकार्य मान लिया गया है। जिन लोगों ने हिंदू छात्रों के नमाज पढ़ने पर आपत्ति की, ऐसे ही लोगों को अस्पताल या मॉल या स्टेशन पर नमाज पढ़ते लोगों से भी आपत्ति होती है। मगर पूरी सड़क घेर कर दुर्गा या गणेश के पंडाल लगाए जाएं, दिन-रात कानफोड़ू संगीत बजाया जाए, रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट या बीच चौराहे पर घेरा बनाकर गरबा किया जाए, तब किसी को आपत्ति नहीं होती। गुजरात के शिक्षा मंत्री प्रफुल्ल पनशेरिया ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि स्कूल में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर कुछ लोग राज्य का शांतिपूर्ण माहौल खराब करना चाहते हैं। मंत्री महोदय की राय में शांतिपूर्ण माहौल की परिभाषा क्या है और नमाज कैसे पढ़ी जाती है, इसे सिखाने पर माहौल कैसे खराब होता है, ये समझना कठिन नहीं है। शायद शिक्षा मंत्री की याददाश्त से बिलकिस बानो प्रकरण मिट चुका है।

जहां बलात्कार और हत्या के दोषियों की रिहाई होती है और फिर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया जाता है। उन्हें संस्कारी बताया जाता है। ऐसे संस्कारी लोगों से माहौल खराब होता है या दूसरे धर्म के तौर-तरीकों को सीखने से, यह सवाल अगर याद रह जाए, तो भाजपा सरकार के मंत्रियों को इसका जवाब ढूंढने की कोशिश करना चाहिए।

देश में याददाश्त कमजोर करने में बड़ी भूमिका मुख्यधारा का मीडिया भी निभा रहा है। जो हर दिन सुबह-शाम नए-नए पैंतरों में लिपटी खबरों का धमाका करता है। एक खबर को लोग याद रखें या उस पर चर्चा करें, उससे पहले कोई नयी खबर आ जाती है। अगर खबर सत्ताविरोधी हुई, तब तो उसे भुलाने के लिए एलियंस या अवतारी पुरुषों को दिखाने से बी मीडिया परहेज नहीं करता। इस मीडिया की फिक्र यही है कि जनता को भूले से भी सरकार की कोई कमजोरी, कोई पुराना वादा, कोई गलती याद न रहे। केवल ये याद रहे कि असली आजादी 2014 के बाद मिली और देश का विकास 2047 तक हो जाएगा। भुलाने और भुलावे के इस खेल में अपनी याददाश्त कैसे दुरुस्त रखना है, ये जनता खुद तय करे।

# लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है चुनावी बांड पर निर्णय में देरी

■ नित्य चक्रवर्ती

एक बार फिर भारत सरकार ने 4 अक्टूबर से दस दिनों तक चलने वाले चुनावी बांड की 28वीं किश्त की बिक्री को मंजूरी दे दी है और हमेशा की तरह ऐसा ठीक चुनावों के पहले किया जा रहा है जब पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कुछ हफ्ते ही रह गये हैं। इस बार भी भाजपा को अपने चुनाव अभियान में एक और बड़ा इनाम मिलेगा क्योंकि लगभग 80 से 90 प्रतिशत धन सत्तारूढ़ पार्टी को जाता है। केंद्र शर्मनाक तरीके से मौजूदा चुनावी बांड नियमों को अन्य विपक्षी दलों की कीमत पर भाजपा के पक्ष में इस्तेमाल करने की इजाजत दे रहा है लेकिन फिर भी सुप्रीम कोर्ट अब भी उस याचिका पर सुनवाई में देरी कर रहा है जो लंबे समय से लंबित है।

मूल चुनावी बांड योजना 2017 को 2018 में कई याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी। लेकिन इस साल अप्रैल में ही, मुख्य न्यायाधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ ने संकेत दिया था कि वह सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय संविधान पीठ की स्थापना के बारे में फैसला करेंगे। याचिकाएं पर उसके बाद कोई सुनवाई नहीं हुई।

> चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले साल 7 नवंबर को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके।

चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले साल 7 नवंबर को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके।

नियमों के अनुसार, बांड जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के महीनों में 10 दिनों की अवधि के लिए खरीद के लिए उपलब्ध हैं। आम चुनाव के वर्षों में 30 दिनों की अतिरिक्त अवधि की अनुमति है। अब नवीनतम संशोधन के माध्यम से, केंद्र ने पिछले साल हिमाचल और गुजरात में विधानसभा चुनावों से पहले नवंबर 2022 में एक और किश्त की अनुमति दी।

जनवरी 2018 में चुनावी बांड की बिक्री शुरू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में, भाजपा ने कर्नाटक, मध्यप्रदेश में राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किये हैं और गोवा और मणिपुर में सरकार बनाने के लिए विधायकों को खरीदा है। महाराष्ट्र में, यह दिन के उजाले की तरह स्पष्ट था कि जुलाई 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से एकनाथ शिंदे समूह के दलबदल को सुनिश्चित करने के लिए भारी धनराशि जुटाई गई थी।

इसके बाद वहां शिंदे-भाजपा की सरकार बनी। विपक्षी सरकारों को अस्थिर करने के इन सभी कदमों में, भाजपा ने कॉर्पोरेट दान, चुनावी बांड के पैसे के साथ-साथ विदेशी दान के माध्यम से जुटाये गये अपने विशाल उपलब्ध धन का उपयोग किया। कॉरपोरेट्स के चुनावी ट्रस्टों ने भी राजनीतिक दलों को धन दिया और वहां भी, भाजपा ने हाल के वर्षों में 80 प्रतिशत से अधिक धन जुटाया।

बॉन्ड या पोल ट्रस्ट से फंडिंग करना भाजपा के लिए एक रास्ता है क्योंकि जो कंपनियां दान देती हैं वे केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी को नाराज नहीं करना चाहती हैं और आईटी विभाग, सीबीआई या ईडी के माध्यम से कार्रवाई को आमंत्रित नहीं करना चाहती हैं। यह तब स्पष्ट हुआ जब बजाज परिवार के वंशज राजीव बजाज पिछले साल राहुल गांधी के साथ बातचीत के बाद केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संभावित प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के प्रति आशंकित थे।

भारतीय कॉरपोरेट्स के बीच यह डर इतना जबरदस्त है कि औद्योगिक घरानों के युवा वंशज, जो दूरदर्शी हैं और भाजपा को पसंद नहीं करते हैं, चुप रहते हैं क्योंकि वे सिर्फ कुछ उदारवादियों के लिए अपनी कंपनियों के भविष्य को जोखिम में डालने के लिए तैयार नहीं हैं।

कुल मिलाकर नतीजा यह है कि चुनावों में बराबरी का कोई मौका नहीं है। विपक्षी दलों की तुलना में भाजपा दस गुना से भी ज्यादा पैसा खर्च करने की स्थिति में है। जरूरत पड़ने पर दल-बदल कराने के लिए इसके पास एक विशाल युद्ध संदूक है।

नरेंद्र मोदी शासन के पिछले नौ वर्षों में, भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र में धन का असामान्य संकेंद्रण हुआ है। एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि भारत की बीस सबसे अधिक लाभदायक कंपनियों ने 1990 में कुल कॉर्पोरेट मुनाफे का 14 प्रतिशत, 2010 में 30प्रतिशत और 2019 में 70प्रतिशत अर्जित किया।

इसका मतलब यह है कि नरेंद्र मोदी के शासन के पहले पांच वर्षों के दौरान कुछ कॉर्पोरेट घरानों में धन के संकेंद्रण में भारी उछाल आया। पिछले चार वर्षों में यह प्रक्रिया और तेज हुई है। यह सत्तारूढ़ दल भाजपा और बड़े उद्योगपतियों के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग का परिणाम है, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्तमान शासन के दौरान लाभ हुआ है।

विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटकों को भारतीय धनी पूंजीपतियों और नरेंद्र मोदी शासन के बीच इस बदले की भावना पर ध्यान केंद्रित करना होगा और इस बात की जांच की मांग करनी होगी कि कैसे बड़े कॉरपोरेट अपनी दीर्घकालिक व्यवस्था के एक हिस्से के रूप में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को वित्त पोषित कर रहे हैं।

उनके कानूनी विशेषज्ञों को सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की शीघ्र सुनवाई पर जोर देना चाहिए ताकि विद्वान न्यायाधीश कम से कम अंतिम निपटान तक चुनावी बांड योजना पर रोक लगाने का आदेश दे सकें। चुनाव लड़ने वाले दलों के बीच समान अवसर स्थापित करके देश में लोकतंत्र को कायम रखने के लिए यह जरूरी है।

## पावन प्रसंग

# युवाओं को दी नई दिशा

आंखों में उम्मीद के,सपने. नई उड़ान भरता हुआ मन, कुछ कर दिखाने का दमखम और दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने का साहस रखने वाला युवा कहा जाता है। युवा शब्द ही मन में उड़ान और उमंग पैदा करता है। उम्र का यही दौर वह दौर है, जब न केवल उस युवा का बल्कि उसके राष्ट्र का भविष्य तय किया जा सकता है। आज के भारत को युवा भारत कहा जाता है; क्योंकि हमारे देश में असंभव को संभव में बदलने वाले युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। आंकड़ों के अनुसार भारत की 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष आयु तक के युवकों की और 25 साल तक की उम्र के नौजवानों की संख्या 50 प्रतिशत से भी अधिक है। ऐसे में यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि युवाशक्ति वरदान है या चुनौती? महत्वपूर्ण इसलिए भी कि यदि युवाशक्ति का सही दिशा में उपयोग न किया जाए तो इनका जरा सा भी भटकाव राष्ट्र के भविष्य को अनिश्चित कर सकता है। आज का एक सत्य यह भी है कि युवा बहुत मनमानी करते हैं और किसी की सुनते नहीं। दिशाहीनता की इस स्थिति में युवाओं की ऊर्जा नकारात्मक दिशा में भटकाव होता जा रहा है। लक्ष्यहीनता के माहौल ने युवाओं को इतना दिग्भ्रमित करके रख दिया है कि उन्हें सूझ ही नहीं पड़ रहा कि करना क्या है, हो क्या रहा है और आखिर उनका होगा क्या?

आज से दो-तीन दशक पूर्व तक साधन-सुविघाओं से दूर रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों में 'सुखार्थिनः कुतो विद्या, विद्यार्थिनः कुतो सुखम्' के भावों के साथ जीवन निर्माण की परंपरा बनी हुई थी और ऐसे में जो पीढ़ियां हाल के वर्षों में नाम कमा पाई हैं, अब ऐसा संभव नहीं। धैर्य की कमी, आत्मकेंद्रिता, नशा, लालच, हिंसाआदि बातें जैसे उनके स्वभाव का अंग बनती जा रही हैं। नशे से युवाओं की असमय मृत्यु चिंताजनक बात हो गई है। जानकारी के अनुसार आजकल के बालकों को मित्र मंडली उन तमाम व्यसनों से घिरी थी, जिसे अब बुरा नहीं, आधुनिकता का पर्याय माना जाता है।

आजकल के किशोर स्कूली छात्र की उम्र में नशे के आदी हो जाते हैं। पिता अपने कार्य में व्यस्त रहते हैं, इसलिए पुत्र को पर्याप्त समय नहीं दे पाते। परिणाम ऐसा भयंकर आता है कि वे अपने पुत्रों से वंचित हो जाते हैं। केवल एक बालक की बात नहीं, एक ताजा शोध के अनुसार अब युवा अधिक रुखे स्वभाव के भी हो गए हैं। वे किसी से घुलते-मिलते नहीं।

इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग के इस युग में रोजमर्रा की जिंदगी में आमने-सामने के लोगों से रिश्ते जोड़ने की अहमियत कम हो गई है। क्या यह सत्य नहीं कि आज की पीढ़ी जो कुछ सीख पाई है, उसमें हमारा दोष सर्वाधिक है। इन परिवेशीय हालातों में अंकुरित और पल्लवित नई पीढ़ी को न संस्कारों की खाद मिल पाई, न स्वस्थ विकास के लिए जरूरी वातावरण। मिला सिर्फ प्रदूषित माहौल और नकारात्मक भावभूमि। आज का युवा अधिकतर मामलों में नकारात्मक मानसिकता के साथ जीने लगा है।

उसे दूर-दूर तक कहीं कोई रोशनी की किरण नजर नहीं आ रही है। वर्तमान स्थिति के लिए हमारे स्वार्थ और समझौते जिम्मेदार हैं, जिनकी वजह से हमने सिद्धांतों को छोड़, आदर्शों से किनारा कर लिया और नैतिक मूल्य तक दांव पर लगा दिए। वह भी किसलिए? सिर्फ और सिर्फ अपनी वाहवाही कराने या अपने नाम से माल बनाने। हालात भयावह होते जा रहे हैं, हमें इसका अंदाजा नहीं लग पा रहा है, क्योंकि हमारी बुद्धि कुंद हो गई है। यदि आज वे नहीं चेत पाते तो कल अवश्य बहुत देर हो जाएगी। युवाओं को अपनी संस्कृति एवं मूल्यों के साथ जोड़ने की आवश्यकता है, ताकि वे स्वयं के प्रति सचेष्ट एवं जागरुक एवं विकासोन्मुखी हो सकें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# कृषि प्रधान देश में बेरोज़गार किसान

किसी देश के विकास में आने वाली समस्याओं में एक प्रमुख समस्या बेरोज़गारी है। भारत जैसे विशाल देश में आज भी कई छोटे- छोटे गांव ऐसे हैं जहां नौजवानों की एक बड़ी आबादी बेरोज़गार है। नौकरी के लिए या तो उनके पास कोई स्रोत नहीं है या फिर उन्हें शहरों के लिए पलायन करनी पड़ रही है। देश की बढ़ती जनसंख्या कारण रोज़गार की मांग में भी दिन-ब-दिन इज़ाफ़ा होता जा रहा है। लोगों को पर्याप्त रोज़गार नहीं मिलने का एक परिणाम यह भी है कि देश में गरीबी का आंकड़ा संतोषजनक रूप से कम नहीं हो रहा है। वर्तमान में, एक तरफ जहां भारत विश्व मानचित्र पर विकसित देश के रूप में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर इसी देश के छोटे छोटे गांवों में लोग आज भी खेती और पशुपालन पर ही निर्भर हैं। अब तो जलवायु परिवर्तन का प्रभाव खेती में भी दिखने लगा है। जहां पहले की अपेक्षा खेती में उत्पादन प्रभावित होने लगा है।

इसकी एक मिसाल राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर गांव भी है। पहले से ही गर्मी और सूखे की मार झेल रहे इस गांव के किसानों के खेत पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने के कारण सूख रहे हैं। जिसके कारण खेती का काम प्रभावित हो रहा है और पूरी मेहनत के बावजूद उन्हें उनकी फसल की लागत भी नहीं मिल पा रहा है। इसका सबसे अधिक प्रभाव आर्थिक रूप से छोटे स्तर के किसानों को हो रहा है जो खेती के साथ-साथ परिवार का पेट पालने के लिए दिहाड़ी मज़दूर के रूप में भी काम करने को मजबूर हैं। इस गांव में लगभग 130 घर हैं। जिनमें केवल 2-3 घर ही ऐसे हैं जिनके सदस्य सरकारी नौकरी में हैं। शेष सभी या तो खेती का काम करते हैं अथवा पशुपालन के माध्यम से आय अर्जित करते हैं। गांव वालों के अनुसार साल में केवल एक बार जुलाई से अक्टूबर माह के दौरान वह खेती से जुड़े काम करते हैं और अक्टूबर में फसल कटाई के बाद बेरोज़गारी की समस्या से जूझते हैं। लेकिन इसमें भी एक मुख्य समस्या यह है कि साल में एक बार हो रही खेती पूरी तरह से वर्षा पर निर्भर करती है। यदि समय पर बारिश न हुई तो फसल पूरी तरह से तबाह होने के कगार पर पहुंच जाती है। आर्थिक रूप से संपन्न कुछ किसान तो इस दौरान खेतों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था कर लेते हैं, लेकिन छोटे स्तर के किसान को आर्थिक नुकसान के अलावा कुछ नहीं मिलता है और न ही उनके पास रोज़गार के ऐसे दूसरे साधन होते हैं जिससे वह अपने आर्थिक नुकसान की भरपाई कर सकें। गांव के ही एक किसान प्रभुराम शर्मा कहते हैं कि यदि लूणकरणसर में कोई उद्योग स्थापित हो जाए तो छोटे स्तर के किसानों के लिए आय का दूसरा स्रोत खुल सकता है। कृषि से कम आमदनी और रोज़गार की कमी का प्रभाव गांव की महिलाओं और किशोरियों के जीवन पर भी पड़ रहा है। कई महिलाएं और किशोरियां घर की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सिलाई का काम करती हैं। गांव की गीता कहती है कि उसके पिता कृषि का काम करते हैं, लेकिन खेती से इतनी आमदनी नहीं हो पाती है कि साल भर घर का खर्च निकल सके। ऐसे में उसे अपनी पढ़ाई छोड़कर सिलाई का काम शुरू करना पड़ा। वह गांव की महिलाओं के कपड़े सिलकर महीने में दो हज़ार रूपए तक कमा लेती है और घर की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने में मदद करती है। वह कहती है कि गांव की आबादी छोटी होने के कारण उसे सिलाई में भी बहुत अधिक लाभ नहीं मिल पाता है। अलबत्ता शादी विवाह और तीज त्यौहार के मौसम में उसे कपड़े सिलकर आठ हज़ार रूपए तक की अच्छी आमदनी हो जाती है। घर के आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए गीता का भाई भी शहर में नौकरी करता है।

बहरहाल, राजस्थान के किसानों की समस्या का हल ज़रूरी है क्योंकि एक तरफ जहां इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी वहीं गांव भी सशक्त बनेगा। ऐसे में ज़रूरी है कि उनकी समस्याओं का स्थायी हल निकाला जाए। बारिश की कमी को पूरा करने के लिए अन्य विकल्पों पर ध्यान दिया जाए ताकि किसानों को कृषि छोड़कर मज़दूरी न करनी पड़े। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देगी।

**मनीषा / मोनिका, लूणकरणसर, राजस्थान**

**उल्टा पुल्टा**

पूजा के समय पत्नी ने पति से पूछा।
पत्नी- सुनो जी आपको आरती याद है न?
पति- हां... वो पतली सी, वही न?
इसके बाद भगवान की बाद में, पति की 'पूजा' पहले हुई।

# 10 दिनों के लिए 35 ट्रेनों का परिचालन रद्द

## नागपुर रेल मंडल के राजनांदगाँव-कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी रेलवे लाइन को आमगांव रेलवे स्टेशन से जोड़ने का चल रहा कार्य

**बिलासपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल के राजनांदगाँव-कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी लाइन को आमगांव रेलवे स्टेशन से जोडने का कार्य के लिए इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा। इस इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग कार्य में प्री-नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य 7 से 10 अक्टूबर तक एवं नॉन इंटरलोंकिंग का कार्य 11 से 14 अक्टूबर तक किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द एवं कुछ को गंतव्य से पहले समाप्त एवं रवाना किया जाएगा, जिसकी जानकारी इस प्रकार है।

### रद्द होने वाली गाड़ियां

11 से 13 अक्टूबर तक दुर्ग से छूटने वाली 08741 दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 12 से 14 अक्टूबर तक गोंदिया से छूटने वाली 08742 गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 13 अक्टूबर तक गोंदिया से छूटने वाली 08743 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 12 से 14 अक्टूबर तक इतवारी से छूटने वाली 08744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 से 13 अक्टूबर तक इतवारी से छूटने वाली 08754 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 से 13 अक्टूबर तक रामटेक से छूटने वाली 08755 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 14 अक्टूबर तक इतवारी से छूटने वाली 08756 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 14 अक्टूबर, तक रामटेक से छूटने वाली 08751 रामटेक- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 से 13 अक्टूबर तक रायपुर से छूटने वाली 08267 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 14 अक्टूबर, तक इतवारी से छूटने वाली 08268 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 से 13 अक्टूबर तक रायपुर से छूटने वाली 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 10 से 13 अक्टूबर तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 08723 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 14 अक्टूबर तक गोंदिया से छूटने वाली 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 14 अक्टूबर तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 14 अक्टूबर तक गोंदिया से छूटने वाली 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 14 अक्टूबर तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 14 अक्टूबर को बालाघाट से छूटने वाली 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 14 अक्टूबर, तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 11 से 14 अक्टूबर तक गोंदिया से छूटने वाली 08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 13 अक्टूबर तक गेवरा रोड से छूटने वाली 18239 गेवरा रोड-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) शिवनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08 से 13 अक्टूबर, तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 18240 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08 से 13 अक्टूबर तक बिलासपुर से छूटने वाली 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 09 से 14 अक्टूबर, को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 12856 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।



9 अक्टूबर को भूनेश्वर से छूटने वाली 12880 भूनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 11 अक्टूबर को कुर्ला से छूटने वाली 12879 कुर्ला-भूनेश्वर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 11 एवं 13 अक्टूबर को सिकंदराबाद से छूटने वाली 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 12 एवं 14 अक्टूबर को रायपुर से छूटने वाली 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 12 अक्टूबर को बिलासपुर से छूटने वाली 12849 बिलासपुर पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13 अक्टूबर, को पुणे से छूटने वाली 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 11 अक्टूबर को पूरी से छूटने वाली 20813 पूरी-जोधपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14 अक्टूबर को जोधपुर से छूटने वाली 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13 अक्टूबर को पोरबंदर से छूटने वाली 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 15 अक्टूबर को सांतरागाछी से छूटने वाली 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 07 से 13 अक्टूबर तक बरौनी से छूटने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस दुर्ग एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। 08 से 14 अक्टूबर, तक गोंदिया से छूटने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस गोंदिया एवं दुर्ग के बीच रद्द रहेगी।

## संपादकीय

### मिठाइयों की शुद्धता पर अभी से ध्यान ज़रूरी

*अनेक धार्मिक पर्व नज़दीक आ रहे हैं। थोड़े दिनों के बाद विभिन्न तरह के मिष्ठान्न बनाने की तैयारियां घरों और दूकानों में प्रारम्भ हो जायेंगी। छत्तीसगढ़ में भी ये सारे त्यौहार एवं पर्व काफी धूमधाम से मनाए जाते हैं। इन सभी तरह के त्यौहारों में घरों में मीठा तो बनता ही है, ज्यादातर लोग दुकानों से मिठाइयां खरीदते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि उनकी शुद्धता पर अभी से ध्यान दिया जाये। राज्य सरकार के खाद्य और औषधि विभाग ने तो अभी से निगरानी प्रारम्भ कर दी है, स्वयं ग्राहकों को चाहिये कि वे सावधान रहें। ऐसी मिठाइयां बिलकुल न खरीदें जिनमें अशुद्धता का ज़रा भी अंदेशा हो। यह सेहत के लिये बहुत हानिकारक है।*

*फिलहाल चल रहे पितृ पक्ष की समाप्ति के तुरन्त बाद यानी 15 अक्टूबर के पश्चात एक तरह से मिष्ठान्नों का मौसम आ जायेगा। श्राद्ध के पकवान तो घरों में ही बनते हैं, जिनमें मीठे पदार्थ भी शामिल होते हैं। बाद के सभी त्यौहारों में लोग बाहरी मिठाइयां खरीदते हैं। इनमें नवरात्रि, विजयादशमी और मुख्य रूप से दीपावली के त्यौहार हैं। लोगों को अपने मित्रों व परिजनों को देने के लिये बड़ी मात्रा में मिष्ठान्न लेने होते हैं जो घरों में बनने सम्भव नहीं होते। इसलिये वे बाजारों का रुख करते हैं। चूंकि इसकी बिक्री इतनी होती है कि उनका निर्माण पहले से करना पड़ता है। खासकर, खोवे का संग्रहण कर रखना होता है वरना इसकी उपलब्धता नहीं रहती। खोवा या जिसे मावा भी कहते हैं, उसकी गुणवत्ता अक्सर खराब पाई जाती है। दूध भी काफी लगता है इसलिये उसमें मिलावट होती है। ऐसे ही, घी व पनीर की भी शिकायतें मिलती हैं। छ.ग. के खाद्य व औषधि विभाग ने मिलावटी व गुणवत्ताहीन सामग्रियां बनने से रोकने के लिये अभी से सख्ती बरतने के निर्देश अपने अधिकारियों को जारी कर दिये हैं। विभागीय अधिकारी खोवा, दूध, घी, पनीर जैसी वस्तुओं पर अभी से नज़र रखेंगे जो कि मिठाइयां बनाने के लिये कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त होते हैं। इसके लिये दूकानों, उनके स्टोर्स, वेयर हाउसों पर नज़र रखी जायेगी और उनकी जांच होगी। खुले में या सड़कों पर पंडाल लगाकर मिष्ठान्न बेचने वालों पर विशेष रूप से नज़र रखी जायेगी।*

*विभागीय कार्रवाई जो भी हो, स्वयं लोगों को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। लोगों को चाहिये कि केवल प्रतिष्ठित दूकानों से ही मिठाइयां या अन्य वस्तुएं खरीदें। लम्बे समय तक खुले में रखे या डिब्बाबंद पकवान भी देख-परख कर लेने चाहिये। चखकर देखने की सुविधा हो तो वह भी करना चाहिये। अगर मिठाई किसी और को उपहार में देने के लिये है तो बिलकुल ताजी होनी चाहिये क्योंकि वह देने वाले को पास भी कुछ समय तक तो रखी ही रहती है।*

## सार-संक्षेप

### त्रिलोक ने राष्ट्र संत सतगुरु देव श्रीश्री रितेश्वर महाराज का किया भव्य स्वागत



**बिलासपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रखर राष्ट्र संत सतगुरु देव श्री श्री रितेश्वर जी महाराज, श्री धाम वृंदावन के बिलासपुर आगमन के दौरान बिलासपुर से जांजगीर चांपा प्रवास के मध्य जिले के लोकप्रिय कांग्रेस नेता, पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय नेता त्रिलोक श्रीवास के मार्गदर्शन में उनके सहयोगियों ने सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर पुष्पहार पुष्प वर्षा श्रीफल आतिशबाजी से सदगुरुदेव का भव्य स्वागत किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर त्रिलोक चंद्र श्रीवास के साथ अजय गुप्ता मुन्ना, नंदू गुप्ता अशोक बजाज मुकेश अग्रवाल सुरेंद्र श्रीवास राजकुमार श्रीवास शिव श्रीवास बबलू श्रीवास लक्ष्मी श्रीवास चंद्रमणि श्रीवास नवीन श्रीवास दीपक तिलहरण श्रीवास आशीष श्रीवास दीपक श्रीवास पार्थ पोर्ट अनिल कश्यप दीपक कश्यप सुखदेव दास महेश मिश्रा नितेश शर्मा गणेश वर्मा राहुल गोरख मंगल वाजपेई प्रतीक तिवारी चरण सिंह राज कौशल श्रीवास्तव प्रताप वर्मा सहित सैकड़ो भक्तजन उपस्थित थे। विदित हो कि श्री श्री सदगुरुदेव रितेश्वर महाराज एक दिव्य चमत्कारी संत है, पूरे भारत और भारत के बाहर उनके करोड़ों शिष्य हैं, सनातन धर्म और राष्ट्र सेवा के लिए विश्व में उनका आनंदम नाम समिति जुटा हुआ है, त्रिलोकचंद श्रीवास आनंदम धाम समिति के संयोजक भी हैं एवं सदगुरुदेव रितेश्वर जी महाराज के 15 वर्ष पूर्व जब छत्तीसगढ़ आगमन हुआ था जो तीन लोगों से परिचय प्रथम हुआ तो उसमें से एक त्रिलोक चंद्र श्रीवास है।

### जोनल मुख्यालय में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा संपन्न



**बिलासपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी में कामकाज को प्रोत्साहित करने और वृद्धि लाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मुख्यालय में रेल तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए 14 सितंबर हिंदी दिवस के उपलक्ष्य से लेकर 03 अक्टूबर 2023 तक राजभाषा पखवाड़ा 2023 चलाया गया। इस दौरान राजभाषा हिंदी से संबंधित विभिन्न प्रेरक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। राजभाषा पखवाड़ा 2023 का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह 3 अक्टूबर को विजय कुमार साहू, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य में जोनल सभाकक्ष, मुख्यालय में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम शशि प्रकाश द्विवेदी, मुख्य राजभाषा अधिकारी ने अपर महाप्रबंधक का स्वागत किया और आयोजित की गई प्रतियोगिताओं और विजेताओं के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर विजय कुमार साहू ने कहा कि राजभाषा पखवाड़ा के दौरान प्रतिभागियों में राजभाषा हिंदी के प्रति लगन एवं प्रेम उनके लेखन एवं प्रस्तुतियों में परिलक्षित हुई जिसके लिए सभी पुरस्कार विजेताओं को हार्दिक बधाई। इसके साथ ही राजभाषा पखवाड़ा 2023 के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। इसके पश्चात अपर महाप्रबंधक के करकमलों से सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अवगत हो कि 14 एवं 15 सितंबर को पुणे, महाराष्ट्र में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रधान कार्यालय, मंडलों एवं कारखानों के राजभाषा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर का प्रतिनिधित्व किया।

## कलेक्टर ने मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की दी जानकारी

### जिले में 14 लाख 13 हजार 823 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग

### जिले में बढ़े 50 हजार 311 मतदाता

**बिलासपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा ने आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में राजनैतिक दलों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन उपरांत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जिले में अंतिम प्रकाशन के बाद कुल मतदाताओं की संख्या 14 लाख 13 हजार 823 है। पुरूष मतदाताओं की संख्या 7 लाख 10 हजार 777, महिला मतदाताओं की संख्या 7 लाख 2 हजार 961 एवं थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 85 है।



कलेक्टर श्री झा ने बताया कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान 2 अगस्त 2023 की स्थिति में जिले में 13 लाख 63 हजार 512 मतदाता थे। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान विशेष जागरूकता अभियान चलाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया गया। अभियान के सफल क्रियान्वयन के पश्चात जिले में 50 हजार 311 मतदाता बढ़े है। इनमें 23 हजार 520 पुरूष एवं 26 हजार 797 महिला मतदाता बढ़े है। इसके साथ ही पुनरीक्षण अवधि के दौरान जिले में 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या में भी 15 हजार 595 की वृद्धि दर्ज की गई है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में दिव्यांग मतदाता 9 हजार 330 दर्ज किये गये है। मतदान केंद्रों की संख्या 1502 है। इनमें कोटा विधानसभा में 203, तखतपुर में 287, बिल्हा में 200, बिलासपुर में 228, बेलतरा में 250 एवं मस्तूरी में 334 मतदान केंद्र शामिल है। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत उपयोग करने की अपील की है।

## वीडियोग्राफी के लिए 9 अक्टूबर तक निविदा आमंत्रित

**बिलासपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों की वीडियोग्राफी के लिए 9 अक्टूबर तक निविदा आमंत्रित की गई है। इच्छुक व्यक्ति अथवा फर्म उक्त तिथि को दोपहर 3 बजे तक कलेक्टोरेट स्थित निर्वाचन शाखा में निविदा जमा कर सकते है। निविदा उसी दिन अपरान्ह 4 बजे से खोली जाएगी। निविदा के लिए निर्धारित फॉर्म की बिक्री निर्वाचन कार्यालय द्वारा 6 अक्टूबर तक की जायेगी। जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट में इस संबंधी विस्तृत शर्तों का अवलोकन किया जा सकता है।

## आप महिला विंग ने निकाली बदलाव पदयात्रा

**बिलासपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी (महिला विंग), बिलासपुर द्वारा बिलासपुर और छत्तीसगढ़ के अन्य कोनों में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ हुए अनाचार के खिलाफ़, जिलाध्यक्ष श्रीमती आसना जयसवाल के नेतृत्व में बदलाव पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा शहर के गांधी चौक से शुरू होकर तेलीपारा होते हुए पुराना बस स्टैंड में समाप्त हुई। बदलाव यात्रा की शुरुआत गांधी जी प्रतिमा पर फूल, माला अर्पण करके की गई। इस बदलाव पदयात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा झा एवं प्रदेश सचिव श्रीमती के ज्योति शामिल हुई, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सहङ्कसचिव मुन्ना बिसेन रहें। आम आदमी पार्टी (महिला विंग), बिलासपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जनता ने हिस्सा लिया। मुख्य रूप से प्रियंका शुक्ला, उज्वला कराडे, धर्मदास भार्गव, अनुभा शर्मा, गोपाल यादव, अरूण नायर, वीरेंद्र राय, भागवत साहू, रेवा शंकर साहू, मोहित यादव, खगेश चंद्राकर, प्रमोद पटेल, दीपक पात्रे, मनभजन साहेब टंडन, अरविंद पांडे, इरफान सिद्दीकी, विवेक यादव आदि उपस्थित थे।



## शुभम विहार के लोगों ने विधायक के घर पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार

### मोहल्ले वालो ने भाजपा नेता पर सड़क पर कब्जा करके जमीन घेरने का लगाया गंभीर आरोप

**बिलासपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। उसलापुर शुभम विहार में रहने वाले लोगो ने विधायक शैलेष पांडेय के घर पहुंचकर न्याय की गुहार लगायी। शुभम विहार में रहने वाले सैकड़ो लोगो ने एक साथ फ़रियाद की। आक्रोशित महिलाओ ने विधायक से कहा की भाजपा नेता ने सरकारी जमीन पर कब्जा करके सड़क को घेर लिया है। जिसके कारण आना जाना मुश्किल हो चुका है, जबकि क्षेत्र के नागरिकों ने मामले की शिकायत कलेक्टर नगर निगम आयुक्त व महापौर से की है। जब सुनवाई नहीं हुई तो मोहल्ले वालो ने विधायक शैलेष पांडेय से मुलाक़ात की। जिन्होंने आपबीती बताई तो विधायक से रहा नहीं गया बल्कि उन्होंने तुरंत एसडीएम और तहसीलदार को कड़ी फटकार लगा दी। विधायक ने साफ कहा की बेजाकब्जा को खाली किया जाए और पीड़ितों की मदद की जाए जो पिछले 10 साल से परेशान है।



वही शिकायत करने वालो ने मीडिया से कहा की लोग परेशान है लेकिन फरियाद को सुनने वाला कोई नहीं था। विधायक निवास पहुंचे नागरिको ने कहा है जल्द ही मार्ग से मलबा नहीं हटाया गया और सड़क के काम में बाधा डाला गया तो उसलापुर रोड में चक्का जाम किया जाएगा। दरअसल उसलापुर स्टेशन के निकट लकड़ी टाल में पीछे रेलवे विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र के पीछे सीसी निर्माण किया गया है। सड़क का निर्माण नगर निगम द्वारा 8 लाख 24 बजार रुपए की लागत से किया गया था। इसमें सड़क भी आधी बन पाई है। यही पर बेजा कब्जा करने वाले भाजपा नेता किशोर कछवाहा ने अपने रसूख के चलते कब्जा किया और गुंडागर्दी की। वही मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तुरंत ही एसडीएम और तहसीलदार समेत पटवारी की क्लास ली और सीधे निर्देश दिया की जल्द से जल्द बेजाकब्जा हटना चाहिए। ताकि आने जाने वालो को रास्ता मिल सके और किसी के लिए सड़क मार्ग बंद न हो। यह लोग बीते साल से परेशान है जो भाजपा शासन और कांग्रेस शासन में फरियाद लगा चूके है, लेकिन इनकी सुनने वाला कोई नहीं था। यही कारण था की इनको बार बार भटकना पड़ा। फ़िलहाल इसे संज्ञान में लेकर विधायक ने जल्द कार्रवाई करने और सड़क को खाली करवाने का आश्वासन दिया है।

## लाखों के फड़ के साथ 11 जुआरी गिरफ्तार

### श्री सांई काम्पलेक्स में तारबाहर पुलिस ने मारा छापा

**बिलासपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसपी संतोष सिंह, एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल के द्वारा जुआ सट्टा पर कडी कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिये गये हैं। आज थाना प्रभारी तारबहार को मुखबीर सूचना मिली की श्रीसाई कॉम्प्लेक्स में निक्कू भंडारी नामक व्यक्ति लोगो को इकट्ठा कर जुआ खिलवा रहा है। जिस पर नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन संदीप पटेल के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी विजय कुमार चौधरी के द्वारा टीम बनाकर थाना तारबहार क्षेत्र के सीएमडी कालेज के सामने श्री सांई काम्पलेक्स में जुआ खेलते जुआडियों पर तारबहार पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही किया गया।



कार्रवाई के दौरान 11 जुआडियों सौरभ शुक्ला पिता सूर्यकांत शुक्ला जूना बिलासपुर, नीरज पहुजा पिता धनेंद्र पाहुजा जुना बिलासपुर, आशीष थवाईत पिता सुरेश थवाईत करबला रोड सिटीकोतवाली बिलासपुर, विकास सिंह पिता स्व. विजय सिंह निवासी मुक्तिधाम सरकण्डा बिलासपुर, राहुल चंद्रवंशी पिता जयराम चंद्रवंशी निवासी चांटीडीह सरकण्डा बिलासपुर, करन मेहता पिता नरेश मेहता निवासी सीपत चौक सरकण्डा, विवेक ताम्रकार पिता विजय ताम्रकार निवासी जबडापारा सरकण्डा बिलासपुर, विशाल ताम्रकार पिता विजय ताम्रकार निवासी जबडापारा सरकण्डा, मनीष अरोरा पिता सतीश अरोरा निवासी मुक्तिधाम सरकण्डा, महर्षि बाजपयी पिता रतीन्द्र बाजपयी निवासी कपील नगर सरकण्डा, विजय जायसवाल पिता स्व. प्रमोद जायसवाल निवासी ग्वाला रेस्टोरेंट सीएमडी कालेज के पास तारबाहर बिलासपुर को रूपये पैसे का हार जीत का दांव लगाकर खेलते पाये जाने पर आरोपियों से 135687 रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त कर जुआ एक्ट की कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया जाता है। उक्त कार्रवाई में थाना तारबहार के प्रभारी निरीक्षक श्री विजय कुमार चौधरी, उनि संजीव सिंह ठाकुर, सोनी मोतीलाल एआर, संदीप, राजेंद्र, मुरली, सालिकराम, वीरेंद्र, राहुल का योगदान रहा।

## दुर्ग-हटिया के मध्य द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**बिलासपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेल यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग-हटिया-दुर्ग के मध्य चल रही 08185 / 08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल की सुविधा 29 सितम्बर, 2023 तक चल रही है, इस गाड़ी के परिचालन को दिनांक 27 दिसम्बर, 2023 तक विस्तार किया जा रहा है।



# भिलाईबाजार में उप तहसील कार्यालय का उद्घाटन

## पूर्व जिपं उपाध्यक्ष अजय का रहा प्रयास

**कोरबा**, 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जायसवाल की भिलाई बाजार को उप तहसील बनाने की मांग आखिरकार रंग लाई।

कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व.कृष्णलाल जायसवाल के गृहग्राम भिलाई बाजार में आज उप तहसील कार्यालय का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक पुरूषोत्तम कंवर के द्वारा उपस्थित अन्य गणमान्य ग्रामीणजनों की उपस्थिति में किया गया। दीपका को तहसील और ग्राम भिलाई बाजार को उप तहसील बनाने की मांग पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जायसवाल लंबे समय से करते आ रहे थे क्योंकि क्षेत्र के नागरिकों को तहसील से संबंधित कार्य हेतु कटघोरा की ओर



जाना पड़ता था जिससे बहुत से कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। इस मुद्दे को लेकर अजय जायसवाल द्वारा निरंतर बात रखी जा रही थी। कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के विशेष प्रयासों व राजस्व मंत्री की भी कोशिशों से मांग पर सरकार की मुहर लगी और घोषणा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की। फलस्वरूप भिलाई बाजार में उप तहसील कार्यालय का उद्घाटन हुआ। उप तहसील के दायरे में आने वाले ग्रामवासियों ने इसके लिए धन्यवाद दिया है। भिलाई बाजार के उप तहसील बनने से कुल 37 ग्राम के लोगों को अब कटघोरा की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। विधायक पुरुषोत्तम कंवर व अजय जायसवाल ने कहा कि वे क्षेत्र वासियों की जरूरत और मांगों तथा समस्याओं का निराकरण के लिए हमेशा से सक्रिय रहे हैं और आगे भी जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

## सार-संक्षेप

### भू-विस्थापित नेताओं पर एफआईआर दर्ज




**कोरबा,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका परियोजना से प्रभावित लगभग 50 ग्रामवासियों के द्वारा 3 अक्टूबर को घंटाघर से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। दोपहर 1 बजे से जारी यह प्रदर्शन सह कलेक्ट्रेट घेराव रात 9 बजे तक चला। इस मामले में कोरबा एसडीएम की ओर से नायब तहसीलदार अमित केरकेट्टा के द्वारा सिविल लाइन थाना रामपुर में बिना सूचना और बिना अनुमति के धरना, प्रदर्शन करने वालों पर कार्यवाही के लिए आवेदन दिया गया। पुलिस ने आंदोलन के नेतृत्वकर्ता प्रशांत झा, दीपक साहू, नरेन्द्र राठौर व अन्य के विरूद्ध धारा 34, 341 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। आरोप है कि बिना अनुमति धरना के साथ-साथ ध्वनि विस्तारक यंत्रों का भी बिना अनुमति उपयोग किया गया। सडक़ पर धरना देने से जनसामान्य का आवागमन बाधित हुआ। इस जमावड़े से क्षेत्र में लोक परिशांति भंग होने की संभावना भी रही।

### सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 10 को

कोरबा, 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग से संबंधित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में 10 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1995 के तहत स्वीकृत राहत प्रकरणों तथा न्यायालय के द्वारा निर्णित, अनिर्णित प्रकरणों की समीक्षा सहित अन्य विशयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### लायंस क्लब का नेत्र परीक्षण शिविर, वाटर कूलर भेंट किया

कोरबा, 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल सीतामढ़ी में नेत्र जाँच शिविर आयोजित गया। डॉ. चंदा सेठिया भट्ट एवं उनके सहयोगी टीम द्वारा नेत्र परीक्षण कर लगभग 300 लोगों को लाभान्वित किया गया। इसके पश्चात् स्कूल के चेयरमेन एमजेएफ राजकुमार अग्रवाल (श्वेता) ने माता स्व. श्रीमती मायादेवी एवं पिता स्व. बाबूराम अग्रवाल की स्मृति में एवं परमानेंट प्रोजेक्ट के तहत वाटर कूलर लायंस स्कूल सीतामढ़ी को भेंट कर लोकार्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्षा मीना सिंह ने की एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजकुमार अग्रवाल (श्वेता) व संतोष खरे रहे।

इस अवसर पर एमजेएफ जयप्रकाश अग्रवाल, एस.के. अग्रवाल, कामायनी दुबे, सत्येन्द्र वासन, शहनाज शेख, नन्दकिशोर अग्रवाल, दीपक माखीजा, पुरुषोत्तम अग्रवाल, पदम सिंह चंदेल, दीपक अग्रवाल, राजेन्द्र डागा, रमेश शर्मा सहित प्राचार्य जी.आर. हंस व शिक्षकगणों की उपस्थिति रही। नेत्र शिविर में सहयोग के लिए डॉ. भट्ट व उनकी टीम के प्रति क्लब ने आभार व्यक्त किया।

### चाकाबुड़ा में होगा मॉडल जैतखाम का निर्माण

कोरबा, 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायगढ़ के कोड़ातराई में 4 अक्टूबर को भरोसे के सम्मेलन कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खडग़े व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के 82 चयनित विकासखण्डों में मॉडल जैतखाम निर्माण हेतु वर्चुअली शिलान्यास किया। कोरबा जिले के जनपद पंचायत कटघोरा अंतर्गत ग्राम चाकाबुड़ा में 25 लाख रूपए की लागत से मॉडल जैतख़ाम का निर्माण किया जाएगा।

संत गुरू घासीदास के सतनाम पंथ के प्रतीक जैतखाम का विकास हेतु मॉडल जैतखाम का निर्माण किया जा रहा है। गुरू घासीदास के समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, सत्य की मार्ग पर चलने की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने हेतु लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उक्त वर्चुअली कार्यक्रम में जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम चाकाबुड़ा में मॉडल जैतख़ाम का शिलान्यास किया गया। जिला पंचायत के सभागार में आयोजित उक्त कार्यक्रम में रूप से जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीलिमा धृतलहरे, कलेक्टर सौरभ कुमार, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप वर्चुअली जुड़े थे। अखिल भारतीय सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े, ग्राम चाकाबुड़ा सरपंच, सचिव, ग्रामीण सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### आयुष्मान भवः अभियान, पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन

**कोरबा,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिले के ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन कर उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं की जानकारी दी गई। आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, सिकलसेल एनीमिया, अंगदान, रक्तदान, टी.बी., कुष्ठ, तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम तथा स्वच्छता संबंधी जानकारी देने के साथ ही अंगदान तथा तम्बाकू मुक्त जिला हेतु शपथ दिलाया गया। अंगदान के इच्छुक व्यक्ति अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर जानकारी प्राप्त कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं साथ ही नोटो की साइट पर जाकर अंगदान हेतु स्वयं रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

जिले में विगत 17 सितंबर से आयुष्मान भवः अभियान चलाया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच की सुविधा के साथ ही जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जाँच एवं उपचार एवं उन्हें स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 1 अक्टूबर को जिले के सीएमएचओ कार्यालय, मेडिकल कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों ,हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स, उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालय, अस्पताल तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मेडिकल कालेज में छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। विगत दिवस जिला क्षय अधिकारी डॉ.जी.एस.जात्रा तथा उनकी टीम द्वारा कुष्ठ आश्रम मुड़ापार में कुष्ठ मरीजों को सेल्फ केयर किट, फल एवं जलपान का वितरण कर उन्हें स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई।

# हर विधानसभा में 5 पिंक बूथ व मॉडल बूथ का किया जाएगा निर्माण

- जिले में जुड़े 28,980 नए मतदाता, 18 से 19 वर्ष के 10, 859 नए वोटर
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी



**कोरबा**, 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने आज राजनैतिक दलों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक जानकारी दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राजनैतिक दलों को जिले के सभी विधानसभाओं के मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन जारी होने की जानकारी देते हुए सभी दलों को मतदाता सूची की प्रतियां उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाती है। जिला प्रशासन का पूरा सहयोग आपके साथ है साथ ही आपसे भी पूर्ण सहयोग की प्रशासन को अपेक्षा है।

कलेक्टर ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता कार्यक्रम अंतर्गत 4 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 28,980 नए मतदाता जुड़े है। इनमें 18-19 वर्ष के नए मतदाताओं की कुल संख्या 10, 859 है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 1080 मतदान केंद्र एवं मतदाताओं की कुल संख्या 9 लाख 18 हजार 358 है। जिसके अंतर्गत 4 लाख 59 हजार 80 पुरुष मतदाता एवं 4 लाख 59 हजार 238 महिला मतदाता है। उन्होंने बताया कि हर विधानसभा में 05 पिंक बूथ व मॉडल बूथ का भी निर्माण किया जाएगा।

### राजनीति दलों को दी गई जानकारी

बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों को निर्वाचन प्रचार हेतु किए जाने वाले व्यय की गणना, विभिन्न सामाग्रियों, सेवाओं आदि के लिए दर निर्धारण के बारे में जानकारी भी प्रदान की गई। इनमें मुख्य रूप से खाद्य सामाग्री, पंडाल, मंच-निर्माण, स्वागत द्वार, माइक व्यवस्था एवं ध्वनि विस्तार, होर्डिंस, फ्लैग्स, बैनर, वाहनों की दैनिक भाड़ा, होटल रेस्ट हाऊस का प्रतिदिन का खर्च, हैलिपैड किराया आदि शामिल है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष सहित प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# व्यापारी को दिया चेक बाउंस हुआ, ठेकेदार पर अर्थदण्ड

## 28 लाख 27 हजार रुपए का जुर्माना

**कोरबा,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। चेक डिसऑनर के मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने बालको नगर निवासी ठेकेदार प्रमेंद्र पाल सिंह (चिंटू) प्रोपराइटर यूपी वुड प्रोडक्ट को 28 लाख 27 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई।

ठेकेदार प्रमेन्द्र पाल सिंह ने वर्ष 2006 में अपने ठेके के कार्य के लिए दर्री रोड कोरबा स्थित कमल प्लाई वुड सेंटर से 14 लाख 13 हजार 655 रुपये का सामान क्रय किया था, जिसके भुगतान हेतु इतनी ही राशि का चेक कमल प्लाईवुड सेंटर के संचालक गजानंद अग्रवाल को उसके द्वारा दिया गया था। यह चेक खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण अनादरित हो गया।

चेक के अनादरित होने पर गजानंद अग्रवाल के द्वारा न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी हरिश्चंद्र मिश्र के न्यायालय में परिवाद दायर किया गया। सुनवाई करते हुए न्यायाधीश श्री मिश्र ने ठेकेदार प्रमेंद्र पाल सिंह को दोषी पाते हुए अपने निर्णय दिनांक 30 जून 2022 में 18 लाख रुपए जुर्माना तथा 06 माह के साधारण कारावास से दंडित किया था।

फैसले को चुनौती देते हुए ठेकेदार द्वारा प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई थी। दोनों पक्षों के तर्क सुनने के पश्चात न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी के द्वारा अपने निर्णय 30.09.2023 में आरोपी ठेकेदार पर 28 लाख 27 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए अपील खारिज कर दी गई। इस मामले में पीड़ित व्यवसायी की ओर से अधिवक्ता यासीन मेमन व एस.वी. उपाध्याय के द्वारा पैरवी की गई।

### शनिवार को उरगा फीडर क्षेत्र की बंद रहेगी बिजली

**कोरबा-बरपाली**, 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के द्वारा कोरबा उप संभाग के अंतर्गत आने वाले कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में अति आवश्यक रख-रखाव एवं सुधार कार्य के कारण 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी। 33 केव्ही फीडर उरगा के अंतर्गत आने वाले 33 केव्ही बरपाली एवं उरगा उप केन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर (बरपाली, मड़वारानी, फरसवानी, उरगा, बरबसपुर, पताढ़ी, खरहरी व आसपास के क्षेत्रों) में बिजली बंद रहेगी। इस संबंध में विभाग द्वारा आवश्यक सूचना दी गई है।

## मतदाता सूची के संबंध में मंगाए गए दावा-आपत्ति

अवगत कराया गया कि जिले के सभी 18 मतदान केन्द्रों, जिला निर्वाचन कार्यालय, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन आम नागरिकों के लिए किया गया है। प्रकाशित सूची के संबंध में आम जन मतदान केन्द्रों में उपस्थित बूथ लेवल अधिकारी/ अविहित अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय/ तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय के समक्ष दावा-आपत्ति का आवेदन कर सकते हैं।

## जेएसएस ने शिव मंदिर छठ घाट में किया श्रमदान



**कोरबा,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान कोरबा द्वारा मंत्रालय के निर्देश के तहत स्वच्छता ही सेवा की थीम पर रविवार को साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। एसईसीएल कोरबा के शिव मंदिर परिसर स्थित छठ घाट में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद शैलेंद्र सिंह पप्पी द्वारा हितग्राहियों को स्वच्छता शपथ दिलाया गया। उसके पश्चात वार्ड में स्वच्छता रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि ने जेएसएस स्टाफ एवं हितग्राहियों द्वारा स्वच्छता के प्रति किए जाने वाले प्रयास की सराहना की। जेएसएस के निदेशक ने हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा की थीम पर अभियान चलाने निर्देशित किया गया है जिस कारण हम आज यहां उपस्थित हुए हैं। स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है बिना स्वच्छता के जीवन मुमकिन नहीं है। हम अपने बच्चों को शुरू से अच्छी आदतें और वातावरण को साफ रखना सिखाते हैं, ठीक इसी प्रकार एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि अपने आस-पास तथा शहर व गांव को साफ सुथरा रखें। हमारे जीवन में मानसिक, शारीरिक शुद्धि जितनी आवश्यक है उतनी ही आवश्यक हमारे आस-पास की साफ सफाई है इसलिए एक जिम्मेदार नागरिक बनें और स्वच्छता को अपनाएं। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी सावित्री जेना, तृष्या मोहंती,लक्ष्मी चटर्जी, विजयलक्ष्मी महंत, सुनीता राठौर, सतरूपा प्रजापति, ज्योति बरेठ, किशोर महंत, नरेंद्र साहू, संजय बरेठ, उमेश, अनिता सहित हितग्राही उपस्थित थे।

## मिनीमाता सम्मान के लिए आवेदन 10 तक

**कोरबा**, 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिला एवं अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) प्रदान किया जाता है। सम्मान के अंतर्गत महिला या संस्था को 2 लाख रुपए की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका प्रदान किया जाता है। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा जांच के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियां राज्य शासन को भेजी जाएगी। इस हेतु आवेदन 10 अक्टूबर 2023 तक आमंत्रित किया गया है। आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा में निर्धारित प्रारूप में जमा किए जा सकते है। निर्धारित प्रारूप कार्यालय के नोटिस बोर्ड में अवलोकन एवं कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में संपर्क कर सकते है।

## हॉकर संघ के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**कोरबा,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री ने टीपी नगर में हॉकर संघ के लिये निर्मित होने वाले 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। दूसरी बार शहर में हॉकर संघ के लिये सामुदायिक भवन बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है। इसके पहले निहारिका चौक के समीप भवन बनाया गया है।




भूमिपूजन अवसर पर राजस्व मंत्री ने कहा कि किसी भी मौसम में अखबार को घर, दुकान और दफ्तर तक पहुंचाने के लिये हॉकर निरंतर मेहनत करते हैं लेकिन उनके पास खुद का भवन नहीं होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश समाचार पत्र बिलासपुर और रायपुर से कोरबा आते हैं जिसका वितरण एक निश्चित स्थान पर उतरवा कर किया जाना जरूरी होता है। हॉकरों का सामुदायिक भवन बनने से निश्चित रूप से खासकर बरसात के दिनों में हॉकरों के लिये यह एक बेहतर सुविधाजनक स्थान होगा। जमनीपाली में भी हॉकर संघ के लिये भवन निर्माण की स्वीकृति दे दी गई है। इसके बाद बालको एवं कुसमुण्डा क्षेत्र में भवन बनाने के लिये आने वाले कार्यकाल में कार्य किया जायेगा। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि यह एक जरूरत थी जिसे पूरा करने में राजस्व मंत्री ने प्रेरित किया। इस मौके पर सभापति श्याम सुंदर सोनी, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, सपना चौहान, संतोष राठौर, रवि सिंह चंदेल, धनसाय साहू, एल्डरमेन रामगोपाल यादव और हॉकर संघ से विपेन्द्र कुमार साहू, जय कुमार नेताम, लक्ष्मी राठौर, दिलीप यादव, राय सिंह, बजरंग यादव, रविंदर, दिलबाग, विनोद सिन्हा आदि हॉकर उपस्थित रहे।

## नर्मदा एक्सप्रेस को कोरबा से चलाने की मांग

**कोरबा,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिवनाथ एक्सप्रेस का कोरबा तक विस्तार होने से 29 सितंबर से एक बड़ी परेशानी दैनिक यात्रियों के सामने खड़ी हो गई है, क्योंकि इसी क्रम में बिलासपुर-कोरबा-पैसेंजर स्पेशल गाड़ी संख्या 08212 को बंद कर दिया गया है। इसके कारण यात्रियों को साढ़े सात घंटे तक बिलासपुर से कोरबा आने कोई भी ट्रेन नहीं मिल पा रही है। इस गाड़ी के स्थान पर रेलवे प्रशासन के लिए परेशानी नहीं बनने वाली नर्मदा एक्सप्रेस से बेहतर कोई दूसरा विकल्प फिलहाल नहीं है। इसलिए रेल संघर्ष समिति कोरबा के पदाधिकारियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि नर्मदा एक्सप्रेस का कोरबा तक विस्तार किया जाए या फिर इस गाड़ी को बिलासपुर से दोपहर 2.50 बजे नियमित गेवरा रोड तक स्पेशल पैसेंजर बनाकर चलाया जाए। इससे दोनों ही दिशाओं के उदैनिक यात्रियों की परेशानी दूर हो जाएगी।

# राजस्व मंत्री व सांसद ने एक ही दिन में किया 81 विकास कार्यो का भूमिपूजन

## राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ कोरबा की आम जनता ले रही




**कोरबा,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री के मुख्य आतिथ्य में नगर निगम के दर्री, बालको, कोसाबाड़ी जोनांतर्गत 12 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से विभिन्न वार्डो में 81 विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की गेस्ट ऑफ ऑनर सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत थीं। अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद ने की और विशिष्ट अतिथि मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण थे।

भूमिपूजन अवसर पर सांसद ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार भरोसे की सरकार है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके मंत्रीमण्डल के सदस्य बहुत अच्छे से कार्य कर रहे हैं। मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ कोरबा की आम जनता ले रही है। महापौर ने कहा कि हर गली, मोहल्ले तथा शहरों में चारों तरफ विकास ही विकास दिख रहा है और नगरवासियों को हर क्षेत्र में लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, कृपाराम साहू, पालूराम साहू, मस्तुल सिंह कंवर, प्रदीप जायसवाल, सुनील पटेल, रोपा तिर्की, पार्षद पुष्पा-देवीदयाल सोनी, बुधवारसाय यादव, फिरतराम साहू, ज्वाला प्रसाद, गोलू पाण्डेय, पुष्पा देवी कंवर, कविता नारायण सिंह ठाकुर, अरूण वर्मा, विजय साहू, एल्डरमेन आरिफ खान, रेखा त्रिपाठी, पुरानदास, मनीराम साहू, आशीष अग्रवाल, उषा तिवारी, बी.एन.सिंह, सुधीर जैन, कुसुम द्विवेदी, प्रेमलता मिरा, राजेन्द्र सिंह, अंतराम प्रजापति, सुरज महंत, उषा जायसवाल, बिसाहू दास, सीमा कुर्रे, आनंद पालीवाल, संजय कंवर, संजय जायसवाल, राजेन्द्र तिवारी, सुबोध शुक्ला, विनोद अग्रवाल, बद्री वस्त्रकार, सौरभ अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### अधिवक्ता भवन में नये पार्टीशन केबिन का लोकार्पण

राजस्व मंत्री ने जिला न्यायालय के पास जिला अधिवक्ता संघ भवन में पार्टीशन केबिन का लोकार्पण कर महापौर मद से वार्ड क्र. 33 में 20 लाख रूपये की लागत से भवन में अतिरिक्त विकास कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान जिला न्यायालय के न्यायाधीश डीएल कटकवार, कुटुम्ब न्यायालय से ओ.पी.गुप्ता, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मनीष शर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय जायसवाल, पार्षद सुरेन्द्रप्रताप जायसवाल, अब्दुल रहमान, सुधीर निगम, श्रीमती रंजना दत्ता, सुरेश शर्मा, संजय साह, श्यामल मल्लिक, आई.पी.वर्मा, सुरेश पटेल आदि उपस्थित थे।

# सार-संक्षेप

## उप मुख्यमंत्री सिंहदेव करेंगे विभिन्न कार्यों का लोकार्पण

**अम्बिकापुर** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव 5 अक्टूबर को अपने एक दिवसीय सरगुजा प्रवास के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। वे 5 अक्टूबर को प्रात: 11:00 बजे रायपुर से शासकीय विमान द्वारा सरगुजा जिले के दरिमा विमानतल के लिए रवाना होंगे। वे पौने 12 बजे दरिमा विमानतल पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री दरिमा विमानतल से सड़क मार्ग द्वारा लखनपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर सवा 12 बजे लखनपुर में हमर क्लिनिक का लोकार्पण करेंगे। वे पुहपुटरा रोड निर्माण, निम्हा, लटोरी, गुमगरा और लहपटरा हाट-बाजार तथा टपरकेला और सरगवां में स्थापित होने वाले 132/33 के.वी. विद्युत उप केंद्र का भूमिपूजन भी करेंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव दोपहर 01:10 बजे लखनपुर से सड़क मार्ग द्वारा रामपुर के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर डेढ़ बजे रामपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करेंगे। वे मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत चार सड़कों और घुनघट्टा श्याम परियोजना के स्वीकृत कार्यों का भूमिपूजन भी करेंगे। श्री सिंहदेव दोपहर ढाई बजे रामपुर से अंबिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे अंबिकापुर में दोपहर पौने तीन बजे नवनिर्मित जीएसटी भवन का लोकार्पण करेंगे। वे दोपहर 03:20 बजे अंबिकापुर में राजमोहनी भवन में रसोईया महासंघ से संवाद करेंगे।

## शिक्षकों को प्रोत्साहित करने संकुल स्तरीय शिक्षा गुणवत्ता समिति का गठन

**सूरजपुर** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकासखण्ड सूरजपुर अंतर्गत संकुल केन्द्र जयनगर आजाक की संकुल स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक संकुल प्राचार्य श्रीमती कलिस्ता अक्खड़ की अध्यक्षता में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में संकुल समन्वयक संजय मिश्रा के द्वारा मध्यान्ह योजना कार्यक्रम की प्रतिदिन ऑनलाइन एन्ट्री, सुघ्घर पढ़वईया योजना अंतर्गत सभी बच्चों का पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना की जानकारी,बच्चों की शत् प्रतिशत उपस्थिति एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागीय एजेण्डा पर चर्चा किया गया। तत्पश्चात् संकुल प्राचार्य श्रीमती कलिस्ता अक्खड़ ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हम सभी का दायित्व है और ऐसा करके ही हम अपने संकुल को एक आदर्श संकुल बना पाएंगे, उन्होंने संकुल अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों की सराहना की। उनके द्वारा शिक्षकों के समक्ष शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु विद्यालय में आने वाली समस्याओं की समीक्षा की गई और उन समस्याओं के समाधान व बेहतर प्रदर्शन के लिए शिक्षकों को निरन्तर प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने हेतु एक अभिनव पहल करते हुए संकुल स्तरीय शिक्षा गुणवत्ता समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। इस समिति में सर्वसम्मति से अध्यक्ष का दायित्व श्रीमती कलिस्ता अक्खड़, सचिव संजय मिश्रा संकुल समन्वयक, सदस्य श्रीमती सुनिता यादव शिक्षक माध्यमिक शाला कोकाशबहरा, श्रीमती शाहिना खातून शिक्षक माध्यमिक शाला तेलईकछार, प्रकाश सिंह शिक्षक माध्यमिक शाला गोपालपुर और गौतम कुमार शर्मा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ को सौंपा गया। इसके साथ ही अक्टूबर माह से प्रत्येक चौथे शनिवार को संकुल स्तरीय बैगलेस डे कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## मानव श्रृंखला का निर्माण कर मतदाता जागरूकता का संदेश

**सूरजपुर** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत करंजी में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा के निर्देशन में उच्चतर मा.वि. करंजी के छात्र-छात्राओं द्वारा ई.वी.एम, व्ही.व्ही. पैट एवं स्वीप सूरजपुर आदि आकृतियां प्रदर्शित की गई। विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए करंजी चौक से होते हुए रेलवे स्टेशन तक रैली का आयोजन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला स्वीप सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती लता बेक, विकासखण्ड स्वीप नोडल अधिकारी सुनील पोर्ते, प्राचार्य बी.के.नंदी संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं महिला बाल विकास के सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सुदर्शन राजवाडे, अशोक गुप्ता, सुदर्शन दास, पुनीता राजवाड़े, यशोदा सोनी, संदीप बेहरा और जयराम प्रसाद (बी.पी.ओ. साक्षरता) सूरजपुर उपस्थित थे।

## अग्रवाल सभा की बैठक संपन्न

**मनेन्द्रगढ़** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)।अग्रवाल सभा, मारवाड़ी युवा मंच तेजस्विनी शाखा मनेन्द्रगढ़ जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के तत्वावधान में श्री श्री 1008 भगवान श्री अग्रसेन महाराज की जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है.15अक्टूबर को होने वाले आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं. उक्ताशय की जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल( बंटी )ने बताया कि आगामी 15 अक्टूबर रविवार को समाज के पित्र पुरुष महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है. इस मौके पर समाज के नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं युवकों एवं महिलाओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है. पूजन कार्यक्रम 15 अक्टूबर 2023 रविवार को शाम 7~00 से होगा. इसी कड़ी में बीते 1 अक्टूबर से कई प्रतियोगिता प्रारंभ हो चुकी हैं जिसमें बकेट बाल प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, गिनती लिखो, गमला डेकोरेशन प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित हो चुकी है. आगामी 7अक्टूबर को पेपर से कैरी बैग बनाओ,ड्राइंग,चैलेंज योर मेमोरी, एक मिनट गेम जोड़ी से प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी. आगामी 8 अक्टूबर रविवार को चैलेंज योर मेमोरी पल्लू रंगोली, बहू और बेटी द्वारा मां का श्रृंगार, लिफाफा बनाओ तथा मटका फोड़ प्रतियोगिता होगी.

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 5 पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

अम्बिकापुर 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना दरिमा अम्बिकापुर-2 के परियोजना अधिकारी ने बताया कि बाल विकास परियोजना दरिमा के अंतर्गत रिक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त 5 पदों हेतु खुली भर्ती से नियुक्ति की जाएगी। उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र 13 अक्टूबर 2023 तक आमंत्रित किये गये हैं। रिक्त पदों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 03 पद हेतु नगर पंचायत नवापारा कला के आंगनबाड़ी केन्द्र टिकलीसराई, कुनियाकला के आंगनबाड़ी केन्द्र चारपारा तथा करजी के आंगनबाड़ी केन्द्र नगेसियापारा में भर्ती की जा रही है तथा सहायिका के 02 पद हेतु ग्राम पंचायत करजी के आंगनबाड़ी केन्द्र भुरकुण्डपारा एवं कुनियाकला के आंगनबाड़ी केन्द्र चारपारा में भर्ती की जा रही है।

उन्होंने बताया कि उक्त पदों पर केवल महिला ही आवेदन कर सकती हैं। वे अपना आवेदन पत्र बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय पर जमा अथवा पंजीकृत डाक द्वारा निर्धारित अवधि तक भेज सकती हैं। नियुक्ति की विस्तृत शर्तों एवं अर्हताओं के संबंध में परियोजना कार्यालय एवं जनपद पंचायत कार्यालय अम्बिकापुर के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों की ली बैठक

- **निर्वाचन प्रचार हेतु किए जाने वाले व्यय की गणना, विभिन्न सामाग्रियों, सेवाओं आदि की दर निर्धारण के बारे में भी राजनैतिक दलों को दी गई जानकारी**
- **मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की स्थिति में जिले में 6 लाख 49 हजार 319 मतदाता, 786 मतदान केन्द्र, 1 लाख 78 हजार से ज्यादा युवा मतदाता शामिल**

विधानसभा निर्वाचन 2023



**अम्बिकापुर** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक तथा मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से श्री संतोष गोयल, भारतीय जनता पार्टी से श्री आलोक दुबे, श्री करताराम गुप्ता,श्री अभिषेक शर्मा, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस से ज्योति सिसोदिया, आम आदमी पार्टी से श्री राजेन्द्र बहादुर सिंह, श्री रवि रंजन पाठक, बहुजन समाज पार्टी से श्री प्रकाश किस्पोट्टा, श्री रामदास टोप्पो उपस्थित थे। इसी प्रकार प्रेसवार्ता में जिले के सभी प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर की स्थिति में 04 अक्टूबर को अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी गई तथा सभी दलों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन ने बताया कि जिले में मतदान की शुद्धता पर विशेष फोकस किया गया है, जिसमें बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से नाम विलोपन की कार्यवाही की गई है, वहीं जिले में मतदाताओं की संख्या में भी वृद्धि हुई है। इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों द्वारा अपने निर्वाचन प्रचार हेतु किए जाने वाले व्यय की गणना, विभिन्न सामाग्रियों, सेवाओं आदि के लिए दर निर्धारण के बारे में भी राजनैतिक दलों को बताया गया। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु लगातार बैठकें एवं प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहें है, जिसके अंतर्गत बैंकों, केबल ऑपरेटर, पेट्रोल पंप संचालकों, प्रिंटिंग प्रेस आदि की बैठक लेकर चुनाव के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक ने राजनीतिक दलों एवं मीडिया के प्रतिनिधियों के समक्ष निर्वाचन से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी रखी। उन्होंने बताया कि 02 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के समय प्रारंभिक प्रकाशन के समय जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 35 हजार 871 थी, मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन 04 अक्टूबर की स्थिति में जिले में 6 लाख 49 हजार 319 मतदाता हैं, जिनमें 3 लाख 1 हजार 113 पुरूष मतदाता, 3 लाख 28 हजार 190 महिला मतदाता और 16 थर्ड जेण्डर मतदाता है। 04 अक्टूबर 2023 की स्थिति में जिले में कुल 1 लाख 78 हजार 600 युवा मतदाता हैं, जिनमें 18-19 आयु वर्ग के 23926 मतदाता और 20-29 आयु वर्ग के 1 लाख 54 हजार 674 मतदाता शामिल हैं।

### छूटे मतदाता अब भी निर्वाचक नामावली में जुड़वा सकते हैं नाम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने अपील की है कि ऐसे मतदाता, जो अब तक मतदाता सूची में अपना नाम नहीं जुड़वा पाए हैं, उनके पास अब भी मौका है कि आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि निर्वाचक नामावली हेतु फॉर्म 6 में नया नाम जोड़ने एवं फॉर्म 8 के संशोधन वाले फॉर्म नामांकन के अंतिम दिवस के 1 दिन पहले तक प्राप्त कर आवेदन नामांकन के अंतिम दिवस तक निराकृत किए जाते हैं। निर्वाचन की घोषणा होते ही नाम विलोपन यानी फॉर्म 7 की प्रक्रिया बंद हो जाती है। घोषणा के दिन तक प्राप्त सभी फॉर्म 7 का निपटारा अगले 1 दिनों के अन्दर पूर्ण कर लिया जाता है। इसी प्रकार फॉर्म 8 के संशोधन से सम्बंधित नए आवेदनों की प्रक्रिया बंद हो जाती है एवं घोषणा के दिन तक प्राप्त ऐसे सभी आवेदनों का निपटारा अगले 1 दिनों के अन्दर पूर्ण कर लिए जाने के निर्देश हैं। इस प्रकार नामांकन के अंतिम दिन नामावली फ्रीज हो जाएगी। विलोपन एवं संशोधन का काम घोषणा के 1वें दिन बंद हो जावेगा इसलिए घोषणा होने के 1 दिन बाद मूल नामावली प्रिंट कराई जा सकती है।

# सी-विजिल मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए उल्लंघन के मामलों की त्वरित होगी जांच



आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मिलेगी मदद

**अम्बिकापुर** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-विजिल का अर्थ सिटीजन विजिलेंस यानी नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाईल एप्लीकेशन को गुगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास-आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने जिले के सभी विधानसभाओं के लिए नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर सहित अन्य अधिकारियों को सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार- प्रसार के निर्देश दिए हैं।

सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन निर्वाचन सीमा के भीतर प्रत्येक नागरिक को आवेदन में साइन-इन करके अपने मोबाइल फोन के माध्यम से फोटो, ऑडियो, वीडियो लेकर आदर्श आचार संहिता व व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। ऐप नागरिकों को उनके व्यक्तिगत विवरण पहचान का खुलासा किए बिना गुमनाम रूप से शिकायत करने की भी अनुमति देता है। जब उपयोगकर्ता उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए सी-विजिल में अपने कैमरे को चालू करते हैं, तो ऐप स्वचालित रूप से एक जियो-टैगिंग सुविधा को सक्षम करता है, जिससे फील्ड यूनिट की घटना के सटीक स्थान को जानने में मदद मिलती है। ऐप सभी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन व शिकायतों तक पहुंच सकता है और रीयल-टाइम प्रगति की जांच कर सकता है। फील्ड यूनिट द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद निर्णयकर्ता व रिटर्निंग अधिकारी सी-विजिल मामलों पर ड्रॉप, डिसाइड और एस्केलेट जैसी कार्रवाई कर सकते हैं।

## ओडिसा में रेल रोको आंदोलन का दिखा असर

**रायगढ़** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)।3 यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर रेलवे संघर्ष समिति से जुड़कर हिमगिर वासियों ने मंगलवार को रेल रोको आंदोलन का आगाज कर दिए इससे यात्री ट्रेक की चाल बेहाल हो गया। आलम यह रहा कि साउथ बिहार अप -डाउन दोनो दिशा, टाटानगर इतवारी पैसेंजर रद करना पड़ गया जबकि एलटीटी को दूसरे मार्ग से आना पड़ा। इस आंदोलन का असर सीधे तौर पर रेल परिचालन तथा यात्रियों को दंश के रूप में सहना पड़ा। जानकारी के मुताबिक झारसुगुड़ा डिवीजन के हिमगिर रेलवे स्टेशन में लंबे समय से ट्रेनों के ठहराव की मांग चली आ रही है। इसके अलावा यही हाल बेलपहाड़ वासियों की भी मांग है। ऐसे में एक बार फिर से इसी क्षेत्र के नागरिकों ने टाटा इतवारी, बिलासपुर टाटा, पैसेंजर बनाकर चलाये जाने, तथा उत्कल एक्सप्रेस का ठहराव दिए जाने की मांग को लेकर सुबह करीब 10 बजे से आंदोलन के तहत पटरी में बैठ गए। इसका असर यह रहा कि ट्रेनों का परिचालन हावड़ा मुंबई मुख्य रेल रूट में प्रभावित हो गया। जिसके चलते आधा दर्जन एक्सप्रेस ट्रेनों को छोटे बड़े स्टेशन में खड़े करना पड़ गया जबकि 3 ट्रेन रद हो गई। वही आंदोलन को देखते हुए रायगढ़ आरपीएफ, व बेलपहाड़,के अलावा झारसुगुड़ा डिवीजन से आरपीएफ पुलिस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आंदोलन कारियो को समझाइश दे रहे थे लेकिन यह बेअसर रहा। ततपश्चात उच्च अधिकारियों को दोपहर 3 बजे आवेदन दिए और उचित आश्वसन मिलने के बाद आंदोलन समाप्त हुआ। तब कही जाकर ट्रेनों का आवाजाही आरंभ हो पाया। यहां यह भी बताया जाना लाजमी होगा कि कोविड काल से ट्रेनों का परिचालन रद किया गया इसे लेकर भी वे पूर्व में आंदोलन कर चुके है।

## 12 घंटे बाद मिली नदी में बही कार मिली, एक का शव हुआ बरामद

- **कार से कूदकर जान बचाने वाली महिला की पतासाजी में जुटी**

**रायगढ़** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में मंगलवार की शाम केलो नदी में बहे कार को गोताखोरों की टीम ने 12 घंटे की मशक्कत के बाद आखिरकार ढूंढ़ निकाला है। कार के अंदर एक शव भी बरामद हुआ जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए, कार से कूदकर जान बचाने वाली महिला की पतासाजी की जा रही है। रायगढ़ जिले में पिछले तीन दिनों से रूक-रूककर हो रही तेज बारिश के चलते केलो नदी भी उफान पर है और चक्रपथ में पानी भर गया है। मंगलवार की शाम करीब 7 बजे कार में सवार कुछ लोग पानी से भरे चक्रपथ-मरीन ड्राईव रोड को पार करते समय बाढ के पानी में फंस गए और देखते ही देखते कार पानी में फंसकर बहने लगी। इस दौरान कार के पीछे बैठी एक महिला ने छलांग लगाकर अपनी जान बचाई, जबकि कार में सवार अन्य लोग कार में ही फंसे हुए थे और कार में पानी भर जाने से वह नदी में ही पूरी तरह से डूब गई थी।

इस घटना के बाद एसडीआरएफ, नगर सेना, चक्रधर नगर पुलिस के अलावा शहर के सामाजिक संस्था के लोग रात भर रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिये कार की पतासाजी में जुटे हुए थे। इसी बीच बुधवार की सुबह केलो नदी का जलस्तर कम होते ही सुबह 8 बजे के करीब नदी में डूबा कार क्रमांक सी जी 13 ए डब्ल्यू 2527 मिला। उक्त कार में एक शव भी बरामद हुआ है जिसकी पहचान शहर के कलर पल्स संचालक नटवर अग्रवाल के रूप में कई गई है। चक्रधर नगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए कार से कूदकर जान बचाने वाली महिला की पतासाजी की जा रही है। ताकि इस घटना के संबंध में और अधिक जानकारी मिल सके। महिला को बचाने वाले व्यक्ति की अनुसार महिला की उम्र करीब 28 साल के करीब है और वह घटना के बाद से लापता हो गई है। इस संबंध में चक्रधर नगर थाना प्रभारी ने बताया कि एक लोकल गाड़ी नदी में मिली है जिसमें एक शव बरामद हुआ है। जिसकी शिनाख्ती के लिये परिजन मौके पर पहुंचे हुए हैं। महिला के संबंध में उन्होंने कहा कि महिला कौन है और आखिर वह कहां गायब हो गई पुलिस इसकी पतासाजी कर रही है।

## राष्ट्रपति पदक प्राप्त अलीशा का रायगढ़ में हुआ नागरिक अभिनंदन



**रायगढ़** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति पुरुस्कार सम्मान पाकर पूरे देश में हमारे रायगढ़ का मान बढाने वाली बिटिया अलीशा अंसारी का कल बिलासपुर से 4 बजे रायगढ़ आगमन हुआ रायगढ़ स्टेशन में बड़ी संख्या में आम नागरिकों के द्वारा उनका शानदार स्वागत किया गया और उनका स्वागत जुलूस रेलवे स्टेशन से हजरत नजरुल्लाह शाह बाबा के दरगाह होते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण के बाद सुभाष चैक पैलेस रोड होते हुए बीड़ पारा में समाप्त हुआ

रायगढ़ बाजीराव पारा के मोहम्मद नौशाद साहब की बड़ी बेटी नौशीन अंसारी ने राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर रायगढ़ का जो मान बढ़ाया है उसको लेकर के यहां के आम नागरिकों में बहुत ही उत्साह और खुशी देखी गई।

## कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के साथ स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**अम्बिकापुर** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी निर्वाचन की तैयारी की कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने बुधवार को विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्टरेट परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने कम्पोजिट बिल्डिंग में स्थित ईवीएम डेमोन्स्ट्रेशन सेंटर का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस की ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ उन्होंने ईवीएम डेमोन्स्ट्रेशन सेंटर जारी मतदाता जागरूकता के तहत मॉक पोल प्रक्रिया की जानकारी उपस्थित कर्मचारियों से ली। इस दौरान राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने भी वोटिंग कर मॉक पोल प्रक्रिया में भाग लिया। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से श्री संतोष गोयल, भारतीय जनता पार्टी से श्री आलोक दुबे, श्री करताराम गुप्ता, श्री अभिषेक शर्मा, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस से ज्योति सिसोदिया, आम आदमी पार्टी से श्री राजेन्द्र बहादुर सिंह, श्री रवि रंजन पाठक, बहुजन समाज पार्टी से श्री प्रकाश किस्पोट्टा, श्री रामदास टोप्पो भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि मतदाताओं को जागरूक करने एवं ईव्हीएम से परिचय कराने के लिये जिला मुख्यालय में स्थित इस मतदाता जागरूकता केन्द्र में ईवीएम के जरिए वोटिंग का लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही लोगों को इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी दी जा रही है, जिससे लोगों में किसी तरह को भ्रम ना रहे। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी धौरपुर एवं तहसील ऑफिस अम्बिकापुर, उदयपुर, सीतापुर में मतदाता जागरूकता केन्द्र में मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदाताओं को वोटिंग के प्रति जागरूक करने हेतु प्रत्येक विधानसभा में मोबाईल वैन के द्वारा सरगुजा जिले के प्रत्येक केन्द्र में मतदाताओं के मध्य ईव्हीएम की कार्यप्रणाली का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# पुलिस ने मध्यप्रदेश के तस्करों को पकड़ा, 100 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त




**मनेन्द्रगढ़** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मिली बड़ी सफलता में मध्यप्रदेश से शराब तस्करी करने वाले तीन व्यक्ति पुलिस के गिरफ्त में हैं. बिजुरी, मध्यप्रदेश से अग्रेजी गोवा शराब पीकप क्रमांक .क्क 64 बी. टी. 1910 में परिवहन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आब0 एक्ट के तहत की कार्यवाही की गई है.

पकडे गये आरोपियों में सौरभ साहू पिता गया साहू उम्र 26 वर्ष निवासी लुण्ड्रा थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा,ईश्वर घसिया उर्फ मातेन पिता धनेलाल उम्र 25 वर्ष निवासी लुण्ड्रा थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा (छ0ग0) व सुरज कुमार प्रजापति पिता लोभन प्रजापति उम्र 24 वर्ष निवासी लुण्ड्रा थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा (छ0ग0)के विरुद्ध कार्यवाही की गई है. आरोपियों के कब्जे से पीकप टाटा योद्धा 1700 क्रमांक . क्क 64 बी. टी. 1910 कीमती 8,00,000 रूपये,100 पेटी में गोवा अंग्रेजी शराब में प्रत्येक पेटी में 50-50 नग 180-180 एम. एल. गोवा अंग्रेजी शराब लगभग 900 लीटर कीमत 6,00,000/- रूपये,सब्जी वाला कैरेट 60 नग कीमती 5000/- रूपये कुल रकम 14,05,000/- रूपये,जप्त किया गया है. थाना सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ के मुखबीर द्वारा सुचना मिलने पर अलग अलग सरहदी थाना चौकी वालो के साथ घेरा बंदी कर ग्राम घुटरा में बिजुरी म.प्र. से आने वाली पीकप वाहन युपी 64 वीटी 1910 को चेक किया गया.पीकप में बैठे व्यक्तियो का नाम पता पुछने पर अपना नाम सौरभ, सुरज, ईश्वर बताए जब ट्रॉली को चेक किया गया, सब्जी वाले केटर के नीचे ढका 100 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब मिला जिससे आरोपी को अंग्रेजी शराब परिवहन करने, विकी करने, रखने का पास परमिट पेश करने को बोला गया। जो पास परमिट पेश नहीं करने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है।

सम्पूर्ण कार्यवाही में सिटी कोतवाली प्रभारी, उप निरीक्षक आर. एन. गुप्ता, सउनि दिनेश चौहान, प्र. आर. जुनास एक्का, आरक्षक पुष्कल सिन्हा, प्रिन्स राय, हफिज मोहम्मद कुरैशी शंभू नाथ यादव, ललित यादव, नीरज पढ़ियार, दीप तिवारी, प्रदीप लकड़ा, रवि सिंह, हरेन्द्र कुशवाहा, नोहर सिंह, राजकुमार सेन, राधेश्याम कुर्रे, आदित्य कुर्रे, ज्ञानेश्वर राजवाडे, सैनिक रोहित सिंह, इंजय सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## सार-संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने किया सर्व सक्ती अभियान पुस्तक का विमोचन




**सक्ती** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। सक्ती जिले के डभरा में आयोजित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कर कमलों से सर्व सक्ती अभियान के पुस्तिका तथा सर्व सक्ती अभियान की मोनो का विमोचन किया गया। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा जिला गठन उपरांत नवंबर 2023 से किया गया था नवीन जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु इस अभियान के शुरुवात की गई थी इसके अंतर्गत तीन प्रमुख विषय पर कार्य आरंभ किया गया था जिसमे स्वास्थ्य केंदों उन्नयन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का उन्नमुखीकरण, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य जन चौपाल का आयोजन सम्मिलित था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर के साथ प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं का सुदृणीकरण, सौंदरीयकरण के क्षेत्र में कार्य किया गया। स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत आर एच वो, सी एच वो, के द्वारा मितानिन की मदद से स्वास्थ्य जन चौपाल का आयोजन किया गया इसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर परिचर्चा करते हैं तथा स्वास्थ्य हेतु शासन की योजनाओं से आमजनों को अवगत कराते थेइस अभियान की समीक्षा कलेक्टर सक्ती द्वारा समस्त जिले के स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों की भौतिक उपस्थिति में मासिक किया जाता रहा साथ लगातार 7 महीनो से सक्ती जिले में इस अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है इसमें यूनिसेफ का भी महत्व पूर्ण योगदान रहा।

### सामुदायिक भवन व जैतखाम सह मेला स्थलों का हुआ वर्चुअल भूमिपूजन

**सारंगढ़** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में रायगढ़ जिले के ग्राम कोड़ातराई में 'भरोसे का सम्मेलन' आयोजन किया गया। इस वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और अन्य मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरिया में आंचलिक कोलता समाज के श्रीश्री रणेश्वर रामचण्डी सेवा संस्थान का सामुदायिक भवन निर्माण के साथ-साथ बरमकेला, बिलाईगढ़ और सारंगढ़ विकासखंड में जैतखाम सह मेला स्थल का विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष नंद कुमार साय, विधायक प्रकाश नायक, लालजीत सिंह राठिया, चक्रधर सिंह सिदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने जिले के बैंक के कार्यों की किया समीक्षा



**सारंगढ़** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने सभाकक्ष में जिले में कार्यरत समस्त बैंकों के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में कार्यरत 14 बैंकों की कुल 46 शाखाओं में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी लिए। साथ ही हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ न मिल पाने के संबंध में नाराजगी जताते हुए शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित करने एवं समय पर लोन मुहैया कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं जिनमें मुद्रा योजना, शहरी राष्ट्रीय आजीविका मिशन, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फसल बीमा योजना एवं अंत्यावसायी योजनाएं हैं, इन सभी का आगामी दिनों में उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, नाबार्ड प्रबंधक पंडा एवं समस्त बैंक के प्रबंधक उपस्थित थे।

### मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पटेल ने किया उप जेल का निरीक्षण

**सक्ती** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। उपजेल सक्ती में समीक्षा किया गया, जिसमें गंगा पटेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उपस्थित बंदियों से उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली साथ ही उनसे स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी लिया गया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि जो अपने प्रकरणों में अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर पाते हैं उनकी ओर से डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता उपस्थित होते हैं, जो पूरी तरह से निशुल्क पैरवी करते है। इस दौरान उपजेल सक्ती के सहायक जेल अधीक्षक सतीश चंद्र भार्गव सहित समस्त स्टाफ एवं पैरालीगल वॉलिंटियर मनीष कुमार साहू उपस्थित रहे।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 73 वाहन चालकों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**जांजगीर,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। ट्रैफिक नियमों को उल्लंघन करने वाले 73 वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई कर उनसे 22 हजार 600 रुपए वसूल की गई। कार्रवाई के दौरान यातायात पुलिस ने नम्बर प्लेट अस्पष्ट होने से 4 वाहन चालकों से 12 सौ रुपए, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने वाले 9 वाहन चालक से 27 सौ रुपए, बिना रिफ्लेक्टर के वाहन चलाते पाए जाने पर 37 वाहन के चालकों से 11 हजार 1 सौ रूपए, मोटरसाइकिल में तीन सवारी चलने वाले 5 चालकों से 15 सौ रुपए, मौके पर कागजात पेश नही करने वाले 5 चालकों से 15 सौ रुपए, वाहन में पार्किंग लाइट नही लगाने वाले 7 वाहन चालकों से 21 सौ रुपए एवं मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 6 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 25 सौ रुपए समन शुल्क लिया।

# मुख्य सचिव ने ली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक

### नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालकों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई, नगर पालिका एवं एसडीएम कार्यालय में कराना होगा पंजीयन



**जांजगीर**, 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव द्वारा की अध्यक्षता में ध्वनि प्रदूषण के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य सहित संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त डीजे संचालकों को ध्वनि प्रदुषण अधिनियम 1985 एवं सुप्रीम कोर्ट के द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों, मापदण्डों एवं गाइडलाइनों का अक्षरशः पालन कराना सुनिश्चित करने कहा गया। न्यायालय, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक स्थल जैसे कि ऑडिटोरियम, होटल, जन प्रतिक्षालय, सभा केन्द्र, लोक कार्यालय, शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल, पुस्तकालय खुला मैदान, अस्पताल, लाइब्रेरी एवं शासकीय आवासों में किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग वर्जित किया गया है। नगर पालिका के सभी ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालक संबंधित नगर पालिका में अपना पंजीयन करायेंगे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डी.जे. संचालक अपना पंजीयन संबंधित एसडीएम कार्यालय में पंजीयन करायेंगे। समस्त पर्वों, सांस्कृतिक, मनोरंजक कार्यक्रमों अन्य प्रकार के उत्सव के दौरान डी.जे. संचालक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग अनुविभागीय दंडाधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही करेंगे। बिना अनुमति प्राप्त किये ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। रात्रि को 10 बजे से प्रात: 6 बजे के मध्य ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाना पूर्णत: प्रतिबंधित है। मानक स्तर से अधिक उंची आवाज में यदि ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाया जाता उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए आयोजक एवं डी.जे. जिम्मेदार होंगे। मानक स्तर से अधिक आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाये जाने की अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार, पुलिस निरीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी की टीम इनके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

# कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक, जिले में 792450 मतदाता

**पुरूष 402382, महिला 39004, तृतीय लिंग 21 मतदाता फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का हुआ अंतिम प्रकाशन**



जांजगीर, 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 अक्टूबर अंतर्गत फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इसके संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिले के राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि जिले में प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान कुल 764534 पुरूष 390974, महिला 373548, तृतीय लिंग 12 मतदाता पंजीकृत थे। वर्तमान में अंतिम प्रकाशन में कुल 792450 पुरूष- 402382, महिला 390047, तृतीय लिंग 21 मतदाता पंजीकृत हैं। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत अभ्यार्थियों के नाम निर्देशन की कार्यवाही विगत निर्वाचनों की भांती जिला कार्यालय कलेक्टोरेट जांजगीर में की जाएगी। इसके लिए विधानसभावार पृथक-पृथक कक्षों का निर्धारण कर लिया गया हैं। बैठक में आभास बोस, राधेश्याम सूर्यवंशी, रोहित डहरिया, ब्यास कश्यप, शिशिर द्विवेदी, हरदेव टण्डन, संतोष अनंत, रामनाथ लहरे, ज्ञानसागर दिनकर, लल्ला कुमार, अशोक चौधरी, प्रदीप सराफ, अभिषेक मिश्रा, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी उपस्थित थे।

### जिले में 30 से 39 वर्ष के सर्वाधिक 242514 मतदाता

सेवा मतदाता की अंतिम संख्या अंतिम प्रकाशन में 987 है। आयु वर्ग समूह के अनुसार जिले में 18 से 19 वर्ष के 35711, 2 से 29 वर्ष के 193582, 3 से 39 वर्ष के 242514, 4 से 49 वर्ष 13147, 5 से 59 वर्ष के 9976, 6 से 69 वर्ष के 56398, 7से79 वर्षके2651 तथा 8 से अधिक आयु वर्ग के कुल 7381 मतदाता शामिल हैं। प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान 4393 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत थे जो अंतिम प्रकाशन में बढ़कर 4971 हो गये हैं। पुनरीक्षण अवधि के दौरान कुल 32692 फार्म प्राप्त हुए जिसमें 3536 फार्मों को निराकृत किया गया।

## खनिज का अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर वाहन जब्त



**जांजगीर,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिला खनिज जॉच दल द्वारा जांजगीर चांपा के बम्हनीडीह एवं गोविन्दा क्षेत्रांर्गत औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में गौण खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए 06 ट्रैक्टर वाहनों पर कार्यवाही किया जाकर थाना बम्हनीडीह में सुरक्षार्थ रखा गया है। इसके साथ ही खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग संयुक्त टीम द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम खोखरा, पीथमपुर, नवागढ़, जांजगीर चांपा, बूचीहरदी, करमंदा, नवागांव, भादा, अकलतरा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें खनिज रेत के 8 ट्रैक्टर, खनिज निम्न श्रेणी चूनापत्थर के 03 ट्रैक्टर, 01 हाईवा, 01 टिप्पर, 02 ट्रेलर, खनिज ईट के 01 कुल 16 वाहनों पर अवैध परिवहन करते पाये जाने के कारण, वाहनों को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इस प्रकार कुल 22 वाहनों पर कार्यवाही किया गया है। जिला जांजगीर चांपा में अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जावेगा तथा अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## जिले में नुकीली बिट्स के निर्माण, बिक्री एवं उपयोग प्रतिबंधित

**जांजगीर,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्राय: भारवाहक, परिवहन में उपयोग में लाने वाले पशुओं के नियंत्रण हेतु पशु पालको द्वारा अथवा निर्माण कर्ताओं द्वारा नुकीली बिट्स का उपयोग किया जाता है। जिसके कारण पशुओं को इतनपेमे, चोट, सूजन, घर्षण या गंभीर दर्द होता है जो कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के विपरीत है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला जॉजगीर चाम्पा मे पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के अंतर्गत पशुओं को ढोने और पैक करने में क्रूरता की रोकथाम नियम 1965 नियम 8 नुकीले टुकड़ों का उपयोग निषिद्ध है। जिसके परिपेक्ष्य में पशुओं को नियंत्रण करने हेतु उपयोग में आने वाले नुकीली बिट्स के निर्माण, बिक्री एवं उपयोग को प्रतिबंधित किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

## जिला चिकित्सालय में डीएमएफ मद अंतर्गत विभिन्न पदों होगी अस्थाई भर्ती

**जांजगीर**, 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला चिकित्सालय जांजगीर में आई.सी.यू. एवं जिला चिकित्सालय जांजगीर के संचालन हेतु डीएमएफ मद अंतर्गत विभिन्न पदों पर "आई.सी.यू. स्टॉफ नर्स, स्टॉफ नर्स, आई.सी.यू. टेक्नीशियन, ऑक्सीजन प्लांट टेक्नीशियन, आई.सी.यू. वार्ड ब्वाय एवं आई.सी.यू. वार्ड आया" की अस्थायी भर्ती हेतु आवेदन 6 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक आमंत्रित किए गए हैं।

## अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



**जांजगीर,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रियंका अग्रवाल की अध्यक्षता में अंब्रेला योजना मिशन शक्ति के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम के तहत युवा- एक परिवर्तन विषयक हसदेव के हीरो के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन में किया गया।

एक दिवसीय कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑडिटोरियम में कार्यशाला सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल द्वारा प्रशिक्षण सह कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्य के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ हसदेव के हीरो इस ट्रेनिंग कार्यक्रम का लाभ लेते हुए अपने संपर्क में आने वाली जिले के अंतिम बालक-बालिकाओं तक उक्त जानकारी पहुंचा सकते है। प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर दुर्गा शंकर नायक द्वारा किशोरावस्था, बच्चों के अधिकार जैसे जीवन जीने का अधिकार, आश्रय का अधिकार, नाम व राष्ट्रीयता का अधिकार, विधिक अधिकार, सहभागिता का अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम, पाक्सो अधिनियम इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। द्वितीय सत्र में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रियंका अग्रवाल द्वारा विधि सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के गठन, उद्देश्य, नि:शुल्क विधिक सहायता के प्रावधान, नालसा (बच्चों को महत्वपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं), योजना 2015, नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100 महिलाओं के अधिकार व अन्य कानूनी प्रावधानों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। तृतीय सत्र में सखी वन स्टॉप सेन्टर केन्द्र प्रशासक एच.निशा खान द्वारा सखी वन स्टॉप सेन्टर के कार्यो, उद्देश्यों हिंसा से पीड़ित प्रताड़ित महिलाओं को घर के अंदर या बाहर एक ही छत के नीचे एकीकृत रूप से संचालित रहकर विधिक सम्मत कार्यवाही कर सहायता दिलाने, महिलाओं को दी जाने वाली सहायताओं, काउंसलिंग, आश्रय, विधिक सहायता, चिकित्सकीय सहायता, पुलिस सहायता, हिंसा के प्रकार, टोल फ्री नम्बर 181, 112 आदि की विस्तृत जानकारी दिया गया। चतुर्थ सत्र में मास्टर ट्रेनर विपिन सिंग ठाकुर, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड जिला राजनांदगांव द्वारा जेण्डर, लिंग जांच प्रतिषेध अधिनियम, साइबर बुलिंग, व्यवहार परिवर्तन संचार के संबंध में बताया गया। कार्यशाला में समाज कल्याण उप संचालक टी.पी. भावे, समस्त परियोजना अधिकारी, समस्त पर्यवेक्षक, बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र जायसवाल, संरक्षण अधिकारी नावबिहान श्रीमती अनुपमां सिंह कंवर, परामर्शदाता श्रीमती सरस्वती सोनी, चाईल्ड लाईन जांजगीर के समस्त स्टाफ प्रशिक्षण में सम्मिलित रहे।

## जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र में एक भी रेग्युलर स्टॉफ नहीं

### 56 प्रशिक्षणार्थियों को जैसे-तैसे दिया जा रहा प्रशिक्षण

**जांजगीर,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र बीते छह माह से भगवान भरोसे संचालित हो रहा है। 30 अप्रैल तक यहां रेग्युलर स्टॉफ के नाम पर एक प्राचार्य पदस्थ थीं, लेकिन उनका रिटायर हो जाने के बाद उधार के दो स्टॉफ नर्सेस को अटैच किया गया है जिनकी बदौलत यहां के 56 प्रशिक्षणार्थियों को जैसे-तैसे प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

वहीं हॉस्टल की इन छात्राओं की देखभाल भी इन्हीं दो स्टॉफ नर्सेस के बदौलत संचालित हो रहा है। ऐसे में यहां के छात्राएं पढ़ाई के बजाए जिला अस्पताल में सेवा देकर अपना प्रशिक्षण पूरा कर रहीं हैं। जिला अस्पताल परिसर में स्थित जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र बिना प्रशिक्षकों के संचालित हो रहा है। पहले भी यहां जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र में गिनती के स्टॉफ थे। लेकिन प्राचार्य रेग्युलर होने से वह जैसे-तैसे 30 अप्रैल तक प्रशिक्षण केंद्र का संचालन अच्छे से चला। पर बीते छह माह से प्राचार्य के रिटायर होने के बाद भी यहां एक भी रेग्युलर ट्रेनरों की पोस्टिंग इस संस्थान में नहीं हुई। ऐसे में दो स्टॉफ नर्सेस को संस्थान को चलाना मुश्किलों भरा काम हो चुका है। जिन दो स्टॉफ नर्सेस की यहां पदस्थापना हुई हैं वह भी अटैचमेंट में है। एक स्टॉफ नर्सेस कापन से यहां अटैच हुई है। तो वहीं दूसरा नैला की स्टॉफ हैं। बड़ी बात यह है कि इन दोनों स्टॉफ नर्सेस के अटैच होने से उनके मूल स्थान के काम काज भी प्रभावित हो रहा है।



### सीएमएचओ देखेंगी काम काज

अब तक यहां का काम काज प्रभारी प्राचार्य यानी स्टॉफ नर्सेस देख रहीं थीं, लेकिन अब यहां के काम काज का जिम्मा यानी डीडीओ कोड में बजट की देखरेख सीएमएचओ अपने कमान में ले ली है। इसकी देखरेख के लिए व सुचारू संचालन व क्रियान्वयन, आवश्यक सामानों की उपलब्धता कराने के लिए सीएमएचओ आफिस के सहायक ग्रेड-2 प्रवीण तिवारी को सौंपा गया है।

## असहाय वृद्ध की ग्रामीण ने की मदद, समाज कल्याण विभाग ने मकान मुहैया कराया



**सक्ती** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनसम्पर्क विभाग में पदस्थ कर्मचारी जीवन पटेल ने बेघर, असहाय वृद्ध व्यक्ति की मदद कर मानवता की मिशाल पेश किया है। बीते दिनों कुछ कार्यवश ब्लॉक मुख्यालय बम्हनीडीह पहुंचे हुए थे। इस दौरान गांव वालों ने बताया कि एक असहाय वृद्ध व्यक्ति प्रीत आटो गैरेज के पास पिछले एक-डेढ़ महीने से पीपल पेड़ के नीचे रह रहा है। जिस पर गांव वालों ने मानवता दिखाते हुए यथासंभव भोजन आदि उपलब्ध करा रहे हैं। वह वृद्ध व्यक्ति बारिश होने पर एवं रात के समय पास के प्रीत गैरेज के छपरी के नीचे बिता रहा है।

जनसम्पर्क विभाग के कर्मचारी को जब गांव वालों ने उस वृद्ध व्यक्ति के विषय में बताया तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सुरेश कुमार भारती को दिया। जिस पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सुरेश कुमार भारती ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वयं जांजगीर से शासकीय वाहन लेकर बम्हनीडीह पहुंचे। वहां पहुंचने के बाद अधिकारी सुरेश कुमार भारती ने गांव वालों एवं वृद्ध व्यक्ति से पूछताछ किया। वह अपना नाम पता बता पाने में असमर्थ था ऐसी स्थिति में गांव वालों ने उनके बारे में कब से वहां रह रहा है आदि जानकारी दी। मौके पर अधिकारी ने गांव वालों के समक्ष पंचनामा तैयार कर उस वृद्ध व्यक्ति को शासकीय वाहन में बिठाकर जांजगीर-चांपा के खोखरा स्थित वृद्ध आश्रम ले गये। जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सुरेश कुमार भारती ने बताया कि वह वृद्ध व्यक्ति अभी भी अपना नाम पता बता पाने में असमर्थ हैं। बहरहाल जनसम्पर्क विभाग के कर्मचारी की सजगता व मानवता से परिपूर्ण कार्यवाही की गांव वाले सहित क्षेत्रवासी प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। इस कार्यवाही के दौरान जनसम्पर्क विभाग सक्ती के कर्मचारी जीवन पटेल, प्रीत आटो गैरेज के संचालक प्रीत कुमार पटेल, गजानंद पटेल, गुहाराम केंवट, लेखराम पटेल, सौरभ, अमर, सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# देश विदेश

## फिलीपींस में 6.2 तीव्रता का आया भूकंप

**मनीला।** उत्तरी फिलीपींस के कागायन प्रांत में बुधवार को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप सुबह 11.35 बजे आया। कैलायन शहर के एक द्वीप गांव दलुपिरी से लगभग 22 किमी उत्तर पूर्व में इसकी गहराई 10 किमी थी। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप के बाद झटके आएंगे लेकिन नुकसान नहीं होगा प्रशांत सागर के रिंग ऑफ फायर में स्थित होने के कारण द्वीपसमूह फिलीपींस में अक्सर भूकंपीय गतिविधियां होती रहती हैं।

# इमरान, कुरैशी की बंद कमरे में हुई सुनवाई

■ वकील ने बंद कमरे में सुनवाई को 'असंवैधानिक' बताया ■ इमरान को तोशखाना मामले में मिली है तीन साल की जेल की सजा



**इस्लामाबाद,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के वकील बैरिस्टर सलमान सफदर ने बुधवार को सिफर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की बंद कमरे में सुनवाई को 'असंवैधानिक' करार दिया। समाचारपत्र 'डॉन' के मुताबिक श्री सफदर ने अदियाला जेल के बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की, जहां विशेष अदालत ने सिफर मामले की सुनवाई की अध्यक्षता की। सिफर मामला एक राजनयिक दस्तावेज़ से संबंधित है जो कथित तौर पर श्री खान के पास से गायब हो गया था। पीटीआई का आरोप है कि इसमें पार्टी अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से धमकी दी गई थी। तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में एक अदालत द्वारा तीन साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद, श्री खान को पांच अगस्त, 2023 को अटक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था। सजा के निलंबन के बाद यह सामने आया कि वह सिफर मामले में न्यायिक रिमांड पर थे। गत 26 सितंबर को, दोनों पीटीआई नेताओं की न्यायिक हिरासत 10 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई और इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के आदेश के अनुसार, पीटीआई प्रमुख को अटक जिला जेल से रावलपिंडी की अडियाला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। बाद में 30 सितंबर को एफआईए ने सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित विशेष अदालत में एक चालान (चार्जशीट) पेश किया, जिसमें श्री खान और श्री कुरेशी को सिफर मामले में मुख्य आरोपी घोषित किया गया। इस सप्ताह की शुरुआत में पुलिस ने अदियाला जेल के आसपास विशिष्ट कमांडों को तैनात करके और अतिरिक्त सुरक्षा पिकेट स्थापित करके सुरक्षा बढ़ा दी थी। एक दिन पहले कानून एवं न्याय मंत्रालय ने सिफर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री और पूर्व विदेश मंत्री पर जेल में मुकदमा चलाने की अधिसूचना जारी की थी।

## वेनिस ओवरपास से गिरी बस, 21 लोगों की मौत

**रोम,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। इटली के नहरों वाले शहर वेनिस के पास एक बस के ओवरपास से ट्रेन की पटरियों के पास गिरने और फिर उसमें आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई।

हादसे में कई लोग घायल भी हुये हैं, हालांकि स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों में उनकी संख्या अलग-अलग बताई जा रही है। अनुमान है कि 12 से 40 लोग घायल हुए हैं जिनमें से कम से कम दो की हालत गंभीर है। इसके अतिरिक्त, कई अन्य के लापता होने की भी सूचना है। मंगलवार को आई रिपोर्ट में कहा गया है कि मरने वालों की संख्या अभी भी बढ़ सकती है। घायलों का इलाज क्षेत्रीय अस्पतालों में चल रहा है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि एक बस वेनिस के मेस्त्रे क्षेत्र में वेम्पा ओवरपास पर लगी बाड़ को तोड़ते हुए लगभग 10 मीटर नीचे रेल की पटरियों के पास एक खाली क्षेत्र में गिर गई। कथित तौर पर गिरते ही बस में आग लग गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने व्यक्तिगत और सरकार की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रही हैं।

रोम के क्विरिनले पैलेस ने कहा कि इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेल्ला ने वेनिस के मेयर लुइगी ब्रुगनारो को फोन करके इस त्रासदी पर दुख व्यक्त किया है। ब्रुगनारो ने सोशल मीडिया पर कहा, आज शाम हमारे समुदाय में एक बड़ी त्रासदी हुई। उन्होंने कहा कि बस गिरने से मरने वाले अनेकों लोगों की याद में आधिकारिक शोक का आह्वान किया गया है। ब्रुगनारो ने इसे एक सर्वनाशकारी दृश्य कहा।

## सुडोकू 6337

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | | 8 | 1 | 5 |
| | | | 5 | | | | | |
| 1 | | 4 | 6 | | | | | 2 |
| | 1 | 2 | | | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | | 3 |
| 8 | | | | | | 1 | 4 | |
| 2 | | | | | 4 | 5 | | 8 |
| | | | | | 3 | | | |
| 5 | 8 | 1 | | | | 3 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।


**हल आज ही के अंक में**

## पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई में 10 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक ऑपरेशन चलाया, जिसमें 10 आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने जिले के पेजू इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद अभियान चलाया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया है कि मारे गए आतंकवादी सुरक्षा बलों के खिलाफ कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे। साथ ही वो जबरन वसूली और निर्दोष नागरिकों की हत्या में भी शामिल थे। इसमें कहा गया है कि ऑपरेशन के दौरान हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा भी मिला है।



## वर्ग पहेली 6337



**बायें से दायें:-**

१. चतुराई, बुद्धिमानी
३. प्रिय व्यक्ति या प्रियवस्तु को मिलने या प्राप्त करने के लिए बेचैन होना
५. पुस्तक (उर्दू)
६. दुर्गा
७. शाम का समय
८. 'स्वीमिंग पुल'
१३. जिसकी मदद करने वाला कोई न हो
१५. अंधकार
१६. तूणिर
१७. इज्जत, सम्मान (उर्दू)
१८. सभी, संपूर्ण
२०. भारत के उत्तरी सीमा पर स्थित एक पर्वत श्रेणी
२२. शामिल
२३. किसी पुलिस थाने का प्रधान अधिकारी

**ऊपर से नीचे:-**

१. शुभ-अशुभ, अच्छा-बुरा, अपशब्द
२. पसंद किया हुआ, चुना हुआ
३. परिवर्तित (उर्दू)
४. हुकूमत, प्रशासन
५. मरीचि
९. कहानी, कहावत (उर्दू)
१०. अकारण, निरुद्देश्य (उर्दू)
११. अमृत, सूर्य की एक पत्नी, तलवार
१२. आवेदन-पत्र (उर्दू)
१४. सिक्के ढाले जाने की जगह
१७. परस्पर
१९. सीमा, प्रतिष्ठा
२०. कल्याण, भलाई
२१. जैसे

### वर्ग पहेली-6336



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 5 अक्टूबर, 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 7

### राशिफल

मेष -आज अपनी बोली में मिठास बनाए रखें, इससे किसी से विवाद होने की आशंका दूर रहेगी। लेखकों और कलाकारों के लिए समय अनुकूल है। भाइयों के बीच में प्रेम बढ़ेगा।

वृषभ -महत्वपूर्ण कामों को आज समय पर पूरा कर पाएंगे। धन लाभ की संभावना है। आप आज शारीरिक और मानसिक रूप से उत्साही रहेंगे। ज़िद्दी स्वभाव के कारण किसी से बहस हो सकती है।

मिथुन -आज हर मामलों में संभलकर चलें। घर में परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आज कोई नया काम शुरू ना करें, अन्यथा वह अधूरा ही बना रहेगा। शारीरिक अस्वस्थता और मानसिक चिंता का अनुभव होगा।

कर्क -आज व्यापार में लाभ के योग हैं। किसी पर्यटन स्थल पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। दोपहर के बाद आप थोड़े आलसी बने रहेंगे। काम में मन नहीं लगेगा। आंख के रोगों से कष्ट बढ़ सकता है।

सिंह -नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन अच्छा है। अधूरे काम पूरे होंगे। दोस्तों और परिजनों से उपहार मिल सकता है। व्यापार के क्षेत्र में नए संपर्क से भविष्य में लाभ होने की संभावना रहेगी।

कन्या -आप के व्यापार से अन्य व्यापारी भी धन लाभ ले पाएंगे। आज किसी लंबे प्रवास का योग है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलें। दूर के रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है। दोपहर बाद किसी काम में अधिकारी आपका साथ देंगे।

तुला -आज ज्यादा काम से आपका मन उदास रहेगा। थोड़ी आलस्य का अनुभव करेंगे। निर्धारित समय में आप अपना काम पूरा नहीं कर पाएंगे। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बाहर खाने-पीने से बचना आपके हित में है।

वृश्चिक -आज परिवार में सुख और आनंद का अनुभव करेंगे। परिजनों के साथ सामाजिक समारोह में जाने का अवसर मिलेगा। कोई यात्रा हो सकती है। दोपहर के बाद आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा।

धनु -आज का दिन शुभ फलदायी होगा। शरीर और मन से अस्वस्थ रहते हुए भी आप अपने अधूरे काम को पूरा करने के लिए प्रयास करेंगे। कोई निवेश प्लान कर सकते हैं। कार्यालय में सह कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा।

मकर -आज आप अपने व्यवहार से किसी का दिल जीत सकते हैं। आपका नेटवर्क बढ़ेगा। किसी अच्छे निवेश में धन लगा पाएंगे। आज का पूरा दिन आनंद के साथ गुजरेगा। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ -विद्यार्थी, कलाकार और खिलाड़ियों के लिए आज का दिन शुभ है। पिता तथा सरकार की ओर से लाभ होगा। आपका मनोबल भी आज दृढ़ रहेगा। काम की सफलता में कोई बाधा नहीं आएगी।

मीन -आज आप काल्पनिक दुनिया में ही दिन ज्यादा गुजारेंगे। इससे आपके काम को उचित दिशा मिल सकेगी। परिजनों और मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। दैनिक काम में भी आत्मविश्वास रहेगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## तुर्की ने 37 पीकेके संदिग्धों को हिरासत में लिया

अन्य दो अन्य को किया ढेर

**अंकारा,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। तुर्की सुरक्षा बलों ने बुधवार को प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) से गैरकानूनी संबंधों के मद्देनजर कम से कम 37 लोगों को हिरासत में लिया और आतंकवाद विरोधी अभियानों के तहत अन्य दो संदिग्धों को ढेर कर दिया। एक कैबिनेट मंत्री ने यह जानकारी दी। तुर्की सरकार ने रविवार को राजधानी अंकारा में आत्मघाती हमले के बाद देश भर में बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया है और उत्तरी इराक में पीकेके के ठिकानों पर दो हवाई हमले किए हैं। दो हमलावरों ने तुर्की के गृह मंत्रालय की इमारत के सामने बम हमले का प्रयास किया, जिसमें दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा कि हमलावरों में से एक की पहचान पीकेके के सदस्य के रूप में की गई है, जिसे तुर्की द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

## अमेरिकी संसद के इतिहास में पहली बार स्पीकर को पद से हटाया गया

### मैक्कार्थी ने कहा, दोबारा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे



**वाशिंगटन,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर रिपब्लिकन पार्टी के केविन मैक्कार्थी को देश के इतिहास में पहली बार एक ऐतिहासिक विधायी वोट में पद से हटा दिया गया। मैक्कार्थी ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि वह दोबारा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे और उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह कांग्रेस से इस्तीफा देंगे या नहीं। मैक्कार्थी को हटाने के प्रयास का नेतृत्व साथी रिपब्लिकन मैट गेट्ज़ ने किया था, जो कट्टरपंथियों के एक समूह के सदस्य हैं और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ जुड़ाव के लिए अक्सर एमएजीए विंग कहा जाता है, जिनके अभियान का नारा मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) है। मैक्कार्थी की विदाई की कहानी का सूत्र उसके स?पीकर बनने की कहानी में ही रख दिया गया था। उन्हें जनवरी में अपनी ही पार्टी के भीतर एक लंबी लड़ाई में अध्यक्ष पद हासिल हुआ जो उनकी जीवन भर की महत्वाकांक्षा थी। उन्होंने 15वें दौर के मतदान में कट्टरपंथियों के साथ एक समझौते में जीत हासिल की, जिन्होंने यह रियायत ली थी कि कोई भी एक सदस्य उन्हें हटाने की पहल कर सकता है। गेट्ज़ ने स्पीकर के पद से उन्हें हटाने के लिए प्रस्ताव पेश करने के लिए उस शर्त का उपयोग किया। उन्हें हाटने के पक्ष में 216 और विरोध में 210 मत पड़े जिसमें आठ रिपब्लिकन ने डेमोक्रेट के साथ मतदान किया। मतदान की अध्यक्षता करने वाले रिपब्लिकन ने कहा, अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष का पद रिक्त घोषित किया जाता है। उत्तरी कैरोलिना के प्रतिनिधि पैट्रिक मैकहेनरी ने रिपब्लिकन द्वारा नए अध्यक्ष का चुनाव होने तक अंतरिम अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला।

## इराक में शादी के दौरान लगी आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 119 हुई



**बगदाद,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। इराक के निनेवे प्रांत में हाल के दिनों एक शादी समारोह में लगी आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 119 हो गई है। इराकी समाचार एजेंसी शफ़ाक न्यूज़ ने मंगलवार को गवर्नरेट के स्वास्थ्य विभाग का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। एजेंसी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं का हवाला देते हुए कहा कि पीड़ितों में दुल्हन के पिता भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मंगलवार को मोसुल शहर के पूर्व में अल-हमदानिया जिले में आठ लोगों को दफनाया गया। इराक के आंतरिक मंत्री के एक सलाहकार ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि आग के कारणों की जांच के लिए गठित एक जांच आयोग ने निष्कर्ष निकाला है कि यह त्रासदी एक दुर्घटना का परिणाम थी। अल जजीरा ने इराक के आंतरिक मंत्रालय के हवाले से खबर दी है कि शादी हॉल में आपातकालीन निकास बंद होने के कारण कई लोगों की मौत हो गई।

## अफगानिस्तान में पुलिस को मिला गोला-बारूद का जखीरा

**काबुल,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के उत्तरी सारी पुल प्रांत में पुलिस ने आरपीजी-7 सहित हथियार और गोला-बारूद का जखीरा मिला है। एक अधिकारी दीन मोहम्मद नज़री ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले सारी पुल प्रांत के कुछ हिस्सों में कई ऑपरेशनों के दौरान एकेएम के चार टुकड़े, एक मशीन गन, एक आरपीजी-7 रॉकेट लॉन्चर और एक अमेरिका निर्मित एम 16 असॉल्ट राइफल सहित प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई थी। अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान हजारों गोलियां और गोले भी बरामद किए गए। इसी तरह की एक कार्रवाई में पुलिस ने शुक्रवार को पूर्वी अफगानिस्तान के पंजशीर प्रांत में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किए।

## चीन में संदिग्ध गैस से सात लोगों की मौत

**ताइयुआन।** उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत के वुताई काउंटी के जिंगपिंग गांव में एक मकई प्रसंस्करण मिल में मंगलवार को जहरीली गैस कार्बन मोनोऑक्साइड के कारण दम घुटने की घटना में सात लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में पाया गया कि पीड़ितों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता से हुई है।

## आज का इतिहास

1524-भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध वीरागंना रानियों में से एक रानी दुर्गावती का जन्म।
1864-कलकत्ता शहर में चक्रवात से लगभग 50,000 लोगों की मौत।
1890-समाज सुधारक तथा स्वतन्त्रता सेनानी किशोरी लाल मशरूवाला का जन्म।
1915-बुल्गारिया ने प्रथम विश्व युद्ध में हिस्सा लिया।
1946-पहले कान फिल्म समारोह का समापन।
1948-तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्क़ाबात में भूकंप से 110,000 लोगों की मौत।
1954-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता तथा प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ गुरुदास कामत का जन्म।
1962-जेम्स बॉंड सीरीज की पहली फिल्म 'डॉ. नो' रिलीज हुई।
1981-हिन्दी जगत के प्रमुख साहित्यकार भगवतीचरण वर्मा का निधन।
1988-ब्राजील की संविधान सभा ने संविधान को मंजूरी दी।
1989-न्यायमूर्ति मीरा साहिब फ़ातिमा बीबी सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज बनी।
1995-आयरलैंड के कवि एवं साहित्यकार हीनी को वर्ष 1995 के साहित्य पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा।
1997-भारतीय टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस तथा महेश भूपति ने जिम कूरियर तथा एलेक्स ओ ब्रायन को पराजित कर %चाईना ओपन टेनिस टूर्नामेंट% का ख़िताब जीता।
1999-भारत ने व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर होने वाली विशेष बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया।
2000-यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति मिलोसेविच के ख़िलाफ़ विद्रोह।

**सूची** *फोर्ब्स की सूची में दूसरे नंबर पर रहे बेजोस*

## अमेरिका के 400 सबसे अमीर लोगों में मस्क पहले स्थान पर

**सैन फ्रांसिस्को, 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। फोर्ब्स ने 2023 के अमेरिका के 400 सबसे अमीर लोगों की सूची जारी की, जिसमें इस बार भी टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क 251 अरब डॉलर की अनुमानित संपत्ति के साथ पहले स्थान पर हैं। उन्होंने अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन को पीछे छोड़ दिया है।**

**फोर्ब्स के अनुसार, मस्क की संपत्ति पिछले साल के बराबर ही है। दूसरे स्थान पर मौजूद बेजोस से 90 अरब डॉलर अधिक है, जिनकी अनुमानित संपत्ति 161 अरब डॉलर है।**

पिछले साल ट्विटर (अब एक्स) के लिए 44 बिलियन डॉलर का भुगतान करने के बावजूद, उन्होंने अपनी संपत्ति बरकरार रखी है। इसमें उनकी रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स के चलते पांच गुना वृद्धि हुई है, जिसकी कीमत अब चार साल बाद 150 अरब डॉलर है।

टॉप 20 में से 9 की संपत्ति 100 अरब डॉलर या उससे अधिक है, जो अब तक की सबसे ज्यादा संपत्ति है, और पिछले साल केवल 4 से अधिक है।

वहीं, ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन 158 अरब डॉलर की अनुमानित संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

फोर्ब्स ने कहा कि इस साल अमेरिका में कोई भी उनसे ज्यादा अमीर नहीं बन पाया है, जो अपनी सॉफ्टवेयर कंपनी के शेयरों को बढ़ाने वाले जेनेरिक एआई क्रेज के कारण 57 अरब डॉलर ज्यादा अमीर हैं।



■ मस्क 251 अरब डॉलर की अनुमानित संपति के साथ शीर्ष पर

गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज पांचवें स्थान पर हैं। इस साल उन्होंने अपनी मूल कंपनी अल्फाबेट के शेयरों में 26 प्रतिशत की उछाल के कारण 21 बिलियन डॉलर की संपत्ति प्राप्त की। उनकी संपत्ति अब 114 अरब डॉलर आंकी गई है।

माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, जो कभी दुनिया के सबसे अमीर आदमी हुआ करते थे, अब 111 अरब डॉलर की अनुमानित संपत्ति के साथ अमेरिका की सूची में छठे स्थान पर हैं, जबकि पेज के गूगल के सह-संस्थापक सर्गेई ब्रिन 110 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सातवें नंबर पर हैं। मेटा के संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग और मस्क के बीच इस साल तनातनी देखने को मिली। जुकरबर्ग एआई में शुरुआती निवेश के चलते 106 बिलियन डॉलर के साथ मजबूती से खड़े रहे। माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ स्टीव बाल्मर 101 बिलियन डॉलर के साथ नौवें स्थान पर हैं।

### सुडोकू 6337 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 3 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 3 | 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 |
| 7 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |

## दुनिया को जानें

### ब्राजील की ऐतिहासिक इमारत 'चाइना रेड' रोशनी में जगमगायी

**बीजिंग,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन लोक गणराज्य की स्थापना की 74वीं वर्षगांठ मनाने के लिए, ब्राजील के साओ पाउलो में ऐतिहासिक इमारतों ने स्थानीय समय के अनुसार 1 अक्टूबर की शाम को चाइना रेड की रोशनी जलायी। साओ पाउलो के केंद्र में पॉलिस्ता एवेन्यू पर साओ पाउलो स्टेट फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्री बिल्डिंग की बाहरी दीवार पर, लाल रोशनी की चमक के साथ एक विशाल पांच सितारा लाल झंडा यानी चीन का राष्ट्रीय झंडा पेश किया गया था। इस लाइट शो ने हाई-स्पीड ट्रेन यात्रा की दृष्टि से पांडा, ग्रेट वॉल, रॉकेट लॉन्च और शांगहाई ओरिएंटल पर्ल टॉवर जैसे विशिष्ट लोगो के साथ चीनी तत्वों को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। इसने चीन की विकास उपलब्धियों को प्रदर्शित किया और चीन और ब्राजील के बीच दोस्ती की कहानी बताई, जिसने कई ब्राजीलियाई लोगों को रुकने और देखने के लिए आकर्षित किया।



# खेल जगत

## भारत में ट्रॉफी जीतना 2019 के खिताब से भी बड़ी उपलब्धि होगी : इयोन मोर्गन

**अहमदाबाद,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व सफेद गेंद कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि घरेलू धरती पर 2019 का खिताब जीतने की तुलना में विश्व कप जीतना टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड जिसने मोर्गन के नेतृत्व में 2019 का खिताब जीता था।भारत में खेले जाने वाले वर्ल्ड कप 2023 की शुरुआत गुरुवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ करने के लिए तैयार है। टीम के कप्तान जोस बटलर और मुख्य कोच मैथ्यू मॉट इस विश्व कप के लिए योजना बना रहे हैं, लेकिन अगर आप उनसे पूछें तो वे शायद कहेंगे कि यह अविश्वसनीय रूप से चुनौतीपूर्ण रहा है। टीम में काफी बदलाव आया है, जबकि जेसन रॉय को देर से बाहर करने और हैरी ब्रूक को शामिल करने से टीम पर सवालिया निशान लग गए थे। मोर्गन ने कहा, 2015 और 2019 के बीच, हमारा एकमात्र ध्यान घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप जीतने की कोशिश पर था।



## ज्योति और ओजस ने तीरंदाजी में कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक



**हांगझोउ** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के ज्योति वेन्नम और ओजस देवताले ने बुधवार को तीरंदाजी के कंपाउंड मिश्रित स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज ज्योति और ओजस की जोड़ी ने फाइनल में दक्षिण कोरिया के सो चायवान और जू जायेहून के हराकर स्वर्ण पदक जीता। मुकाबले में ज्योति वेन्नम और ओजस देवताले ने 159 का स्कोर किया। जबकि कोरियाई जोड़ी ने 158 का स्कोर किया। भारतीय जोड़ी के सामने कोरियाई जोड़ी टिक नहीं सकी और मुकाबला हार गई। इस पदक जीतने के साथ ही भारत ने एशियाई में एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। इससे पहले भारतीय तीरंदाज ज्योति और ओजस ने सेमीफाइनल में कजाखस्तान की आदेल झेशेनबिनोवा और आंद्रे त्युत्युन की जोड़ी को को 159-154 से हराते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया था। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया की जोड़ी मोहम्मद जुवैदी बिन माजुकी और फातिन नूरफतेहाह मेट सालेह को मात दी थी।

### नीरज चोपड़ा ने जीता स्वर्ण, जेना की चांदी

एशियाई खेलों में बुधवार को जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण और किशोर कुमार जेना ने रजत पदक जीता। ओलंपिक स्पोर्ट्स पार्क मेन स्टेडियम में आयोजित इवेंट स्थल पर तकनीकी समस्याओं के कारण नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो रद्द कर दिया गया था। उसके बाद उन्होंने अपना पहला थ्रो दोबारा फेंका। नीरज चोपड़ा ने अपने चौथे प्रयास के साथ सीजन का सर्वश्रेष्ठ 88.88 मीटर थ्रो करते हुए एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी ने जकार्ता 2018 में स्वर्ण पदक जीता था और महाद्वीपीय प्रतियोगिता में यह भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी का दूसरा स्वर्ण पदक था। वहीं, किशोर कुमार जेना ने न केवल हांगझोऊ में अपना पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय पदक जीता, बल्कि उसी दिन वह एक बार नहीं बल्कि दो बार अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। जेना भाला फेंक स्टैंडिंग में कुछ समय के लिए नीरज से आगे थे। किशोर अपने तीसरे थ्रो के साथ (86.77 मीटर) इस साल की शुरुआत में बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ (84.77 मीटर) थ्रो को पार कर लिया। वहीं, अपने चौथे थ्रो में उन्होंने और सुधार करते हुए 87.54 मीटर का थ्रो फेंका। इसके साथ ही उन्होंने एशियन गेम्स 2023 में रजत पदक जीता।

### मुक्केबाजी में लवलीना को रजत, प्रवीण को कांस्य मिला



भारत की लवलीना बोरगोहेन को बुधवार को महिलाओं की 75 किलोग्राम वर्ग में रजत और प्रवीण हुड्डा को 57 किलोग्राम वर्ग में मुक्केबाजी मुकाबले में कांस्य पदक मिला है। चीन में चल रहे एशियाई खेलों में आज फाइनल मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज लवलीना को चीन की ली कियान के खिलाफ 5-0 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीनी मुक्केबाज पूर्व विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता रह चुकी हैं। भारतीय मुक्केबाज और चीनी बॉक्सर ने इस फाइनल मुकाबले में शुरुआत से ही रिंग में आक्रामक रुख् इख्तियार किया। लवलीना बोरगोहेन पहले राउंड में थोड़ी रक्षात्मक नज़र आई। हालांकि, उन्होंने कुछ अच्छे पंच लगाकर जजों का ध्यान अपनी ओर ज़रूर खींचा। वहीं, दूसरे और आखिरी राउंड में भारत की लवलीना ने अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए राइड हैंड से कई पंच जड़े, लेकिन चीनी मुक्केबाज थोड़ी ज्यादा आक्रामकर नज़र आई और उन्होंने सर्वसम्मत निर्णय से स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। लवलीना बोरगोहेन ने इस साल की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में ली कियान का सामना किया था और उन्हें 4-1 के स्प्लिट डिसीजन से हराया था। ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने अपनी इस वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया था। वहीं महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में मुकाबले में भारत की प्रवीण हुड्डा ने कांस्य पदक जीता है। आज यहां हुए सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय मुक्केबाजी में प्रवीण हुड्डा को चीनी ताइपे की लिन के खिलाफ हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा है।

## रोमांचक मुकाबले में बंगलादेश दो रन से जीता



**हांगझोउ** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को बंगलादेश बनाम मलेशिया के चौथे क्रिकेट क्वार्टर फाइनल में बंगलादेश ने गेंदबाजों के अंतिम ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रोमांचक मुकाबले में दो रन से जीत हासिल की है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 2.5 ओवर में तीन रन पर तीन विकेट गंवा दिये। उसके दोनों ओपनर परवेज़ हुसैन इमॉन और महमुदुल हसन जॉय अपना खाता भी नहीं को खोल सके। परवेज़ हुसैन इमॉन को विजय उन्नी ने पगबाध और महमुदुल हसन जॉय को पवनदीप सिंह ने रन आउट किया। उसके बाद ज़ाकिर हसन को पवनदीप सिंह ने अनवर रहमान के हाथों कैच आउट कराकर तीसरा विकेट ढहा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान सैफ हसन 52गेंदों में 50 रनों की नाबाद पारी, अफ़िफ़ हुसैन ध्रुबो के 14 गेंदों पर 23 रन की पारी का अंति पवनदीप सिंह ने जुबैदी जुल्फिकली के हाथों कैच कराकर किया। शहादत हुसैन ने 21 रन बनाए और उन्हें अनवर रहमान ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। जाकेर अली 14 रन बनाकर नाबाद रहे। बंगलादेश 20 ओवर में पांच विकेट पर 116 रन ही बना सकी। मलेशियाई गेंदबाज पवनदीप सिंह ने 12रन देकर दो विकेट लिये। विजय उन्नी और अनवर रहमान को एक-एक विकेट मिला। 117 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशियाई टीम की भी शुरुआत खराब रही और उसने जुबैदी जुल्फ़िकली एक रन के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में मुहम्मद आमिर शून्य के रूप मे दूसरा विकेट गिरा। तीसरे विकेट कप्तान अहमद फ़ैज़ शून्य में गिरा। उन्हें धुबो ने रकीबुल के हाथों कैच आउट कराया। वहीं मुहम्मद आमिर को भी ध्रुबो की गेंद पर रकीबुल ने लपका। जुबैदी जुल्फ़िकली को मोंडल ने हसन जॉय के हाथों कैच आउट कराया। विरनदीप सिंह ने संभलकर खेलते हुए 39 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली, उन्हें ध्रुबो ने हसन जॉय के हाथों कैच आउट कराया। विजय उन्नी 14रन को मोंडल ने जाकिर के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेज दिया। आइनुल हफ़ीज़ 14 को रिशाद हुसैन बोल्ड आउट किया। अनवर रहमान और स्याज़रुल इद्रुस एक-एक रन बनाकर नाबाद रहे। मलेशियाई की पूरी टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 114 रन ही बना सकी और उसे दो रनों की हार झेलनी पड़ी।

बंगलादेश की ओर से रिपोन मोंडल ने 14 रन देकर तीन विकेट और अफ़िफ़ हुसैन ध्रुबो ने 11 रन देकर तीन विकेट लिये। रिशाद हुसैन और रकीबुल हसन को एक-एक विकेट मिला।

## दबाव झेलने के लिये तैयार हूं : रोहित



**अहमदाबाद,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि यह कहना गलत होगा कि विश्व कप को लेकर टीम पर दवाब नहीं है मगर टीम का हर सदस्य इस दवाब से उबर कर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखता है हालांकि टीम विश्व कप का परिणाम तय करने के बजाय एक समय पर एक मैच पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की रणनीति पर मेहनत करेगी। यह पहला मौका है जब भारत इकलौते दम पर विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। पिछले तीन मौकों 1987, 1996 और 2011 में सह-मेजबान रहे हैं। भारत की कोशिश होगी कि 1983 और 2011 का कारनामा अपनी सरजमीं पर दोहराये और विश्व कप अपनी झोली में डाले। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को अच्छी तरह पता है कि उनकी टीम पर घरेलू धरती पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव है मगर उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम आगे बढ़ सकती है। बुधवार को आईसीसी कैप्टन्स कॉल पर बोलते हुए रोहित ने कहा, मै विश्व कप में टीम का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं। मुझे पता है कि आयोजन से पहले दबाव होगा, लेकिन मुद्दा इससे उबरने का है। टीम के सभी सदस्य उस दबाव से गुज़रने के आदी हैं, चाहे वे भारत में खेल रहे हों या बाहर। दबाव एक ऐसी चीज़ है जो किसी खिलाड़ी को नहीं छोड़ती है। जब तक आप खेल खेलते हैं, दबाव हमेशा रहेगा। इसलिए इसे एक तरफ रखें, काम पर ध्यान केंद्रित करें। यह कहना बहुत आसान है, लेकिन यह कठिन होगा मगर मुझे यकीन है कि हमने वास्तव में अच्छी तैयारी की है और जब तक आप वास्तव में अच्छी तैयारी करते हैं, इससे आपको किसी भी खेल में काफी आत्मविश्वास मिलता है।

1983 में कपिल देव के नेतृत्व में पहला विश्व कप जीतने के बाद 1987 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारतीय टीम इंग्लैंड से हार गयी थी जबकि 1996 में श्रीलंका ने भारतीयो का सफर सेमीफाइनल में ही खत्म कर दिया था। भारत ने 2011 संस्करण में अपने सितारे जमाए और इतिहास में दूसरी बार विश्व कप जीता। क्रिकेट विश्व कप के पिछले तीन संस्करणों में मेजबान देशों भारत (2011), ऑस्ट्रेलिया (2015) और इंग्लैंड (2019) ने विश्व कप अपने नाम किया है। खिलाड़ियों की शानदार फार्म और घरेलू मैदान के चलते मौजूदा विश्व कप में भारत के जीतने की संभावना प्रबल हो गयी है मगर भारतीय कप्तान इस संयोग से इत्तिफाक नहीं रखते हैं।

## भारत ने कबड्डी में थाईलैंड को 63-26 से हराया



**हांगझोउ** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने बुधवार को एशियाई खेलों में ग्रुप ए के अपने दूसरे मुक़ाबले में थाईलैंड को 63-26 से हरा दिया है। जिआओशान गुआली स्पोर्ट्स सेंटर में आज कबड्डी मैट पर पवन सहरावत की अगुवाई वाली टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड को चार बार ऑल आउट कर मुकाबला 63-26 से जीत लिया। थाईलैंड के खिलाड़ी पूरे मैच में अधिक प्रभावशाली नहीं रहे और सिर्फ एक सुपर टैकल करने में सफल रहे। इस 37 अंकों की जीत ने भारत को ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया है। चीनी ताइपे की टीम ने भी अपने दोनों मैचों में जीत दर्ज की है लेकिन उनका प्वाइंट अंतर प्लस 37 का है जबकि भारत का प्वाइंट अंतर प्लस 74 है। पवन सहरावत की अगुवाई वाले भारतीय टीम ने प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व बनाए रखा और पहले हाफ में थाईलैंड को 3 बार ऑल-आउट करते हुए 28 अंकों की बड़ी बढ़त हासिल की। रेडर नवीन कुमार और अर्जुन देशवाल ने भारतीय कबड्डी टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। भारतीय टीम ने मैच शुरू होने के बाद कुछ मिनट बीतते ही थाईलैंड को पहली बार ऑल-आउट करते हुए 12-2 की बढ़त हासिल कर ली। इसके तुरंत बाद, थाईलैंड ने एक सुपर रेड करते हुए नवीन कुमार, सुनील और परवेश को मैट से बाहर कर दिया। हालांकि, जल्दी ही भारत ने अपने तीनों खिलाड़ियों को रिवाइव कर लिया। हालांकि, भारत की संतुलित टीम ने लगातार शानदार प्रदर्शन जारी रखा और थाईलैंड को मैच में दूसरी बार ऑल-आउट कर 27-9 की बढ़त बनाई। इसके बाद, भारत की ओर से कुछ बेहतरीन टैकल और अर्जुन देशवाल की एक शानदार रेड की बदौलत थाईलैंड की टीम एक बार फिर से ऑल-आउट हो गई। सलम इनामदार और आकाश शिंदे की मदद से भारत ने अपनी बढ़त को 28-9 से 37-9 तक पहुंचाकर पहला हाफ ख़त्म किया।

## पीवी सिंधु, एचएस प्रणॉय एकल क्वार्टरफाइनल में



**हांगझोउ** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन दिग्गज पीवी सिंधु ने बुधवार को महिला एकल राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशियाई शटलर पुट्री कुसुमा वर्दानी को और एचएस प्रणॉय ने पुरुष एकल राउंड ऑफ 16 का अपना मुकाबला कजाकिस्तान के दिमित्री पनारिन को 21-12, 21-13 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये है। वहीं मिश्रित युगल राउंड ऑफ 16 में भारत के साई प्रतीक और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज भारतीय बैडमिंटन शटलर पीवी सिंधु ने एशियन गेम्स 2023 में महिला एकल राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशियाई शटलर पुट्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 55 मिनट में 21-16, 21-16 से जीत दर्ज करते हुए क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। 2018 एशियाई खेल की रजत पदक विजेता पीवी सिंधु की नज़र स्वर्ण पदक हासिल करने पर होंगी। एचएस प्रणॉय ने भी पुरुष एकल राउंड ऑफ 16 का अपना मुकाबला कजाकिस्तान के दिमित्री पनारिन को 21-12, 21-13 से हराकर जीता। 31 वर्षीय भारतीय शटलर का महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2018 में क्वार्टरफाइनल में जगह बनाना था। विश्व नंबर 7 एचएस प्रणॉय कल क्वार्टरफाइनल में मुकाबला करेंगे। वहीं एक अन्य मुकाबले में दुनिया की 9वें नंबर की मलेशियाई जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई ने साई प्रतीक और तनीषा क्रास्टो की भारतीय जोड़ी को 21-18, 21-8 से हराया। इस स्पर्धा में मिली हार के बाद साई प्रतीक का अभियान समाप्त हो गया।

## द. कोरिया पर रोमांचक जीत के साथ भारत की पुरुष हॉकी टीम फाइनल में



नई दिल्ली, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय और अभिषेक की बराबर आगे गेंद संभाल गोल तलाशने की भारत की पुरुष हॉकी टीम की रणनीति चार बार चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ हंगजू (चीन) में एशियाई खेलों के अहम सेमीफाइनल में बुधवार को काम आई। वहीं दक्षिण कोरिया के स्ट्राइकर मंजी जुंग की हैट्रिक बेकार गई। हार्दिक सिंह , मनदीप सिंह और ललित उपाध्याय के पहले क्वॉर्टर तथा अभिषेक के खेल खत्म होने से छह मिनट पहले दागे एक-एक मैदानी तथा ड्रैग फ्लिकर अमित रोहिदास के पहले पेनल्टी कार्नर पर बढ़िया ड्रैग फ्लिक से दागे एक गोल की बदौलत दुनिया की तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम ने चार बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया को बेहद रोमांचक सेमीफाइनल में 5-3 से हराकर 13 वीं बार एशियाई खेलों के फाइनल में स्थान बना कर स्वर्ण जीत और सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने की आस बरकरार रखी। दक्षिण कोरिया ने 3-5 से पिछड़ने के बाद बराबरी पाने के मकसद से अपने गोलरक्षक को हटा सभी 11 खिलाडि़यों को हमले पर लगा दिया लेकिन खासतौर पर भारत की रक्षापंक्ति में अमित रोहिदास , सुमित, जर्मनप्रीत सिंह के साथ कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपने किले की अनुभवी गोलरक्षक पीआर श्रीजेश के साथ मजबूत चौकसी कर उसकी हसरत पर पानी फेर दिया। भारत की मध्यपंक्ति में अनुभवी मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलकांत शर्मा और विवेक सागर प्रसाद को बराबर जवाबी हमलों को बेताब दक्षिण कोरिया के खिलाफ गेंद पर कब्जा बरकरार रखने के लिए जरूरत से ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह और ललित उपाध्याय के एक एक बेहतरीन मैदानी गोल से भारत को 3-0 की बढ़त लेने के बाद इसे और बढ़ाने की बजाय दूसरे और तीसरे क्वॉर्टर में इसे बरकरार रखने की गलती का दक्षिण कोरिया के स्ट्राइकर मंजी जुंग ने लाभ उठाया और पहले और दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर इनडायरेक्ट तथा एक बेहतरीन मैदानी गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी कर अपनी टीम की इस सेमीफाइनल में दो बार वापसी कराई।

## भारत को बिग फेंग व चिंग के खिलाफ किले की मजबूत चौकसी होगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिी, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोलरक्षक सविता की अगुआई में भारत की महिला हॉकी ने चार मैचों में तीन एक ड्रॉ के साथ अजेय रह पूल ए में शीर्ष पर शानदार अंदाज में हंगजू(चीन) में 19 वें एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में स्थान बनाया है। भारत और दक्षिण कोरिया ने अपने चार चार मैचों से समान रूप से दस -दस अंक हासिल किए लेकिन भारत अपने बेहतर गोल अंतर के कारण पूल ए में शीर्ष पर रहा। भारत की महिला हॉकी टीम के सामने बृहस्पतिवार को अब पूल बी में बस मौजूदा चैंपियन जापान के एकमात्र मैच हारने वाली मेजबान चीन की टीम की होगी। भारत और चीन की महिला हॉकी टीमें अब तक 22 बार भिड़ी हैं और इनमें भारतीय टीम 11 बार जीती है और जबकि चीन की टीम नौ बार जीती है और दो मैच ड्रॉ रहे हैं। पिछला उपविजेता भारत एशियाई खेलों में 2002 से 2006 तक लगातार तीन बार खिताब जीतने वाली चीन की महिला टीम के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार रख कर लगातार दूसरी बार फाइनल मे स्थान बनाने के मकसद से उतरेगा। भारत को लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचना है तो उसे चीन की ड्रैग फ्लिकर उसके लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाली गू बिग फेंग (8 गोल), चिंग जोंग (7 गोल) के साथ स्ट्राइकर जिया की जांग(5 गोल) तथा मि यू लियांग (पांच गोल) के खिलाफ अपने किले की मजबूत चौकसी करनी होगी।

पिछली उपविजेता भारतीय महिला हॉकी को लगातार दूसरी बार फाइनल में स्थान बनाने के लिए चीन से पार पाना है तो उसकी अग्रिम पंक्ति में सबसे कम उम्र की स्ट्राइकर संगीता कुमारी, अनुभवी वंदना कटारिया, ललरेमसियामी दीपिका और लिंकवूमैन यानी आक्रमण और रक्षण के बीच की सबसे अहम कड़ी नवनीत कौर को शुरू से मेजबान चीन के खिलाफ आक्रामक हॉकी खेलनी होगी। भारत की अग्रिम पंक्ति को अपनी मध्य पंक्ति में अनुभवी सलीमा टेटे, नेहा गोयल ,निशा वारसी और ओवरलैप कर बराबर आगे हमले भी बोलने में यकीन रखने वाली मोनिका से मिले पासों का बेहतर उपयोग करना होगा। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि उसकी स्ट्राइकर संगीता कुमारी(छह गोल), वंदना कटारिया (तीन गोल) और नवनीत कौर (चार गोल) के साथ दीपिका (4 गोल) और ड्रैग फ्लिकर उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का (चार गोल) के रूप में उसके पास मैदानी गोल करने के साथ बराबरी पेनल्टी कॉर्नर दिलाने वाली स्ट्राइकर हैं। दीप ग्रेस एक्का के साथ बतौर ड्रैग फ्लिकर दीपिका भी अब बराबर पेनल्टी कार्नर पर मुश्किल कोण से ड्रैग फ्लिक कर गोल कर रही हैं।



### हम चीन की चुनौती के लिए तैयार हैं : सविता

भारत की कप्तान सविता ने चीन के खिलाफ सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, % हमारे लिए यह बेहद अहम क्षण है। हमने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है पर सेमीफाइनल एक अलग चुनौती है। चीन का एशियाई खेलों में शानदार इतिहास रहा है और वह एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी है। बावजूद इसके हम चीन के खिलाफ सेमीफाइनल की चुनौती के लिए तैयार हैं। हम भारत का गौरव बढ़ाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

## सार संक्षेप

### सुनील कुमार ने भारत को दिलाया कांस्य पदक

**हांगझोउ।** सुनील कुमार ने बुधवार को ग्रीको-रोमन 87 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर एशियन गेम्स 223 कुश्ती में भारत के लिए पहला पदक जीता। हांगझोउ के लिनन स्पोर्ट्स कल्चर एंड एग्जीबिशन सेंटर में भारतीय पहलवान ने किर्गिस्तान के अताबेक अज़ीसबेकोव को 2-1 से हराया। सुनील पहले राउंड के बाद पिछड़ रहे थे और चोटिल लग रहे थे मगर उन्होंने सिर पर पट्टी बांधकर मैट पर वापसी की और अंतिम दौर में स्कोर के अंतर को कम करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। सुनील कुमार के द्वारा जीता गया यह कांस्य पदक, 13 साल पहले चीन के गुआंगझोऊ में रविंदर सिंह और सुनील कुमार राणा के कांस्य पदक जीतने के बाद ग्रीको-रोमन कुश्ती में भारत का पहला पदक था। सुनील कुमार ने, भारत के 27 साल के इंतज़ार को ख़त्म करते हुए 22 एशियाई चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था।

### एशियन गेम्स में डोपिंग के दो मामले मिले

**हांगझोउ।** एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने मौजूदा एशियाई खेलों में दो डोपिंग मामले मिलने की पुष्टि की है। ओसीए ने मंगलवार को कहा कि सऊदी अरब के लंबी दूरी के धावक मोहम्मद यूसुफ अल-असीरी को उनके 26 सितंबर के परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ डार्बेपोएटिन (डीईपीओ) के लिए सकारात्मक परिणाम आने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। पहला मामला पिछले गुरुवार को सामने आया था जब अफगानिस्तान के मुक्केबाज मोहम्मद खैबर नूरिस्तानी प्रतिबंधित पदार्थों नॉरएंड्रोस्टेरोन और क्लोस्टेबोल मेटाबोलाइट 4-क्लोरो-3ए-हाइड्रॉक्सी-एंड्रोस्ट-4-एन-17-वन के लिए परीक्षण में पाजिटिव पाये गये थे। ओसीए के अनुसार, दोनों एथलीटों को बी नमूने के विश्लेषण का अनुरोध करने का अधिकार है।

### अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम धर्मशाला पहुंची

**धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में सात अक्तूबर को होने वाले विश्व कप के मैच के लिए अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम धर्मशाला पहुंच गई है। अपराह्न करीब पौन तीन बजे स्पाइस जेट के विमान में अफगानिस्तान की टीम गगल हवाई अड्डे पर लैंड की। जहां पर एचपीसीए के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। गगल हवाई अड्डे से सबसे पहले आफगानिस्तान टीम के स्टार गेंदबाज राशिद खान बाहर आए। इसके बाद बारी-बारी अन्य खिलाड़ी बाहर निकले और योल के पास ताज होटल के लिए रवाना हो गए। इस दौरान अफगानिस्तान टीम के मैंटो अजय जडेजा भी धर्मशाला पहुंचे हैं।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.04 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.30 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.71 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| मारुति | 2.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.59 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.48 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.23 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम बुधवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी, निर्यात पांच गुना करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को अधिसूचित किया। सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड देश में हल्दी और हल्दी उत्पादों के विकास और वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करेगा।

श्री ठाकुर ने कहा कि इससे हल्दी उत्पादक तेलंगाना और अन्य राज्यों में किसानों को फायदा होगा तथा हल्दी का निर्यात एक अरब डालर ( 8500 करोड़ रुपये) तक जा सकता है जो अभी 1600 करोड़ रुपये के बराबर है। उन्होंने कहा कि इस समय हल्दी उत्पादक राज्यों में कुल 3.34 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती होती है।

केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खास कर तेलंगाना के हल्दी किसानों की चिर लंबित मांग पूरी की है। उन्होंने कहा, 'हमारे किसानों ने तय किया था कि जब तक हल्दी बोर्ड नहीं बनेगा वे पांव में चप्पल नहीं डालेंगे। अब हमारी पार्टी (भाजपा) ने तेलंगाना के हल्दी किसानों को जगह जगह चप्पल भेंट करने का कार्यक्रम आयोजित किया है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी इसी सप्ताह हल्दी बोर्ड के गठन की घोषणा की थी।



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड इससे संबंधित मामलों में नेतृत्व प्रदान करेगा, प्रयासों को मजबूत बनाएगा तथा हल्दी क्षेत्र के विकास और वृद्धि में मसाला बोर्ड और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ अधिक समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा। सरकार का कहना है कि हल्दी के स्वास्थ्य और कल्याण लाभों पर विश्व भर में महत्वपूर्ण संभावनाएं और रुचि है, जिसका लाभ बोर्ड जागरूकता और खपत बढ़ाने, निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करने, नए उत्पादों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने तथा मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए हमारे पारंपरिक ज्ञान के विकास का काम करेगा। यह विशेष रूप से मूल्य संवर्धन से अधिक लाभ पाने के लिए हल्दी उत्पादकों की क्षमता निर्माण और कौशल विकास पर फोकस करेगा। बोर्ड गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों और ऐसे मानकों के पालन को भी प्रोत्साहित करेगा। बोर्ड मानवता के लिए हल्दी की पूरी क्षमता की सुरक्षा और उपयोगी दोहन के लिए भी कदम उठाएगा।

बोर्ड की गतिविधियां हल्दी उत्पादकों के क्षेत्र पर केंद्रित और समर्पित फोकस तथा खेतों के निकट बड़े मूल्यवर्धन के माध्यम से हल्दी उत्पादकों की बेहतर भलाई और समृद्धि में योगदान देंगी, जिससे उत्पादकों को उनकी उपज के लिए बेहतर कीमत मिलेगी। अनुसंधान, बाजार विकास, बढ़ती खपत और मूल्य संवर्धन में बोर्ड की गतिविधियां यह भी सुनिश्चित करेंगी कि हमारे उत्पादक और प्रोसेसर उच्च गुणवत्ता वाले हल्दी और हल्दी उत्पादों के निर्यातकों के रूप में वैश्विक बाजारों में अपनी प्रमुख स्थिति बनाए रखना जारी रखेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार हल्दी बोर्ड में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष, आयुष मंत्रालय, केंद्र सरकार के फार्मास्यूटिकल्स, कृषि और किसान कल्याण, वाणिज्य और उद्योग विभाग, तीन राज्यों के वरिष्ठ राज्य सरकार के प्रतिनिधि (रोटेशन के आधार पर), अनुसंधान में शामिल राष्ट्रीय/राज्य संस्थानों, चुनिंदा हल्दी किसानों और निर्यातकों के प्रतिनिधि होंगे, बोर्ड के सचिव की नियुक्ति वाणिज्य विभाग द्वारा की जाएगी।

## 60 करोड़ डॉलर का भारत-जापान फंड लांच

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना फंड (एनआईआईएफ) ने 60 करोड़ डॉलर का भारत-जापान फंड (आईजेएफ) लांच करने के लिए जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ साझीदारी की है जिसमें जेबीआईसी और भारत सरकार एंकर निवेशकों के रूप में रहेंगे।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह संयुक्त पहल ऐसे साझा प्राथमिकता वाले क्षेत्र अर्थात जलवायु और पर्यावरण में दोनों देशों के बीच सहयोग के एक प्रमुख आयाम का संकेत देती है। भारत-जापान फंड भारत में जापान के निवेश को बढ़ाने के अतिरिक्त पर्यावरणगत स्थिरता और निम्न कार्बन उत्सर्जन कार्यनीतियों में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

यह घोषणा एनआईआईएफ के पहले द्विपक्षीय फंड को चिन्हित करती है जिसमें भारत सरकार लक्षित कोष में 49 प्रतिशत का योगदान देगी और शेष 51 प्रतिशत का योगदान जेबीआईसी द्वारा दिया जाएगा। इस फंड का प्रबंधन एनआईआईएफ



लिमिटेड (एनआईआईएफएल) द्वारा किया जाएगा और जेबीआईसी आईजी (जेबीआईसी की एक सहायक कंपनी) एनआईआईएफएल को भारत में जापान के निवेश के बढ़ाने में सहायता करेगी।

भारत-जापान फंड पर्यावरणगत स्थिरता और निम्न कार्बन उत्सर्जन कार्यनीतियों में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगा और इसका लक्ष्य भारत में जापान के निवेश में और वृद्धि करने के लिए 'पसंद का भागीदार% बनने की भूमिका का निर्वाह करना है।

भारत-जापान फंड का गठन जापान सरकार और भारत सरकार के बीच कार्यनीतिक एवं आर्थिक साझीदारी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है।

## विकास को अब टियर दो और तीन शहरों से मिल रही गति : सीतारमण



**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि कार्पोरेट गवर्नेंस लाने में कंपनी सचिवों की महत्ती भूमिका का उल्लेख करते हुये कहा कि अब देश के विकास को टियर दो और टियर तीन शहरों से गति मिल रही है।


श्रीमती सीतारमण ने यहां भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि पिछले तीन वर्षों में भारत में 230 अबर डॉलर का निवेश आया है। इसके मद्देजनर कंपनी सचिवों की कार्पोरेट गवर्नेंस लाने के क्षेत्र में बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि ऐसे गैर जरूरी 39 हजार कानून और नियम समाप्त किये गये हैं जो अनुपयोगी हो चुके हैं। इसके माध्यम से कारोबारी सुगमता पर बल दिया गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि दुनिया में वैश्विक क्षमता केन्द्रों में भारत की भागीदारी अभी 45 प्रतिशत है और इन वैश्विक केन्द्रों में सात हजार स्टार्टअप काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन वैश्विक क्षमता निर्माण केन्द्रों की स्थापना में आईसीएसआई की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## मेटावर्स-संचालित रियलिटी लैब्स में कर्मचारियों की छंटनी करेगा मेटा : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेटा कथित तौर पर अपने मेटावर्स-संचालित रियलिटी लैब्स डिवीजन से अज्ञात संख्या में कर्मचारियों को निकालने की योजना बना रहा है। सूत्रों के हवाले से रॉयटर्स के अनुसार, मेटा के आंतरिक चर्चा मंच वर्कप्लेस पर एक पोस्ट के माध्यम से कर्मचारियों को बुधवार (अमेरिकी समय) को छंटनी के बारे में सूचित किया गया है।

फेसबुक एजाइल सिलिकॉन टीम (एफएएसटी) नामक सिलिकॉन इकाई में नौकरी में कटौती, मार्क जुकरबर्ग के महत्वाकांक्षी संवर्धित और आभासी वास्तविकता (एआर/वीआर) सपने में बाधा डाल सकती है। सिलिकॉन इकाई में करीब 600 कर्मचारी हैं। मेटा, मेटावर्स में बड़े पैमाने पर बैंकिंग पर भरोसा कर रहा है और आने वाले वर्षों में 10 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहा है। हालांकि, कंपनी को कथित तौर पर अपने एआर/वीआर हेडसेट्स के लिए चिप्स बनाने में संघर्ष करना पड़ा है जो थर्ड पार्टी




प्रोवाइडर्स द्वारा उत्पादित सिलिकॉन के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। मेटा (पूर्व में फेसबुक) को 2022 के लिए रियलिटी लैब्स के परिचालन घाटे में 13.7 बिलियन डॉलर का भारी नुकसान हुआ, जिससे उसके एआर-वीआर और मेटावर्स सपने को एक बड़ा झटका लगा।

रियलिटी लैब्स सेगमेंट में, चौथी तिमाही का राजस्व 727 मिलियन डॉलर था, जो क्वेस्ट 2 की कम बिक्री के कारण 17 प्रतिशत कम था। जुकरबर्ग के मेटावर्स प्रोजेक्ट की घोषणा के एक साल बाद, आंतरिक दस्तावेजों से पता चला था कि कंपनी गड़बड़ टेक्नोलॉजी, अरोचक यूजर्स और सफल होने के लिए क्या करना होगा इसके बारे में स्पष्टता की कमी से जूझ रही थी।

पिछले साल अक्टूबर में मेटा में एक प्रमुख लॉन्ग-टर्म निवेशक ने कहा था कि सोशल नेटवर्क को अपना मोजो बैक पाने के लिए मेटावर्स पर बहुत अधिक खर्च करना बंद करना होगा। मेटावर्स पर, अल्टीमीटर कैपिटल के अध्यक्ष और सीईओ ब्रैड गेर्स्टनर ने कहा कि लोग भ्रमित हैं कि मेटावर्स का मतलब क्या है। सोशल नेटवर्क ने पिछले साल से विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 21,000 नौकरियों में कटौती की है। पिछले महीने के अंत में मेटा ने क्वेस्ट 3 नामक एक नया मिश्रित वास्तविकता (एमआर) हेडसेट लॉन्च किया, जिसमें क्वेस्ट 2 की तुलना में सीन रिज़ॉल्यूशन में 30 प्रतिशत की वृद्धि और क्वेस्ट 2 की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक तेज़ ऑडियो रेंज थी।

## सार संक्षेप

### एयर इंडिया 23 अक्टूबर से कोलकाता-बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने बुधवार को घोषणा की कि वह आगामी त्योहारी सीजन के दौरान 23 अक्टूबर से कोलकाता और बैंकॉक के बीच एक नई नॉन-स्टॉप सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, एआई322 कोलकाता से रात 1 बजे उड़ान भरेगा, जबकि एआई321 बैंकॉक से दोपहर 3.5 बजे वापसी उड़ान भरेगा। एयरबस परिवार के विमान से संचालित होने वाली यह उड़ान इकोनॉमी और बिजनेस क्लास की दो-श्रेणी की होगी और छह दिन चलेगी, सोमवार से शनिवार तक। प्रवक्ता ने कहा, इस नई सुविधा से दोनों शहरों में पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, बैंकॉक के यात्रियों को एयर इंडिया के नेटवर्क पर थाईलैंड, लाओस और कंबोडिया के 1 लोकप्रिय गंतव्यों तक कनेक्टिंग फ्लाइट लेने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। प्रवक्ता के अनुसार, एयर इंडिया वर्तमान में दिल्ली और मुंबई से दैनिक नॉन-स्टॉप सेवाओं के साथ प्रति सप्ताह बैंकॉक के लिए कुल 14 उड़ानें संचालित करती है।

### रुपया चार पैसे कमजोर

**मुंबई।** आयातकों एवं बैंकरों कि लिवली के साथ ही शेयर बाजार में लगातार जारी गिरावट के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया चार पैसे कमजोर होकर 83.25 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.21 रुपये प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया दो पैसे फिसलकर 83.23 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान हुई लिवाली के दबाव में 83.27 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.19 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले दिवस के 83.21 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में चार पैसे कमजोर होकर 83.25 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

### नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म 'खुल के' लॉन्च

**नई दिल्ली।** स्वदेशी नेटवर्किंग ऐप 'खुल के' को लॉंच करने की आज घोषणा की गयी जिसका उद्देश्य भारतीयों को खुलकर अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना है। 'खुल के' के संस्थापक एवं सीईओ पीयूष कुलश्रेष्ठ ने यह घोषणा करते हुये कहा कि ऐप भारतीयों को एक-दूसरे से जुड़ने, घुलने-मिलने और सामूहिक लोकतंत्र में भागीदारी करने के तरीके में बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार है। यह ऐप ऑडियो-विजुअल कंटेंट तक पहुंच प्रदान करने के साथ सामुदायिक निर्माण की गतिविधियों में शामिल है। इस ऐप से समान विचार रखने वाले और उन्हें शेयर करने वाले लोगों से बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग के दौरान ही इस ऐप ने महीने दर महीने 1 से 15 प्रतिशत की दर से विकास किया है। इससे व्यापक नज़रिए के साथ सार्थक बातचीत को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐप देश के सामने ज्वलंत मुद्दों पर भारत के पद्म पुरस्कार विजेताओं के साथ शुरू की गई बातचीत और सभी की सार्थक भागीदारी से संपूर्ण इकोसिस्टम बनाने के मुद्दे पर अपनी रोशनी बिखेरने के लिए तैयार है।


# ब्याज दर में जल्द कमी नहीं होने के संकेत से शेयर बाजार लुढ़का

**मुंबई** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर धातु, पावर, रियल्टी, ऑटो और बैंकिंग समेत 17 समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में आज लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 286.06 अंक का गोता लगाकर 65226.04 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 92.65 अंक लुढ़ककर 19436.10 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.52 प्रतिशत टूटकर 31,877.06 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत गिरकर 37,428.66 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3795 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2387 में बिकवाली जबकि 1295 में लिवाली हुई वहीं 113 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियां गिरावट जबकि 11 तेजी पर रही वहीं दो के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 17 समूह लाल निशान पर रहे। इस दौरान कमोडिटीज 1.00, सीडी 1.01, ऊर्जा 0.73, वित्तीय सेवाएं 0.91, हेल्थकेयर 1.47, इंडस्ट्रियल्स 1.22, दूरसंचार 1.45, यूटिलिटीज 1.42, ऑटो 1.09, बैंकिंग 1.33, कैपिटल गुड्स 1.33, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.64, धातु 1.98, तेल एवं गैस 0.87, पावर 1.53, रियल्टी 1.83 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.02 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.13, जर्मनी का डैक्स 0.16 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत चढ़ गया




जबकि जापान का निक्केई 2.28 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.78 प्रतिशत गिर गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 181 अंक की गिरावट लेकर 65,330.65 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 64,878.77 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 65,332.52 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा लेकिन बिकवाली हावी रहने से अंत में यह पिछले दिवस के 65,512.10 अंक के मुकाबले 0.44 प्रतिशत टूटकर 65,226.04 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 82 अंक उतरकर 19,446.30 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,333.60 अंक के निचले जबकि 19,457.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,528.75 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत गिरकर 19,436.10 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स गिरावट पर रही 22 कंपनियों में एक्सिस बैंक ने सबसे अधिक 4.38 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही एसबीआई 2.82, एनटीपीसी 2.55, इंडसइंड बैंक 2.38, अल्ट्रासिमको 2.22, टाटा स्टील 2.11, बजाज फिनसर्व 2.03, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.93, मारुति 1.90, सन फार्मा 1.77, एलटी 1.52, टाटा मोटर्स 1.10, टेक महिंद्रा 0.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.91, आईटीसी 0.85, आईसीआईसीआई बैंक 0.69, रिलायंस 0.17, पावरग्रिड 0.15 और विप्रो के शेयर भी 0.14 प्रतिशत टूटे।

वहीं, नेस्ले इंडिया 2.91, एचडीएफसी बैंक 1.52, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.51, इंफोसिस 0.81, टीसीएस 0.61, एचसीएल टेक 0.25, भारती एयरटेल 0.08 और एशियन पेंट ने 0.04 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## आरबीआई रख सकता है रेपो रेट बरकरार, निकट भविष्य में कटौती बेहतर : उद्योग

**चेन्नई,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) रेपो रेट को मौजूदा स्तर पर बनाए रख सकती है, हालांकि निकट भविष्य में दर में कटौती बेहतर होगी। ये बात रियल स्टेट और फाइनेंशियल सेक्टर से संबंधित अधिकारियों ने कही है। एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक 4-6 अक्टूबर को होगी, फैसले की घोषणा आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास 6 अक्टूबर को करेंगे।

रमानी शास्त्री ने कहा, हाल के दिनों में व्यवसायों में उच्च निवेश के साथ अर्थव्यवस्था मजबूत दिख रही है। संपत्ति की कीमतों में सुधार और यील्ड में वृद्धि ने आवासीय संपत्तियों में निवेश को फिर से आकर्षक बना दिया है। शास्त्री ने कहा कि घर के मालिक होने के दीर्घकालिक लाभों से इस क्षेत्र में सतत विकास हुआ है। शास्त्री ने टिप्पणी की, इसलिए, हम 2023 तक मौजूदा नीति दरों को जारी रखने की उम्मीद करते हैं और निस्संदेह, निकट भविष्य में ब्याज दरों में और कटौती को प्राथमिकता दी जाएगी। आरयूलोन्स



डिस्ट्रीब्यूशन के संस्थापक और सीईओ कौशिक मेहता ने कहा, आगामी मौद्रिक नीति की बैठक ऐसे समय में हो रही है जब निवेशक सतर्क हैं लेकिन उम्मीदें कायम हैं। हमें उम्मीद है कि आरबीआई दर स्थिरता बनाए रखेगा, उधारकर्ताओं के लिए संभावनाएं प्रदान करेगा, विशेष रूप से होम लोन पर विचार करने वालों के लिए। मेहता ने कहा, यदि दर स्थिर बनी रहती है और अर्थव्यवस्था अपनी सकारात्मक गति बनाए रखती है, तो हम विशेष रूप से साल के अंत में, त्योहारी सीजन के कारण होम लोन में वृद्धि देख सकते हैं। केयर रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति को लेकर सतर्क रहते हुए विशेष रूप से त्योहारी सीजन के दौरान आर्थिक विकास को समर्थन देने को प्राथमिकता दे सकता है।

# दाल-दलहन में गिरावट

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं मांग उतरने से दाल-दलहन के भाव गिर गए।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा एक रिंगिट फिसलकर 3641 रिंगिट प्रति टन पर सपाट रहा। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की बढ़त के साथ 57.27 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपये, मसूर दाल 250 रुपये, मूंग दाल 150 रुपये, उड़द दाल 300 रुपये और अरहर दाल 400 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई।

**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# अमेजन ने कीमतें बढ़ाने के लिए सीक्रेट एल्गोरिदम का किया इस्तेमाल

**सैन फ्रांसिस्को,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने कथित तौर पर यह पता लगाने के लिए सीक्रेट एल्गोरिदम तैनात किया है कि वह अपने प्लेटफॉर्म पर कीमतें कितनी बढ़ा सकती है, जिससे कथित तौर पर कंपनी को अपना मुनाफा बढ़ाने में मदद मिले।

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने ई-कॉमर्स प्रमुख के खिलाफ संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) के एकाधिकार मुकदमे के संशोधित हिस्सों का हवाला देते हुए मंगलवार देर रात रिपोर्ट दी कि अमेजन ने प्रतिस्पर्धी तरीके से कीमतें बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट नेस्सी एल्गोरिदम का इस्तेमाल किया।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि अगर प्रतिस्पर्धी खुदरा विक्रेता कम कीमत बनाए रखते हैं, तो एल्गोरिदम स्वचालित रूप से अमेजन को उनकी सामान्य कीमत पर वापस ला देगा। कथित तौर पर प्रोजेक्ट नेस्सी ने अमेजन को अलग-अलग शॉपिंग




कैटेगिरी में अपनी कीमतें आर्टिफिशियल रूप से बढ़ाकर अपना मुनाफा बढ़ाने में मदद की। कंपनी ने कथित तौर पर 2019 में सीक्रेट एल्गोरिदम का उपयोग बंद कर दिया। एफटीसी के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, हम एक बार फिर अमेजन से कटौती को हटाने के लिए तेजी से आगे बढ़ने और अमेरिकी जनता को उनके अवैध एकाधिकारवादी व्यवहार का पूरा दायरा देखने की अनुमति देने का अनुरोध करते हैं। लीना खान के नेतृत्व वाले संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) और अमेरिका में 17 राज्य अटॉर्नी जनरल ने पिछले महीने अमेजन पर मुकदमा दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि ऑनलाइन खुदरा और प्रौद्योगिकी कंपनी एक एकाधिकारवादी है जो अवैध रूप से अपनी शक्ति को बनाए रखने के लिएइंटरलॉकिंग एंटी-कंपीटिटिव और अनुचित रणनीतियों का उपयोग करती है।

एफटीसी और उनके राज्य भागीदारों ने कहा कि अमेजन की कार्रवाइयां उन्हें प्रतिद्वंद्वियों और विक्रेताओं को कीमतें कम करने से रोकने, खरीदारों के लिए गुणवत्ता को कम करने, विक्रेताओं से अधिक शुल्क लेने, नवाचार को दबाने और प्रतिद्वंद्वियों को अमेजन के खिलाफ उचित प्रतिस्पर्धा करने से रोकने की अनुमति देती हैं। एफटीसी अध्यक्ष खान ने कहा, हमारी शिकायत बताती है कि कैसे अमेजन ने अपने एकाधिकार को गैरकानूनी रूप से बनाए रखने के लिए दंडात्मक और जबरदस्त रणनीति का इस्तेमाल किया है। शिकायत में आरोप लगाए गए हैं, जिसमें बताया गया है कि कैसे अमेजन अब खुद को समृद्ध करने के लिए अपनी एकाधिकार शक्ति का शोषण कर रहा है, कीमतें बढ़ा रहा है और लाखों अमेरिकी परिवारों के लिए सर्विस को खराब कर रहा है, जो इसके प्लेटफॉर्म पर खरीदारी करते हैं और सैकड़ों-हजारों व्यवसाय जो उन तक पहुंचने के लिए अमेजन पर निर्भर हैं।

# भूपेश ने मांगे बोनस के अटके 3700 करोड़

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर किसानों के बोनस पर लगे प्रतिबंध को हटाने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि किसानों के बोनस की राशि उनका न्यायोचित हक है। वर्ष 2014-15 और वर्ष 2015-16 के दो सालों की बोनस राशि के 3700 करोड़ रुपए किसानों को मिलने थे जो केंद्र सरकार द्वारा बोनस पर प्रतिबंध के चलते अटका हुआ है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि किसानों से वर्ष 2013 में वायदा किया गया था कि उनका एक-एक दाना खरीदा जाएगा, 2100 रुपए प्रति चिंटल की दर से धान खरीदा जाएगा और 300 रुपए प्रति चिंटल बोनस दिया जाएगा। वर्ष 2014 में केंद्र सरकार द्वारा कृषि उपजों पर बोनस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके चलते किसानों को वर्ष 2014-15 तथा वर्ष 2015-16 का बोनस नहीं मिल पाया। ये राशि 3700 करोड़ रुपए की है जो अब तक किसानों को अप्राप्त है।



■ बोनस पर लगे प्रतिबंध को भी हटाने लिखा पीएम को पत्र

मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि वर्ष 2013-14 में पूर्ववर्ती सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य जो कि 1350 रुपए प्रति चिंटल था, पर धान की खरीदी की। मई 2014 में केन्द्र में सरकार बनते ही केन्द्र सरकार द्वारा कृषि उपजों पर दिये जाने वाले बोनस पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया था, जिसके कारण पूर्ववर्ती सरकार में राज्य के किसानों को वर्ष 2014-15 तथा वर्ष 2015-16 का बोनस नहीं दिया।

किसानों के रोष के भय से केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 के लिये राज्य के किसानों को दिये जाने वाले बोनस के प्रतिबन्ध को हटा लिया गया। फलस्वरूप पूर्ववर्ती सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में खरीदे गये धान पर 300 रूपए प्रति चिंटल की दर से किसानों को बोनस दिया गया।

मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि वर्ष 2018 में उनकी सरकार के गठन के बाद केन्द्र सरकार द्वारा जून 2019 में धान खरीदी पर बोनस दिये जाने पर पुनः प्रतिबन्ध लगा गया, जो अभी भी जारी है। जिसके कारण देश के किसी भी किसान को कृषि उपज पर बोनस नहीं मिल पा रहा है।

मुख्यमंत्री ने किसानों के हितों की दृष्टि से प्रधानमंत्री से अनुरोध करते हुए लिखा है कि किसानों को दिये जाने वाले बोनस पर केन्द्र सरकार द्वारा लगाये गये प्रतिबन्ध को वापस लेने का कष्ट करें ताकि किसानों को उनके न्यायोचित हक की बकाया राशि प्राप्त हो सके।

## शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस व्हाया कटनी-जबलपुर-नैनपुर-छिंदवाड़ा के मार्ग से चलेगी

**बिलासपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं रेल, संचार, इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार अश्विनी वैष्णव कल दिनांक 05 अक्टूबर 2023 को प्रात: 10.15 बजे शहडोल स्टेशन से शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे । गाड़ी संख्या 11201/11202 शहडोल-नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का दैनिक परिचालन शहडोल एवं नागपुर के मध्य की जाएगी । इस ट्रेन के ठहराव उमरिया, कटनी साउथ, जबलपुर, नैनपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा एवं सौसर स्टेशनों पर दिए गए है । कल दिनांक 05 अक्टूबर को इस ट्रेन को उदघाटन स्पेशल के रूप में स्पेशल समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएगी इसके पश्चात यह जल्द ही घोषित की जाने वाली तिथि एवं अपने अन्य ठहराव वाले स्टेशनों पर नियमित समय-सारणी के अनुसार चलेगी ।

# चोरी के रुपयों से कवर्धा में 60 लाख का मल्टी जिम खोला और एक पल्सर बाइक भी खरीदी



**बिलासपुर** , 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश की राजधानी दिल्ली और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में 14 चोरियों के आरोपी लोकेश श्रीवास ने पूरक मेमोरेंडम में स्वीकार किया है कि उसने चोरी के रुपयों से कवर्धा में 60 लाख रुपए का मल्टी जिम खोला है । इसके साथ ही उसने 60 हजार रुपए की एक नई पल्सर बाइक भी खरीदी है । आरोपी श्रीवास के उक्त स्वीकारोक्ति कथन एवं निशानदेही के आधार पर कवर्धा से 60 लाख रुपए के मल्टी जिम की सामग्री व एक नई पल्सर बाइक को पुलिस ने विधिवत जप्त कर कार्यवाही की है। आरोपी श्रीवास मंगलवार तक बिलासपुर पुलिस की रिमांड पर था । श्रीवास दिल्ली की एक ज्वेलरी शॉप से सेंध लगाकर 20 करोड़ के सोने-हीरे के जेवरात और नगद राशि की चोरी का भी आरोपी है । उसे कल ही दिल्ली पुलिस, ट्रांजिट रिमांड पर वहां लेकर गई है दिल्ली पुलिस उससे गहन पूछताछ करेगी।

■ **20 करोड़ के आभूषणों की चोरी के आरोपी से अब दिल्ली पुलिस करेगी पूछताछ, ट्रांजिट रिमांड पर ले गई**

बिलासपुर पुलिस से मिली जानकरी के अनुसार 19 अगस्त 2023 को यहाँ के श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित 5 दुकानों एवं 25 अगस्त 2023 को सत्यम चौक से अग्रसेन चौक के बीच स्थित 5 बड़ी दुकानों में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था । सिविल लाइन पुलिस और एसीसीयू की टीम ने मुखबिर तंत्र की सूचनाओं और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरी की घटना के आरोपी शिवा चन्द्रवशी,उम्र 23 वर्ष, निवासी कवर्धा एवं मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास, उम्र 32 वर्ष, निवासी पांडातराई जिला कवर्धा को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने आरोपी श्रीवास के कब्जे से लगभग 12 करोड़ के सोने और हीरे के जेवरात व नगदी भी बरामद की थी। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास को अदालत की अनुमति से 3 दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की गई और पूरक मेमोरेंडम लिया गया। अपने पूरक मेमोरेंडम में उसने स्वीकार किया कि उसने चोरी किए रुपयों से कवर्धा में 60 लाख रुपए का मल्टी जिम बनवाया है । उस जिम में जितना भी सामान है, वह सब चोरी के पैसों से खरीदा गया है .

इसके साथ ही उसने चोरी के रुपयों से 60 हजार रुपए की एक नई पल्सर बाइक भी खरीदी है। पुलिस के अनुसार आरोपी लोकेश श्रीवास के उक्त स्वीकारोक्ति कथन एवं निशानदेही के आधार पर कवर्धा से 60 लाख रुपए का मल्टी जिम व एक नई पल्सर बाइक को विधिवत जप्त कर कर कब्जे में लिया गया है और आवश्यक कार्यवाही की गई है। दूसरी तरफ, लोकेश श्रीवास दिल्ली के भोगल मार्केट क्षेत्र में एक आभूषण की दुकान से 20 करोड़ रूपयों के आभूषणों और नगदी की चोरी का भी आरोपी है । दिल्ली पुलिस के अनुसार यह चोरी राष्ट्रीय राजधानी में हुई बड़ी चोरियों में से एक है .

घटना के अनुसार पिछले सप्ताह की शुरुआत में आरोपी, वहां के उमराव सिंह ज्वैलर्स नामक ज्वेलरी शॉप में सेंध लगाकर घुस गया और 20 करोड़ रुपये से अधिक के आभूषणों और पांच लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गया . पिछले सप्ताह ही, शुक्रवार को बिलासपुर, दिल्ली, दुर्ग और रायपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर श्रीवास को दुर्ग जिले से गिरफ्तार किया था ।

उसके कब्जे से लगभग 12 करोड़ रूपए के सोने और हीरे के आभूषण तथा 12 लाख 50 हजार रुपए नगद बरामद किये गए थे। आरोपी श्रीवास तीन अक्टूबर तक बिलासपुर में पुलिस रिमांड पर था । उसे कल मंगलवार को अदालत में पुनः पेश किया गया जहाँ दिल्ली पुलिस को आरोपी श्रीवास के लिए तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दे दी गई है। दिल्ली पुलिस, ट्रांजिट रिमांड अवधि के बाद अगले सात दिनों के भीतर अपनी जांच-पड़ताल पूरी कर आरोपी श्रीवास को बिलासपुर में पुनः पेश करेगी।

## सार-संक्षेप

### आप का चुनावी शंखनाद आज से
### पंजाब विधायक डॉक्टर अमनदीप कौर होगे शामिल

**बिलासपुर**,4 अक्टूबर ( देशबन्धु) । आम आदमी पार्टी द्वारा अपनी विधानसभा प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी करते ही अब चुनाव प्रचार का शंखनाद कल दिनांक 5 अक्टूबर 2023 को डॉक्टर अमनदीप कौर ( विधायक पंजाब) की गरिमामयी उपस्थिति में बिलासपुर विधानसभा में बदलाव यात्रा के साथ किया जाएगा। इस बदलाव पदयात्रा में बिलासपुर विधायक प्रत्याशी डॉ उज्वला कराडे प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।यह बदलाव पदयात्रा दोपहर 12 लाल बहादुर शास्त्री स्कूल से प्रारंभ होकर - गोल बाजार - सदर बाजार - मिशन हॉस्पिटल - चौक ईदगाह चौक - जेल रोड होते हुए अंबेडकर चौक पर खत्म होगी।अंबेडकर चौक में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात अतिथियों का स्वागत व उद्बोधन होगा और कार्यक्रम की समाप्ति होगी। इसी क्रम में कल दिनांक 5 अक्टूबर 2023 को ही शाम 4 बजे बिल्हा विधानसभा के हरदी स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय पंजाब विधायक डॉक्टर अमनदीप कौर महिला कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होकर महिला कार्यकर्ताओं एवं अन्य कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगी।इस महिला कार्यकर्ता सम्मेलन में बिल्हा विधानसभा प्रत्याशी सरदार जसवीर सिंह भी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही दोनों कार्यक्रमों में प्रदेश सचिव एवं प्रवक्ता एडवोकेट प्रियंका शुक्ला, लोकसभा प्रभारी अरुण नायर , जिला अध्यक्ष खगेश चंद्राकर, जिला सचिव प्रमोद पटेल एवं अन्य प्रदेश स्तर लोकसभा का जिला स्तर के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### खड़ी मेटाडोर से बैटरी चोरी करने वाले 2 चोर गिरफ्तार



**बिलासपुर**,4 अक्टूबर (देशबन्धु) । सकरी पुलिस ने खड़ी मेटाडोर से बैटरी चोरी करने वाले दो चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रामकुमार साहू निवासी फुलवारी लोरमी ने थाना सकरी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनाँक 03.10.23 की दरमियानी रात में शिवगंगा राइस मिल सकरी के पास अपने मेटाडोर को खड़ी कर हेल्पर के साथ सो गए थे जो सुबह उठकर देखे तो मेटाडोर में लगे बैटरी को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया जिसपर धारा 379 भादवि के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आवासपारा सकरी का विशाल सेन घटनास्थल के आसपास संदिग्ध अवस्था मे घुमते देखा गया है। संदेही विशाल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पहले तो चोरी करने से इंकार किया किंतु मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया और बताया कि अपने साथी महेन्द्र उर्फ मोनु प्रजापति के साथ मिलकर उसके मोटरसाइकिल बजाज पल्सर में जाकर बैटरी को चोरी करना स्वीकार किया जिसपर आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की बैटरी ,बजाज पल्सर मोटरसाइकिल ,एवं चोरी में उपयोग किये 02 नग पाना को विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।आरोपी विशाल सेन पिता बहोरिक सेन उम्र 19 वर्ष लगभग एवं महेंद्र प्रजापति पिता रामकुमार उम्र 24 वर्ष दोनों निवासी सकरी थाना सकरी को धारा 379,34 भादवि के तहत आज गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सकरी निरीक्षक राजेश मिश्रा , प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत कश्यप, आरक्षक संजय बंजारे ,कलेश्वर यादव, इन्द्रवान मरकाम एवं थाना स्टाफ सकरी का विशेष योगदान रहा।

### सड़क किनारे बैठी महिला से जेवरात से भरे पर्स की उठाईगिरी

**बिलासपुर,** 4 अक्टूबर(देशबन्धु)। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दयालबंद गुरुनानक स्कूल के पास रहने वाली प्रार्थिया ईश्वरी बाई यादव मंगलवार को अपने बेटे को टिफिन देने यामाहा शोरूम गई थी, जो वापस लौट रही थी तभी उसे चक्कर आने लगा, चलने की हालत में न होने पर वह सड़क किनारे बैठ गई, तभी इस दौरान अज्ञात उठाईगीरों ने उनका पर्स पार कर दिया जिसमें एक जोड़ी सोने का झुमका और मंगलसूत्र रखे थे। जिसकी अनुमानित कीमत 50 हजार रुपए बताई जा रही है। जब प्रार्थिया को होश आया तो उनका पर्स गायब था, उन्होंने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379-आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# विधायक धरमलाल कौशिक ने किया 13 करोड़ 50 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**बिलासपुर**,4 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र मे विधायक धरमलाल कौशिक द्वारा बिल्हा क्षेत्र के विभिन्न मंडल के ग्राम पंचायत मे विकास की दिशा मे किए जा रहे निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किए गया।



बोदरी मंडल के वार्ड क्रमांक 09 यातायात नगर परसदा मे शहरी स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 25 लाख के लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र का भूमि पूजन, ग्राम मोहदा मे जय स्तंभ के पास सीसी रोड निर्माण 3 लाख रुपये, 22 लाख लागत से विभिन्न गालियों मे सीसी रोड निर्माण, 1 करोड़ 84 लाख के लागत से पानी टंकी एवं पाइप लाइन, यादव समाज हेतु रंग मंच 3 लाख मोहदा से अटरा पहुच मार्ग 78 लाख रुपये केवट समाज के लिए 5 लाख के लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण रामायण मंच छज्जा निर्माण 5 लाख रुपये का लोकार्पण किया गया पथरिया मंडल के ग्राम बेढहाकापा मे रंगमंच के जीर्णोद्धार 2 लाख रुपये, ग्राम पुटपुरा में महामाया के पास सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख रुपये का भूमिपूजन, ग्राम छिनदभोग में 5 लाख रुपये के लागत से महामाया प्रांगण मे सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन, 10 करोड़ के लागत से पथरिया से ग्राम छिन्दभोग पहुच मार्ग का लोकार्पण, 1 करोड़ के लागत से पाइप लाइन एवं पानी टंकी निर्माण 15 लाख रुपये से अन्य निर्माण कार्य का आज ग्रामीणों के साथ मिल कर भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्य किया गया ।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री हरिशंकर वर्मा, बृज भूषण वर्मा, दुर्गेश नंदन कौशिक, नरेश कौशिक ग्यान कौशिक, निश्चल गुप्ता, रिंकू सिंह ठाकुर, रितेश यादव, हरि चरण घृतलहरे, छोटे लाल शर्मा ग्राम के सरपंच पंच, वरिष्ठ ज़न बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सुभाषचंद्र बोस का राष्ट्रवादी व्यक्तित्व एवं चिंतन राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत-अनुज धर

**बिलासपुर**,4 अक्टूबर (देशबन्धु)। डी.पी. विप्र महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान एवं आई.क्यू.ए.सी. विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'सुभाषचंद्र बोस का राष्ट्रवादी व्यक्तित्व' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान माला आयोजित हुई। जिसमें मुख्य वक्ता अनुज धर, पत्रकार एवं विचारक नई दिल्ली, अध्यक्षता अनुराग शुक्ला, अध्यक्ष प्रशासन समिति, डॉ. (श्रीमती) अंजू शुक्ला, प्राचार्य डी.पी. विप्र महाविद्यालय बिलासपुर उपस्थित रही।



अनुज धर ने अपने वक्तव्य में कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा है। उनका राष्ट्रवादी व्यक्तित्व एवं चिंतन हम सभी के लिए प्रेरणास्पद है। श्री अनुज जी ने नेताजी के जीवन के महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डाला। अनुराग शुक्ला ने सभी को नेताजी के जीवन एवं विचारों को आत्मसात करने की बात कही। प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) अंजू शुक्ला ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जीवन न केवल विद्यार्थियों बल्कि समस्त देशवासियों के लिये प्रेरणास्पद है। उनके द्वारा दिया गया जय-हिंद का नारा, प्रत्येक नागरिकों के जीवन में राष्ट्र प्रेम की भावना पैदा करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका 'ज्योतिर्मय' का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. एम.एस. तम्बोली, डॉ. विवेक अम्बलकर, प्रो. ए.श्रीराम, डॉ. आभा तिवारी, डॉ. खगेन्द्र सोनी, प्रो. निधीष चौबे डॉ. किरण दुबे, डॉ. ऋचा हाण्डा को ग्लोबल अम्बेस्डर ऑफ एजूकेशन एक्सलेंस अवार्ड 2023, नई दिल्ली द्वारा सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. एम.एस. तम्बोली तथा आभार प्रदर्शन डॉ. आभा तिवारी ने किया। इस अवसर पर श्रीमती सुनीता शुक्ला, डॉ. विभा मिश्रा, डॉ. अन्नू भाई सोनी, डॉ. मनीष तिवारी, अविनाश सेठी, डॉ. एम.एल. जायसवाल, डॉ. विवेक अम्बलकर, डॉ. सुषमा शर्मा, प्रो. ए.श्रीराम, डॉ. आशीष शर्मा, प्रो. निधीश चौबे, प्रो. तोषिमा मिश्रा, डॉ. सुरुचि मिश्रा, प्रो. विश्वास विक्टर, डॉ. ऋचा हाण्डा, डॉ. किरण दुबे, प्रो. रूपेन्द्र शर्मा,इ प्रो. यूपेश कुमार, प्रो. ईश्वर सूर्यवंशी, प्रो. बृजेश कुमार, प्रो. ज्योति तिवारी, प्रो. प्राची तिवारी, प्रो. लोकेश कुमार वर्मा, प्रो. सुचित दुबे, श्री सगराम चंद्रवंशी, तोरण प्रसाद, श्रीमती उपासना पाण्डेय, लक्ष्मी यादव, वीरेन्द्र साहू, जित्तू ठाकुर, गोविन्द सेठी, शिवा गेंदले, श्री आशीष चतुर्वेदी, चित्रकांत निरडवार, परिवेश दीवान, विकास सिंह, आशीष मिश्रा, उमेश साहू, बृजेश बोले, बलराम जायसवाल, हिमेश साहू, मनोज मेंसराम,अरूण नथानी, यश मिरानी, सुरेन्द्र अहिरवार, सचिन सूर्या, सन सूर्या, नीरज गोस्वामी, विक्रान्त श्रीवास्तव, प्रवीण देवांगन, यजूर तिवारी समस्त प्राध्यापक कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

# 8 सूत्रीय मांगों को लेकर डाक सेवक संघ ने किया धरना प्रदर्शन

**बिलासपुर**,4 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ बिलासपुर संभाग के सभी ग्रामीण डाक सेवक साथियों ने केन्द्रीय नेतृत्व जे.सी.सी. ए.आई.जी.डी. एवं एन.यू.जी.डी.एस. के आहवान पर आज पूरे देश भर में एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल किया।




बिलासपुर संभाग के समस्त ग्रामीण डाक सेवक के लोगों ने बताया कि हमारी निम्न मांगे हैं। जिसमें 1.8 घंटे का कार्य के साथ सभी सरकारी सुविधा कर्मचारी का दर्जा नियमितिकरण ।2. 3. 1.1.2016 से कमलेश चंद्र कमेटी की रिपोर्ट को पूर्ण रूप से लागू किया जाय । ग्रेविटी को 5 लाख किया जाय ।4.समयबद्ध वित्तिय उन्नयन 12, 24 एवं 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर दिया जाय ।5. समूह बीमा 5 लाख किया जाय ।6.180 दिनों की सवैतनिक छुट्टी को आगे बढ़ाने और नमदीकरण करना। 7. सभी प्रकार की इनसेन्टिव को बंद कर वर्क लोड में लिया जाय ।जी.डी.एस. के परिवारों को चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाय ।8. साथियों इन्हीं मांगों को लेकर हम लगातार हम सभी धरना प्रदर्शन, भुख हड़ताल करते आ रहे है हमारी समस्याओं पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है।

# भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने चुनावी रणनीति को लेकर ली बैठक

**बिलासपुर,**4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं आसाम एवं दिल्ली के प्रदेश प्रभारी व 4 बार के सांसद रहे बैजन्त जय पाण्डा ने आज यहॉ भारतीय जनता पार्टी कार्यालय भाजपा जिला कोरग्रुप, विधानसभा बिलासपुर एवं तखतपुर व बिल्हा क्षेत्र के कोरग्रुप समिति की बैठक संगठनात्मक विषय एवं चुनावी रणनीति को लेकर ली।




श्री पाण्डा बिलासपुर जिले के 6 विधानसभा क्षेत्र कोटा, बिलासपुर, बेलतरा बिल्हा, तखतपुर एवं मस्तूरी के संगठनात्मक चुनाव प्रभारी है। उन्होंने इसके पूर्व 2 अक्टूबर को कोटा, 3 अक्टूबर को मस्तूरी, बेलतरा एवं 4 अक्टूबर को बिलासपुर तखतपुर एवं बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के कोरग्रुप के सदस्यों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में संगठनात्मक रूप से चर्चा करते हुए सभी विधानसभा क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा की। श्री पांडा ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में मंडल से लेकर बूथ स्तर पर निरंतर भ्रमण कर सभी मतदाताओं से सत्त संपर्क बनाये रखे। इन सभी केन्द्रों में कार्यकर्ताओं का निरंतर उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराते रहें। श्री पांडा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। आप सभी केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी सभी मतदाताओं तक पहुॅचाते रहें। केन्द्र सरकार ने किसान, युवा, महिलाओं, श्रमिकों एवं सभी वर्गो को लिये योजनाएं तैयार की है। इन क्रांतिकारी योजनाओं की जानकारी लोगो तक पहुॅचाने की जिम्मेदारी आप सभी की है। आप सभी अभी से तन-मन से जुट जायें और आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाने कोई कोर कसर न बाकी न रखे। यह चुनाव जीतने सभी सदस्य अभी से कमर कस कर जुट जाये।

# मुख्य सचिव ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ली अधिकारियों की बैठक

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आगामी विधानसभा चुनाव संबंध में अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये है। आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान केन्द्रीय सशक्त पुलिस बल तैनात किये जायेगें इनके लिए सभी बुनियादी आवश्यकताओं जैसे आवास, परिवहन, राशन, पेयजल जलपूर्ति, स्वास्थ्य दवाई, इलाज, मोबाईल, टायलेट, बांस बल्ली सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये है। मुख्य सचिव ने चुनाव कार्य हेतु होम गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड और कोटवारों की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। बैठक में डी.जी.पी अशोक जुनेजा भी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि विधानसभा चुनाव हेतु सी.ए.पी.एफ की करीब 150 कम्पनियों का शीघ्र ही छत्तीसगढ़ आगमन होगा।



विधानसभा चुनाव हेतु अधिकारियों ने होम गार्ड की उपलब्धता के बारे में बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के करीब 6996 होम गार्ड बल उपलब्ध है। इनमें से करीब 3115 होम गार्ड की डयूटी विधानसभा चुनाव में लगायी जायेंगी।


**NECC**

| 05.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 503 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 195 |

डिलीवरी 518 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA



प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188